हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • गुरुवार • 02.04.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 245 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के धेमाजी जिले में विशाल चुनावी जनसभा को किया संबोधित, कहा

## भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक

एजेंसी

**गोगामुख (असम) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को असम के धेमाजी जिले में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की 'हैट्रिक' का दावा किया। उन्होंने कहा कि असम का यह चुनाव केवल राज्य की सरकार चुनने के लिए नहीं, बल्कि विकसित असम से विकसित भारत बनाने के संकल्प का चुनाव है।

### बाढ़ मुक्त असम और टेक्नोलॉजी हब का सपना

प्रधानमंत्री ने बताया कि 18,000 करोड़ रुपये की लागत से 'बाढ़ मुक्त असम मिशन' पर काम चल रहा है। उन्होंने असम को भविष्य का टेक्नोलॉजी हब बताते हुए कहा कि जल्द ही यहाँ सेमीकंडक्टर प्लांट से चिप उत्पादन शुरू होगा, जिससे राज्य की पहचान चाय के साथ-साथ तकनीक के क्षेत्र में भी वैश्विक स्तर पर बनेगी।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल हमेशा 'परिवारवाद' और वोट बैंक की राजनीति करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्य में अवैध घुसपैठियों को संरक्षण देने की कोशिश कर रही है, जबकि राजग सरकार अतिक्रमण मुक्त असम और आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए संकल्पित है।



> यह मोदी की गारंटी है कि असम अब और भी अधिक तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। – नरेन्द्र मोदी

### यूसीसी और आदिवासी संस्कृति पर बड़ा वादा

प्रधानमंत्री ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि असम में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि छठी अनुसूची के क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदायों की परंपराओं और संस्कृति की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। भाजपा अपने वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और असम की पहचान को बचाने का यह एक बड़ा संकल्प है।

### विकास की 'डबल इंजन' सरकार का रिपोर्ट कार्ड

पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियां गिनाते हुए पीएम ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा असम के 22 लाख परिवारों को पक्के घर दिए जा चुके हैं और भविष्य में 15 लाख और घरों की गारंटी है। अब तक 3 लाख महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, जिसे 40 लाख तक पहुँचाने का लक्ष्य है। कांग्रेस ने 60 वर्षों में ब्रह्मपुत्र पर केवल 3 पुल बनाए, जबकि भाजपा ने 10 वर्षों में 5 बड़े पुल बनाकर कनेक्टिविटी को आसान किया है। राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 6 से बढ़ाकर 14 कर दी गई है।

## असम चुनाव में उतरीं कल्पना सोरेन
### चबुआ में झामुमो प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

एजेंसी

**चबुआ :** असम विधानसभा चुनाव के तहत चबुआ सीट पर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में विधायक कल्पना सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी भूबेन मुरारी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए मतदाताओं से समर्थन की अपील की।

चुनावी अभियान के दौरान कल्पना सोरेन ने चबुआ विधानसभा क्षेत्र के चाय बागानों का दौरा किया, जहां उन्होंने मजदूरों से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने मजदूरों की समस्याओं को करीब से समझने की कोशिश की और उनके सामाजिक एवं आर्थिक हालात की जानकारी ली।

जनसंपर्क अभियान के दौरान नेताओं ने लोगों से झामुमो प्रत्याशी को समर्थन देने की अपील की और भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। पार्टी की ओर से स्थानीय मुद्दों रोजगार, मजदूरी और बुनियादी सुविधाओं को चुनावी एजेंडा बनाया गया है। चुनावी माहौल के बीच इस तरह का सीधा संवाद झामुमो के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे पार्टी क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है।



### जोबा मांझी भी रहीं साथ, सुनीं जमीनी समस्याएं

इस मौके पर जोबा माझी भी मौजूद रहीं। दोनों नेताओं ने चाय बागान में कार्यरत श्रमिकों से बातचीत कर उनके जीवन स्तर, रोजगार की स्थिति और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। मजदूरों ने भी अपनी समस्याएं खुलकर सामने रखीं।

## एक नजर

### कोलकाता : 4.54 की विदेशी मुद्रा के साथ 3 गिरफ्तार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 4.54 करोड़ मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की है। इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पार्क स्ट्रीट थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान यह कार्रवाई की गई। आयकर विभाग को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर अधिकारियों ने अभियान चलाया। इस दौरान चार लाख 75 हजार अमेरिकी डॉलर और तीन लाख थाई बहत बरामद किए गए। भारतीय मुद्रा में इनकी कुल कीमत चार करोड़ 54 लाख 82 हजार 500 रुपये आंकी गई है। जांच अधिकारियों के अनुसार, जिन तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है, वे इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा रखने के संबंध में संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद विभाग ने नियमानुसार मामला दर्ज कर उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया।

### सेना के 49वें उप प्रमुख बने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ

**नयी दिल्ली :** भारतीय सेना के 49वें उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लान में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। लगभग चार दशकों के कार्यकाल में उन्हें विभिन्न भू-भागों और संघर्षपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने का अनुभव है, जिसमें आतंकवाद विरोधी अभियान भी शामिल हैं।

### अनिल अंबानी के खिलाफ चौथा केस दर्ज

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने जीवन बीमा कंपनी एलआईसी को कथित तौर पर 3,750 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप में उद्योगपति अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ नया मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह मामला भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की शिकायत पर दर्ज किया गया है और इसमें आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए हैं। यह रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज हुआ कुल चौथा मामला है।

## झारखंड विधानसभा: 2026-27 के लिए 25 समितियों का गठन

- महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्षता कल्पना मुर्मू सोरेन करेंगी
- नियम समिति, विशेषाधिकार समिति और याचिका समिति के सभापति स्वयं विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो होंगे
- प्राक्कलन समिति की जिम्मेदारी हेमलाल मुर्मू को दी गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा सचिवालय की ओर से वर्ष 2026-27 के लिए कुल 25 समितियों का गठन किया गया है। यह गठन विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में किया गया है। सभी समितियों का कार्यकाल एक वर्ष या पुनर्गठन तक रहेगा।

जानकारी के अनुसार नियम समिति, विशेषाधिकार समिति और याचिका समिति के सभापति स्वयं विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो होंगे। याचिका समिति में उदय शंकर सिंह, नागेन्द्र महतो, ममता देवी और निर्मल महतो को सदस्य बनाया गया है।

लोक लेखा समिति का सभापति मनोज कुमार यादव को बनाया गया है। प्राक्कलन समिति की जिम्मेदारी हेमलाल मुर्मू को दी गई है। सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति निरल पुरती होंगे, जबकि प्रत्यायुक्त विधान समिति की कमान सरयू राय को सौंपी गई है।



अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सभापति स्टीफन मरांडी बनाए गए हैं। महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्षता कल्पना मुर्मू सोरेन करेंगी। आवास समिति के सभापति दशरथ गागरई होंगे।

प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति की जिम्मेदारी बसंत सोरेन को दी गई है। सरकारी आश्वासन समिति के सभापति अरूप चटर्जी और शून्यकाल समिति के सभापति भूषण तिर्की बनाए गए हैं। विधायक निधि अनुश्रवण समिति की कमान चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह को सौंपी गई है। पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति उदय शंकर सिंह होंगे। जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति के सभापति प्रदीप यादव बनाए गए हैं। गैर सरकारी संकल्प समिति की जिम्मेदारी प्रकाश राम को दी गई है।

पुस्तकालय विकास समिति के सभापति सत्येन्द्र नाथ तिवारी और अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के सभापति सुरेश पासवान बनाए गए हैं। निवेदन समिति की कमान उमाकान्त रजक को सौंपी गई है, जबकि सदाचार समिति के सभापति रामचन्द्र सिंह होंगे।

युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति की अध्यक्षता सविता महतो करेंगी। सामान्य प्रयोजन समिति की जिम्मेदारी नीरा यादव को दी गई है। आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति के सभापति रामेश्वर उरांव होंगे। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले समिति के सभापति विकास कुमार मुंडा बनाए गए हैं।

## रूस का सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त, 29 लोगों की मौत

एजेंसी

**मास्को :** क्रीमिया में रूसी एएन-26 सैन्य परिवहन विमान एक चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान सवार 29 लोगों की मौत हो गई। इनमें 23 यात्री और छह क्रू सदस्य शामिल हैं।

तास न्यूज एजेंसी ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से रिपोर्ट में बताया कि इस सैन्य परिवहन विमान से संपर्क 31 मार्च को मास्को के समय के अनुसार शाम लगभग 6:00 बजे (जीएमटी 3:00 बजे) क्रीमिया के ऊपर एक नियमित उड़ान के दौरान टूट गया था। मंत्रालय ने कहा, खोज और बचाव दल ने विमान के दुर्घटनास्थल का पता लगा लिया है। विमान में सवार छह क्रू सदस्यों और 23 यात्रियों की मौत हो गई है।



मंत्रालय का अनुमान है कि यह दुर्घटना संभवतः किसी तकनीकी खराबी के कारण हुई। एएन-26 एक हल्का सामरिक सैन्य परिवहन विमान है।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच दिल्ली में प्रधानमंत्री ने की हाई लेवल बैठक

एजेंसी


**नयी दिल्ली :** वेस्ट एशिया में बिगड़ते हालात ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। इस तनाव का सीधा असर भारत की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था पर न पड़े, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोर्चा संभाल लिया है। बुधवार को प्रधानमंत्री आवास पर एक के बाद एक दो महत्वपूर्ण बैठकें शुरू हुईं। सबसे पहले सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की मीटिंग बुलाई गई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जैसे दिग्गज नेता मौजूद रहे। इस मीटिंग का मुख्य एजेंडा युद्ध के कारण पैदा हुए सुरक्षा खतरों और वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। की मीटिंग के ठीक बाद आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक भी होगी। इसमें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी शामिल होने पहुंचे हैं। इस बैठक का उद्देश्य युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमतों और सप्लाई चेन पर पड़ने वाले असर का विश्लेषण करना है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता के बावजूद भारत में जरूरी चीजों की किल्लत न हो।



वेस्ट एशिया और मिडिल ईस्ट भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में नौसेना और वायुसेना की तैयारियों पर भी चर्चा हुई ताकि किसी भी इमरजेंसी में त्वरित एक्शन लिया जा सके। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हर बदलती परिस्थिति पर पैनी नजर रखें और राज्यों के साथ तालमेल बनाए रखें।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप आज ईरान के संबंध में राष्ट्र को करेंगे संबोधित

एजेंसी



**वाशिंगटन :** व्हाइट हाउस ने घोषणा की है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारतीय समयानुसार आज सुबह 7.30 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। वह ईरान के संबंध में देश को महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। 28 फरवरी से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग के बीच व्हाइट हाउस की इस घोषणा से यह साफ है कि ट्रंप कोई बड़ा ऐलान कर सकते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक्स पोस्ट पर लिखा, "देखना न भूलें। कल रात 9 बजे (पूर्वी समय 'ईटी') राष्ट्रपति ट्रंप ईरान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए राष्ट्र को संबोधित करेंगे।" कैरोलिन की पोस्ट ऐसे समय पर आई है जब ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच सीधी बात चल रही है। हालांकि ईरान ने इससे इनकार किया है। उसने यह जरूर माना है कि मध्यस्थों के जरिये दोनों देशों के बीच संदेशों का आदान प्रदान हुआ है।

## झारखंड में वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा 24 घंटे में मांगी गई अंगरक्षकों की रिपोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्यभर में वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को 24 घंटे के भीतर अंगरक्षकों (बॉडीगार्ड) से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

पुलिस मुख्यालय से जारी निर्देश के अनुसार, सभी जिलों को यह जानकारी देनी होगी कि किन-किन विशिष्ट (वीआईपी), अति विशिष्ट (वीवीआईपी) और अन्य व्यक्तियों को सुरक्षा के तहत अंगरक्षक उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को तैनात अंगरक्षकों की संख्या, उनकी तैनाती की अवधि और उनके पास उपलब्ध हथियारों का पूरा विवरण भी देना अनिवार्य किया गया है।



दरअसल, कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के गुर्गे राणा राहुल प्रताप को अंगरक्षक उपलब्ध कराए जाने के खुलासे के बाद पुलिस मुख्यालय हरकत में आया है। इस मामले ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब यह जांच की जा रही है कि अपराधियों या उनके सहयोगियों को किन परिस्थितियों में सुरक्षा दी गई और इसमें कहीं नियमों का उल्लंघन तो नहीं हुआ। इसी के आधार पर राज्यभर में वीआईपी सुरक्षा की व्यापक समीक्षा की जाएगी।

## खालिस्तानी आतंकी सुखजिंदर सिंह बब्बर ने बीजेपी दफ्तर के बाहर कराया बम ब्लास्ट

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी के दफ्तर के बाहर हुए बम ब्लास्ट की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी सुखजिंदर सिंह बब्बर ने ले ली है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा गया है, 1 अप्रैल 2026 को चंडीगढ़ सेक्टर-37 में हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी सुखजिंदर सिंह बब्बर लेता है। हम भारतीय सिस्टम को बताना चाहते हैं कि उसके पास पंजाब के सिख युवाओं को खत्म करने के जितने मर्जी हथकंडे अपना लो। दसमेश पिता (गुरु गोविंद सिंह जी) का खालसा पंथ इसकी उचित जवाबी कार्रवाई करेगा। गुरदासपुर में रणजीत सिंह के हत्यारों को भी नहीं बख्शा जाएगा। हमारे सिर पर दसमेश पिता का हाथ है। पंजाब की धरती खालसा की धरती है। पंजाब में खालिस्तान बनेगा। खालिस्तान जिंदाबाद। खालसा राज करेगा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के कार्यालय के बाहर बुधवार शाम हुए विस्फोट से अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने इलाके को घेर लिया। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रकोष्ठ के प्रमुख विनीत जोशी ने बताया कि शाम लगभग पांच बजे ये आवाजें सुनाई दीं। सेक्टर 37 में इमारत के बाहर खड़ा एक स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गया।

## यूपीआई और डिजिटल पेमेंट्स के लिए 'टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन' अनिवार्य, लागू हुए नए नियम

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत में बढ़ते डिजिटल लेन-देन के बीच ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सख्ती बढ़ा दी है। 1 अप्रैल 2026 से लोकप्रिय यूपीआई (यूपीआई) प्लेटफॉर्म सहित सभी डिजिटल पेमेंट्स के लिए टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अनिवार्य हो गया है। आरबीआई के इस कदम से अब केवल पिन डालकर पेमेंट करना संभव नहीं होगा, इससे ग्राहकों की गाढ़ी कमाई पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हो जाएगी।

### क्या हैं नए नियम और इसका असर?

आरबीआई के निदेशों के अनुसार, बैंक और गैर-बैंक संस्थाओं सहित सभी भुगतान प्रणाली सेवा का संचालन करने वाली कंपनियों और प्रतिभागियों को 1 अप्रैल, 2026 तक इन दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य था। केंद्रीय बैंक ने बैंक धोखाधड़ी को कम करने और जवाबदेही में सुधार के लिए यह व्यवस्था लागू की है।

दोहरे सत्यापन की अनिवार्यता: आज से उपयोगकताओं को केवल अपना यूपीआई पिन दर्ज करके लेन-देन करने की अनुमति नहीं मिलेगी। इसके बजाय, उन्हें वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी), फिंगरप्रिंट ऑथेंटिकेशन या फेशियल रिकॉग्निशन के जरिए ट्रांजैक्शन को वेरिफाई करना होगा।




पिन चोरी होने पर भी सुरक्षा: इस नियम का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यदि किसी को आपका पिन पता भी चल जाए, तो भी दोहरे सत्यापन के बिना अनधिकृत भुगतान सफल नहीं हो सकेंगे।

ओटीपी का बढ़ता उपयोग: आरबीआई ने सभी डिजिटल पेमेंट्स के लिए 2FA अनिवार्य किया है और वर्तमान में डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम ने मुख्य रूप से एसएमएस-आधारित वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) को इस अतिरिक्त कारक के रूप में अपनाया है।

बैंकिंग एप में स्क्रीनशॉट और रिकॉर्डिंग पर पूरी तरह से प्रतिबंध भुगतान सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए, उपयोगकर्ता अब किसी भी बैंकिंग ऐप में स्क्रीनशॉट या स्क्रीन रिकॉर्डिंग नहीं ले सकेंगे। किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से उपयोगकर्ता को बचाने के लिए इसे पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि ओटीपी दर्ज करने की प्रक्रिया के कारण लेन-देन में कुछ सेकंड की देरी हो सकती है।

## एक नजर

### बाल संस्कार केंद्र की आचार्यों की बैठक आयोजित



**बरही** : डॉ बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित बाल संस्कार केन्द्र चलाने वाले शिक्षक मातृशक्ति की कार्यशाला दिनांक 31 मार्च 2026 रविवार 11.00 बजे से 1.00 बजे तक होटल आकाश पैलेस गया रोड़ बरही में आयोजित की गई। एक तुरिया टोला पडिरमा के शिक्षिका श्रीमति सीमा देवी जी अपरिहार्य कारण अचानक मैके जाने के नाते मात्र चार शिक्षिका के बीच ही कार्यशाला संपन्न हुई। क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने विगत संपन्न माह के उपस्थिति पुस्तिका का बारीकी के अवलोकन एवं आगामी अप्रैल माह के पाठ्यक्रम के अनुसार संस्कार केन्द्र के बच्चों के बीच अक्षरश: स्मरण कराने के लिए प्रेरित किए। फरवरी माह में सभी बाल संस्कार केन्द्र में सेवा सप्ताह के अंतर्गत एक सप्ताह तक सतत विभिन्न प्रकार के सेवा उपक्रम होने से उत्साह के साथ उपस्थिति बढ़ गई है, ऐसा ध्यान में आया। इस बार विशेष रूप से बरही इंटर महाविद्यालय के पूर्व व्याख्याता रामपदार्थ शर्मा ने बताएं कि समाज के अंत्योदय अर्थात अंतिम पावदान पर अवस्थित बच्चों के प्रगति पर ही देश का उत्थान है। सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ कृष्णा प्रसाद केशरी जी ने उपस्थित शिक्षिकाओं को संस्कारक्षम बच्चों को नागरिक बनाने में स्वयं का योगदान के लिए आशीर्वचन प्रदान किए। शाखा सेवा कार्यकर्ता डॉ बिनोद जी ने 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता अंबेडकर जयंती पर संस्कार केन्द्र के बच्चों द्वारा कुछ विशेष उपक्रम प्रस्तुति के लिए संदेश दिए। कल्याण मंत्र के साथ कार्यशाला पूर्ण हुआ।

### घायल युवक की मौत जांच में जुटी पुलिस

पूर्वी सिंहभूम: गोलमुरी थाना क्षेत्र के टुइलाडुंगरी निवासी 20 वर्षीय कमलजीत सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। बुधवार को मृतक के पिता मनोज सिंह ने बताया कि उनके बेटे पर मिलन सिंह नामक युवक ने शराब के नशे में चापड़( तेज धारदार हथियार) से जानलेवा हमला किया था। गंभीर रूप से घायल कमलजीत को तुरंत एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के बाद 12 मार्च को स्थिति में हल्का सुधार होने पर उसे फिर से एमजीएम अस्पताल भेजा गया था। वहां इलाज के बाद उसे छुट्टी भी दे दी गई थी।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने की विष्णुगढ़ घटना की न्यायिक जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : विष्णुगढ़ में पिछले दिनों 12 वर्षीय बच्ची की हत्या के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि 12 वर्षीय बच्ची की हत्या व्यथित करने वाली घटना है। इतनी कम उम्र में हत्या होना बच्ची की मानवाधिकार का हनन है। इसकी जांच होनी चाहिए। राष्ट्रीय महासचिव संजय सुमन ने कहा कि विष्णुगढ़ की घटना आज के सभ्य समाज के लिए कलंक है। एक बच्ची की निर्मम हत्या किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है। ऐसे आरोपियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी ने कहा कि विष्णुगढ़ की घटना मानवता एवं इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना है। अब तक जो जांच में कुछ बातें सामने आई है उससे रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना प्रतीत हो रही है। इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव ने कहा कि विष्णुगढ़ की घटना से एक बात स्पष्ट हो गया है कि बहुत जल्द किसी पर भरोसा नहीं करनी चाहिए। जो बातें सूत्रों के आधार पर प्राप्त हो रही है। उससे पता चलता है कि हमारा समाज एवं सामाजिक भावना कहां जा रही है। प्रदेश संयोजक भरत यादव ने कहा कि विष्णुगढ़ की घटना ने न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे देश में को शर्मसार करने वाली है। हत्या किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदेश सचिव प्रो हीरामन साव ने कहा कि सभी को जीने का अधिकार है। हत्या कर एक बच्ची का मौलिक अधिकार छीना गया। ऐसे में बच्ची की हत्या के आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए। प्रदेश विधि सचिव डॉ सुनील कुमार दत्त ने कहा कि इस तरह की घटना सामाजिक एवं सभ्य समाज के लिए ठीक नहीं है। इस तरह की घटना पर रोक लगनी चाहिए। पुलिस जांच कर रही है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह को भावभीनी विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग हजारीबाग में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति के अवसर पर "स्नेह मिलन" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, सदस्य लाल दास चौधरी, अशोक कुमार मल्लिक, बबीता कुमारी, ऋचा प्रिया सिन्हा तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, भारत माता पूजन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का परिचय वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने कराया। उन्होंने कहा कि आचार्य शैलेंद्र कुमार सिंह विद्यालय के स्थापना काल से ही इसके विकास और उन्नति में निरंतर योगदान देते रहे हैं। उन्होंने बताया



कि वर्ष 1992 से आचार्य के रूप में उन्होंने अपनी सेवाएं निष्ठापूर्वक प्रदान कीं और विद्यालय के एक मजबूत स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफल निर्वहन किया। अपने संबोधन में सचिव ज्ञानचंद प्रसाद मेहता ने कहा कि शैलेंद्र कुमार सिंह शालीन और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। उन्होंने लगभग 34 वर्षों तक विद्या भारती की शिक्षण परंपरा के अनुरूप विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा, "एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि वह जीवनभर समाज को मार्गदर्शन देता रहता है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण को लेकर भाजपा का एकदिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अंतर्गत गोंसाई बलिया पंचायत भवन में एस आई आर को लेकर बीएओ 2 एवं बुथ अध्यक्षों के साथ एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं वंदे मातरम गान के साथ किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय यादव एवं संचालन सुमन गिरि ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हजारीबाग जिला मंत्री सह कार्यक्रम संयोजक कुणाल किशोर दुबे ने विस्तार पूर्वक एसआईआर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अवैध मतदाता को चिह्नित कर बिएलओ के साथ मिलकर पार्टी के द्वारा बिएलओ 2 बनाया गया है ,जो एकसाथ मिलकर कार्य करना है,



संदिग्ध वोटरों को हटाना है, नये मतदाता को जोड़ना है साथ ही साथ विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज में मतदाताओं को सहयोग करना है। मौके पर मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक कुणाल किशोर दुबे, पुर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, मनीष पांडे, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, सुमन गिरि, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, अशोक साव, किशोर राणा, कृष्णा गुप्ता, बिनोद महतो, भगीरथ ठाकुर, विष्णु गुप्ता, देवेन्द्र कुमार, कुंवर महतो, हिरालाल साव, सचिदानंद पांडेय, तुलसी पासवान, मनोज प्रभाकर, बंधन प्रजापति, सुरज कुमार, विकास कुमार यादव, उदय चौधरी, बजरंग नायक, गणेश प्रजापति, सुनिल प्रजापति, आशिश कुमार, उमाशंकर महतो, प्रमेश गिरी, अनिता देवी, नारायण कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 13 अप्रैल की तीर्थ यात्रा को लेकर चौपारण में बैठक, चयन प्रक्रिया और व्यवस्था पर चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत देहर से 13 अप्रैल को प्रस्तावित सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में ग्राम भदान स्थित जन्मेजय कुमार सिंह के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता देहर शक्तिकेंद्र के संयोजक कैलाश पांडेय ने की, जबकि संचालन पंचायत सारथी जन्मेजय कुमार सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने तीर्थ दर्शन यात्रा की विस्तृत रूपरेखा, पात्रता मापदंड, चयन प्रक्रिया तथा भ्रमण स्थलों पर विस्तार से चर्चा की। जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि एवं यात्रा प्रभारी द्वारिका



सिंह उर्फ खोखा सिंह, सह प्रभारी जुगनू सिंह, बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, सह सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, रंजित चंद्रवंशी, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, चौपारण पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि आशीष कुमार सिंह तथा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष देव कुमार दांगी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में स्थानीय कार्यकताओं ने भरोसा जताया कि पात्रता के अनुरूप यात्रियों का चयन पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। साथ ही, यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को सम्मानपूर्वक स्वागत कर विधिवत विदा किया जाएगा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसी योजनाएं समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का काम करती हैं और धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत बनाती हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे जनकल्याणकारी पहल बताया। बैठक में इसके अलावा मनोज सिंह, जयंत सिंह, विनय सिंह, बेलू सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पहाड़ी शिव मंदिर निर्माण को लेकर बैठक, शामिल हुए ज़िप उपाध्यक्ष



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामु गांव के पहाड़ी शिव मंदिर निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव शामिल हुए। बैठक के दौरान मंदिर निर्माण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों ने मिलकर मंदिर के विकास, संरचना एवं सहयोग को लेकर अपनी-अपनी विचार रखा। वहीं ज़िप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने सभी ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मंदिर निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा तथा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मौके पर मुख्य दशरथ रजक, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, नकुलदेव सिंह, विकास रजक, प्रदीप रजक, राजेश रजक, लालमनी साव, हकीम मियां, अनवर मियां, लखन रजक, पवन कुमार, सतीश साव, दुखनी देवी, लीलावती देवी, अनु देवी, देवकी देवी, कलावती देवी, उमा देवी, सबीता देवी, रीता देवी, शकुनी देवी सहित कई महिला पुरूष ग्रामीण शामिल हुए।

## जैन समाज ने अस्पताल, वृद्धाश्रम एवं दिव्यांग बच्चों के बीच खाद्य सामग्री का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : महावीर जयंती के शुभ अवसर पर दिगंबर जैन पंचायत हजारीबाग के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा सदर अस्पताल के मरीज, कार्यरत कर्मचारी, ओल्ड एज होम के सम्मानित बुजुर्गों तथा दिव्यांग बच्चों के बीच फल बिस्किट एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष नागेंद्र जी विनायका उपाध्यक्ष जेपी जैन विनायका महामंत्री संजय जैन अजमेरा मीडिया प्रभारी विजय जैन लुहाड़िया एवं फल वितरण कार्यक्रम के संयोजक विमल जी छाबड़ा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया महावीर जयंती महापर्व के संयोजक जेपी जैन विनायका ने बताया कि इस तरह के कार्य से आपस में प्रेम भाईचारा तथा जरूरतमंद लोगों के प्रति कुछ कर गुजरने की प्रेरणा मिलती है अध्यक्ष नागेंद्र जैन विनायका ने कहा कि जैन समाज सामाजिक कार्यों में सदैव



अग्रणी भूमिका निभाता है तथा जियो और जीने दो के सिद्धांत पर सदैव कार्य करता है महामंत्री संजय जैन अजमेरा ने कहा कि भगवान महावीर के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना हमारा परम कर्तव्य है इसलिए इस तरह के सामाजिक कार्यों में हम अपनी सहभागिता बढ़ चढ़कर निभाते हैं मीडिया प्रभारी विजय जैन लुहाड़िया ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक विमल जी छाबड़ा ने कहा कि हम सभी मिलजुल कर एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना रखेंगे तो इससे सामाजिक समरसता की भावना का विकास होगा।

# कोयला लदे हाइवा के चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी** : जोरदाग स्थित पब्लिक सड़क पर आज एक बार फिर तेज रफ्तार और भारी वाहनों के कहर ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं! चट्टी बारियातु निवासी सुनील सोनी की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एनटीपीसी परियोजना से जुड़े भारी वाहन की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनटीपीसी की खनन परियोजना शुरू होने के बाद से क्षेत्र की सड़कों पर भारी वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता गया है,जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद न तो सुरक्षित सड़क व्यवस्था की गई,न ही भारी वाहनों



की रफ्तार पर नियंत्रण लगाया गया।

लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर कब तक बड़कागांव-केरेडारी क्षेत्र की जनता अपनी जान गंवाती रहेगी

**विकास नहीं, मौत का रास्ता बन गई सड़क**

ग्रामीणों का आरोप है कि एनटीपीसी और कोयला ढुलाई में लगे वाहनों की लापरवाही ने आम लोगों का सड़क पर चलना तक मुश्किल कर दिया है। जो सड़क कभी ग्रामीणों के आवागमन का साधन थी,आज वही मौत का रास्ता बन चुकी है।

**हर दिन धूल,धुआं,शोर और भारी**

वाहनों की बेतहाशा आवाजाही से लोग परेशान हैं और अब लगातार हो रही मौतों ने लोगों के सब्र का बांध तोड़ दिया है, घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने कहा कि एनटीपीसी सिर्फ क्षेत्र की जमीन और संसाधन ले रही है,लेकिन बदले में यहां के लोगों को मिल रही है सिर्फ मौत धूल और बबार्दी। स्थानीय लोगों की मांग है कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए ओर दोषी वाहन चालक पर कड़ी कार्रवाई हो। पब्लिक रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पर तुरंत रोक लगे ओर सड़क सुरक्षा के लिए स्पीड कंट्रोल,बैरियर और निगरानी व्यवस्था लागू हो।

## संक्षिप्त खबरें

### भामाशाह विद्यालय में परीक्षाफल परिणाम घोषित



**बरही** : बरही के भामाशाह विद्यालय में बुधवार को वार्षिक परीक्षा फल परिणाम घोषित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू समाज मुखिया सह विद्यालय पदेन सदस्य सुरेश साहू, सफल व्यवसाई संजय जैन प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय,पूर्व सचिव उमेश कुमार साव मुख्य रूप से मौजूद रहे।अतिथि परिचय प्रभारी राजू कुमार ने करवाया तथा मंच संचालन परीक्षा प्रमुख धीरज कुमार ने किया। इस मौके पर मेधावी बच्चों के बीच पुरस्कार सफल व्यवसायी संजय जैन के सौजन्य से वितरण किया गया। परीक्षा परिणाम कक्षा अरुण से नवम तक के कुल 843 भैया बहनों के बीच घोषित किया गया । इस मौके पर लगभग 488अभिभावक उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी है जो भी भैया बहन प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान से वंचित रह गए उन्हें कड़ी मेहनत की आवश्यकता है तथा अपनी पढ़ाई की रफ्तार को और तेज करने की जरूरत है। कोषाध्यक्ष सुरेश साहू ने कहा कि बच्चों को अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य को स्थापित कर के अभ्यास करना चाहिए। संजय जैन ने भैया बहनों को सफलता प्राप्ति के निर्देश देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही सफल भैया बहनों को शुभकामनाएं प्रदान की।धन्यवाद ज्ञापन आचार्य निर्भय कुमार सिंह ने किया। सभी कक्षाचार्य जी उपस्थित रह कर अपने भैया बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मौर्य पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**बड़कागांव** : कांडतरी में संचालित मौर्य पब्लिक स्कूल का 2025-26 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल के निर्देशक रामचंद्र कुमार एवं संतोष कुमार सिंह की देखरेख में परीक्षा फल वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक रामचंद्र कुमार ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व बधाई देते हुए कहा कि जो बच्चे अपने-अपने क्लास में रैंक प्राप्त किए हैं। वे निरंतर अपनी मेहनत जारी रखें और जो छात्र-छात्राएं को अच्छे रैंक प्राप्त करने में कुछ पिछे रह गए हैं,वे अगले बार के लिए प्रयास करें । ताकि भविष्य में आपका भी रिजल्ट अच्छा हो। आप सफल होना चाहते हो तो आपको अनुशासन, ईमानदारी , और समय का पालन जरूरी है। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने कहा की आपकी आज की मेहनत कल रंग लाएगी। इसलिए हर छोटी- छोटी चीजों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ते रहना चाहिए। वर्ग नर्सरी से सिक्स में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं में मिस्टी प्रिया, हरीश प्रसाद दांगी, आर्यन कुमार , दिव्यांशु कुमार, अंकुश कुमार, अनमोल कुमार, रिद्धि कुमारी, दिव्यांशी कुमारी, सानवी कुमारी के अलावा दर्जनों बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। परीक्षा फल वितरण मौके पर स्कूल के निर्देशक रामचंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ,मनजीत गांझ्,कुंती कुमारी, झुना कुमारी, संगीता कुमारी, नाजिया खातून, मंतशा परवीन , संजू कुमारी, सुगंती देवी, स्कूल के छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### रानी बागी में वन पर्यावरण सह वृक्षों का रक्षाबंधन महोत्सव का हुआ आयोजन



**बड़कागांव** : बड़कागांव बुढ़वा महादेव परिसर अंतर्गत रानी बागी सरहुलटांड़ में वन पर्यावरण मेला सह वृक्षों का रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। मेले में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने वन को बचाने एवं अधिक से अधिक पेड़ - पौधे लगाने की संकल्प लिया। पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधा गया। उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों ने सरहुल पर्व भी मनाया। मौके पर वन समिति अध्यक्ष संजय महतो, उपाध्यक्ष बसंती देवी, मेला अध्यक्ष भोला महतो, सचिव धर्मनाथ महतो, क्षेत्रीय गायक ईश्वरी दिलजानी, रवि राम, रामचंद्र राम, पंकज कुमार, सलगा से चंचला देवी, कंडाबेर से हरी साव, तुलेश्वर महतो, दिनेश्वर महतो, मुंशी महतो, सरजू महतो, रामदेव महतो, झरी महतो, कीनू राम के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### झारखंड ग्रामीण बैंक ने मनाया 8वां स्थापना दिवस



**विष्णुगढ़** : प्रखंड मुख्यालय के हॉस्पिटल चौक स्थित झारखंड ग्रामीण बैंक शाखा में बुधवार, 1 अप्रैल 2026 को 8वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार एवं बैंक कर्मियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार ने केक काटकर स्थापना दिवस का जश्न मनाया। कार्यक्रम के दौरान बैंक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहकर्मियों को अंग वस्त्र एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।समारोह में बैंक कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। मुख्य रूप से पापिया कुमारी, दीपक कुमार, देवेंद्र महतो, बैंक सखी रीना कुमारी, रेशमी देवी, बैंक मित्र रंजीत कुमार शर्मा,ढालचंद महतो, घनश्याम महतो, सतीश कुमार, विनोद साव सहित कई लोग उपस्थित थे। इसके अलावा मुखिया संघ अध्यक्ष सह सारूकुदर पंचायत मुखिया उत्तम महतो, गाल्होवार पंचायत मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा, मुखिया निर्मल महतो एवं गोविंदपुर पंचायत की रीता कुमारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और बैंक कर्मी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एक नजर

### निरंजन मुंडा बने छात्र मोर्चा के रांची जिला उपाध्यक्ष



रांची : प्रभारी आदिवासी मूलवासी छात्र मोर्चा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत तिर्की के निर्देश अनुसार, निरंजन मुंडा को आदिवासी मूलवासी छात्र मोर्चा रांची जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मनोनित किया गया है। निरंजन मुंडा आदिवासी मूलवासी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष विश्राम उरांव, साहिल आलम, जितेंद्र महतो भोलू सिंह आदि ने बधाई दी है।

### ईडी के रांची जोन नए जॉइंट डायरेक्टर बने प्रभाकर प्रभात

रांची : प्रवर्तन निदेशालय में बड़े पैमाने पर अधिकारियों का तबादला हुआ है। प्रभाकर प्रभात रांची ईडी जोनल के नए जॉइंट डायरेक्टर बनाए गए हैं। वहीं, अजय लुहाच का तबादला रांची से रायपुर किया गया है। इस संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने बड़े पैमाने पर अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है, जिसमें कई फेरबदल किए गए। झारखंड में भी ईडी में बड़ा तबादला हुआ है। ईडी रांची जोनल के जॉइंट डायरेक्टर अजय लुहाच का तबादला रायपुर किया गया है। वहीं, रायपुर से प्रभाकर प्रभात को रांची भेजा गया है। जहां उन्हें रांची ईडी जोनल के नए जॉइंट डायरेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिसूचना के अनुसार अवनीश तिवारी पणजी से चंडीगढ़, राकेश कुमार सुमन कोच्चि से लखनऊ, मयंक पांडे गुवाहाटी से मुंबई ,प्रभाकर प्रभात रायपुर से रांची ट्रांसफर किए गए हैं। जबकि अजय लुहाच रांची से रायपुर जा रहे हैं। माधुर डी। सिंह मुख्यालय से गुरुग्राम और राज कुमार लखनऊ से मुख्यालय स्थानांतरित किए गए है।

### गुरुनानक स्कूल में 14 को सजेगा बैसाखी का दीवान

रांची : खालसा सजना दिवस बैसाखी के दिन 14 अप्रैल को श्री गुरु सिंह सभा की ओर से बैसाखी का विशेष दीवान सजाया जाएगा। इससे पहले 11 अप्रैल को मेन रोड गुरुद्वारा में अमृत संचार का कार्यक्रम होगा और सिख धर्मावलंबियों के बच्चों को अमृत जगाया जाएगा। महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने बुधवार को बताया कि बैसाखी का विशेष दीवान 14 अप्रैल को पीपी कंपाउंड स्थित गुरुनानक स्कूल सभागार में सुबह 10 बजे दोपहर 2:30 तक सजाया जाएगा। गुरु का अटूट लंगर भी होगा।

### झारखंड में पांच तक गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना

रांची : झारखंड के विभिन्न इलाकों में पांच अप्रैल तक गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने बुधवार को येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रभावित जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। राज्य में बुधवार को सबसे अधिक गर्म डाल्टनगंज, जबकि सबसे ठंडा जिला बोकारो के रूप में दर्ज किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 38 ।6 डिग्री, जबकि बोकारो में सबसे कम तापमान 27 ।1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राज्य में फिलहाल अत्यधिक गर्मी नहीं पड़ रही है। डाल्टनगंज में ही केवल सामान्य से एक डिग्री अधिक तापमान दर्ज किया गया है, जबकि अन्य जिलों में तापमान सामान्य से नीचे ही है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री कम है, जबकि सबसे अधिक अंतर बोकारो में है जहां का अधिकतम तापमान सामान्य से 08 डिग्री कम है। वहीं, शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 33 ।8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 ।4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# राजधानी में मोबाइल चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची पुलिस ने रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान सक्रिय मोबाइल चोर गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो भीड़भाड़ का फायदा उठाकर लोगों की जेबों से मोबाइल उड़ाने में माहिर थे। इनके पास से चोरी के 16 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

#### पुलिस की अपील

चुटिया थाना में कांड संख्या-38/26 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। सिटी एसपी ने आम जनता से अपील की है कि त्योहारों और भीड़ वाले आयोजनों के दौरान अपने कीमती सामानों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरतें। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और इन फोन को खरीदने वालों की तलाश में जुटी है।



#### तपोवन मंदिर और शोभायात्रा में थे सक्रिय

सिटी एसपी पारस राणा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 27 मार्च को रामनवमी के जुलूस के दौरान चुटिया थाना क्षेत्र और तपोवन मंदिर के आसपास से एक दर्जन से अधिक मोबाइल चोरी होने की शिकायतें मिली थीं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया और तकनीकी जांच के आधार पर अपराधियों की घेराबंदी शुरू की।

#### बंगाल से आकर रांची में देते थे वारदात को अंजाम

पुलिस की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इस गिरोह के सदस्य पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से आकर झारखंड में वारदातों को अंजाम देते थे। अपराधी दूसरे राज्यों के भीड़भाड़ वाले आयोजनों को निशाना बनाते थे। रांची रेलवे स्टेशन के आसपास तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ा, जिनसे पूछताछ में पूरे गिरोह का सच सामने आया। चोरी किए गए फोन को ये अपराधी बंगाल ले जाकर बेच देते थे।

## अंबा प्रसाद ने राज्यपाल से की मुलाकात विष्णुगढ़ मामले में सीबीआई जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में हुए गंभीर मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्यपाल से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की।



अंबा प्रसाद ने ज्ञापन में कहा कि विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 42/2026 में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे आम जनता का पुलिस प्रशासन पर भरोसा कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हजारीबाग पुलिस अपराधियों तक पहुंचने में पूरी तरह विफल रही है, जो प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। घटना को अत्यंत दर्दनाक और अमानवीय बताते हुए उन्होंने कहा कि यह निर्भया कांड से भी अधिक भयावह है। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि या तो मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है या फिर सच्चाई को दबाने की कोशिश हो रही है।

अंबा प्रसाद ने मांग की कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और पुनर्वास दिया जाए, साथ ही राज्य महिला आयोग को भी इस मामले में सक्रिय किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी, हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) के तबादले और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की भी मांग की। साथ ही संबंधित पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और थाना प्रभारी को निलंबित करने की बात कही। राज्यपाल संतोष गंगवार ने अंबा प्रसाद की बातों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने उठाया नशा मुक्त भारत अभियान का मुद्दा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राज्यसभा में डॉ. प्रदीप वर्मा ने उठाया नशा मुक्त भारत अभियान का मुद्दा, झारखंड में प्रयासों पर सरकार ने दी विस्तृत जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में देशभर में संचालित नशा मुक्त भारत अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में आज राज्यसभा में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया गया। सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा झारखंड में संचालित नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमांड रिडक्शन (ठअढउ्रफ) तथा नशा मुक्त भारत अभियान की वर्तमान स्थिति को लेकर पूरक प्रश्न के माध्यम से चर्चा की। उन्होंने राज्य में नशे की बढ़ती चुनौती तथा उससे निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। इस पर माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने विस्तृत एवं संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत किया।

## हादसे में महिला सिपाही की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के रातु थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में महिला सिपाही रंजिता एक्का की मौत हो गई। वह झारखंड उच्च न्यायालय में तैनात थीं और ड्यूटी पर जा रही थीं, तभी यह दुर्घटना हो गई।



पुलिस के अनुसार, घटना रातु थाना क्षेत्र के फुटकल टोली स्थित राइस मिल के पास हुई। महिला सिपाही रंजिता एक्का अपनी ड्यूटी के लिए जा रही थीं, इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिर गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना रातु थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने महिला सिपाही के शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर किस वाहन ने टक्कर मारी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और मामले की गहन जांच जारी है।

## 15 वें वित्त आयोग के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मिले 2254 करोड़

## राज्य की हर पंचायत के हिस्से में मिली करीब 52 लाख से ज्यादा की राशि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : विकसित गांव और समृद्ध झारखंड का सपना अब साकार होने जा रहा है। झारखंड के 4345 पंचायतों पर वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में छप्पर फाड़ पैसे की बारिश हुई है। राशि के अभाव में पिछड़ रहे गांव , अब विकास की रफ्तार भरने को तैयार है। वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के अंत तक झारखंड को 15 वें वित्त आयोग के तहत करीब 2254 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि को राज्य के पंचायतों को मिलने वाली राशि के नजरिए से आंके तो हर एक पंचायत के हिस्से में पिछले एक साल में करीब 51 लाख 80 हजार रुपए आयेंगे। ये राशि राज्य गठन के बाद से अब तक मिलने वाली सर्वाधिक राशि है। सबसे बड़ी उपलब्धि ये है कि राज्य वित्त आयोग से पहली बार पंचायतों को अनुदान राशि दी गई है। 15 वें वित्त आयोग से झारखंड का हिस्सा लेने में लंबी प्रक्रिया से हो कर गुजरना पड़ा। राज्य की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के अथक प्रयास , केंद्र सरकार के साथ लगातार पत्राचार ,केंद्रीय सचिव और केंद्रीय मंत्री के साथ बैठक के बाद ये संभव हो पाया है।



15 वें वित्त आयोग के तहत झारखंड के हिस्से में मिलनी वाली राशि पर गौर करें , तो वित्तीय वर्ष 2021 - 22 में 624 ।50 करोड़ , वित्तीय वर्ष 2022 - 23 में 1271 करोड़ , वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में 1300 करोड़ , वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 653 ।50 करोड़ , जबकि वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में ये राशि सर्वाधिक 2254 करोड़ रुपए राज्य के पंचायतों को मिला है।

# रिम्स का टेली-आईसीयू बना संजीवनी: जिला अस्पतालों में भर्ती मरीजों को अब मिल रहा है रांची के विशेषज्ञों का साथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड के दूर-दराज के जिलों में रहने वाले गंभीर मरीजों के लिए रिम्स का टेली-आईसीयू प्रोजेक्ट वरदान साबित हो रहा है। इस तकनीक के माध्यम से रांची के विशेषज्ञ डॉक्टर रिम्स में बैठकर ही जिला अस्पतालों के आईसीयू में भर्ती मरीजों की निगरानी कर रहे हैं और स्थानीय डॉक्टरों को जरूरी सलाह दे रहे हैं।

#### भविष्य की योजना: हर जिले में होगा 10 बेड का आईसीयू

ट्रॉमा सेंटर के हेड डॉ. प्रदीप भट्टाचार्य ने बताया कि सरकार की योजना राज्य के सभी जिलों को इस तकनीक से जोड़ने की है। हर जिला सदर अस्पताल में 10 बेड का अत्याधुनिक आईसीयू तैयार करने का लक्ष्य है। यदि टेली-राउंड के दौरान लगता है कि मरीज की स्थिति जिला अस्पताल में संभलने वाली नहीं है, तो उसे तुरंत रिम्स के आरक्षित बेडों पर शिफ्ट करने की व्यवस्था की जाती है। आने वाले समय में रिम्स में 60 बेड का नया ट्रॉमा सेंटर और 10 रिजर्व आईसीयू बेड विशेष रूप से जिला मरीजों के लिए उपलब्ध होंगे।

रिम्स ट्रॉमा, सेंटर हेड डॉ. प्रदीप भट्टाचार्य ने कहा कि टेली-आईसीयू के माध्यम से हम 'गोल्डन पीरियड' (आपातकालीन स्थिति के शुरूआती महत्वपूर्ण समय) में मरीज को सही इलाज दे पा रहे हैं, जिससे मौत के आंकड़ों में कमी लाने में मदद मिल रही है।



#### इन पांच जिलों में चल रही है सेवा

वर्तमान में झारखंड के पांच प्रमुख जिलों को इस नेटवर्क से जोड़ा गया है: रांची (सदर अस्पताल), खूंटी, लातेहार, गुमला, चतरा (तकनीकी सुधार जारी)

#### 800 से अधिक मरीजों को मिला लाभ

पिछले छह महीनों के आंकड़ों पर गौर करें तो रिम्स के डॉक्टरों की विशेषज्ञ सलाह से 800 से अधिक मरीजों का सफल इलाज किया जा चुका है। स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. सुदीप्तो बनर्जी के अनुसार, इस व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि इन 800 मरीजों को गंभीर स्थिति में रांची रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ी और उनका इलाज उनके अपने जिले में ही संभव हो सका।

#### कैसे काम करता है टेली-आईसीयू?

रिम्स ट्रॉमा सेंटर में एक विशेष टेली-आईसीयू हब बनाया गया है। यहाँ तैनात डॉक्टर, जैसे डॉ. संध्या रानी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल डेटा के जरिए जिला अस्पतालों के डॉक्टरों से सीधे जुड़ते हैं। जिला अस्पताल के डॉक्टर मरीज की तस्वीरें, केस हिस्ट्री और पल-पल की रिपोर्ट साझा करते हैं, जिसके आधार पर रिम्स के विशेषज्ञ दवाओं और उपचार की दिशा तय करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### एचईसी कर्मियों को नए श्रम कानून से बकाया भुगतान की आस : लालदेव

रांची : केंद्र सरकार द्वारा नए श्रम कानून लागू किए जाने के बाद रांची स्थित हेवी इंजीनियर्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) के मजदूरों के बीच अपने लंबित बकाया भुगतान को लेकर उम्मीद जगी है। लंबे समय से बकाया राशि का इंतजार कर रहे कर्मियों को अब नए प्रावधानों से राहत मिलने की संभावना दिख रही है। हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नए श्रम कानूनों के तहत कई महत्वपूर्ण प्रावधान लागू किए गए हैं। इनमें हर माह की सात तारीख तक वेतन भुगतान, सेवानिवृत्ति के एक माह के भीतर ग्रेच्युटी का भुगतान और इस्तीफा देने पर 48 घंटे के भीतर बकाया राशि चुकाने का नियम शामिल है। साथ ही, एक वर्ष की सेवा पूरी करने पर भी ग्रेच्युटी का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि नए नियमों के अनुसार ठेका मजदूरों को नियुक्ति के समय ऑफर लेटर देना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि वर्ष 2017 से बकाया भुगतान का इंतजार कर रहे एचईसी के सैकड़ों कामगारों को क्या अब उनका हक मिल पाएगा। लालदेव सिंह ने आरोप लगाया कि एचईसी प्रबंधन भुगतान के लिए संसाधनों की कमी का हवाला देता है, जबकि सरकार की ओर से निगम को अपने संसाधनों से बकाया चुकाने की बात कही जाती रही है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप कर बकाया भुगतान के लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि बकाया राशि नहीं मिलने के कारण मजदूर गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं और मजबूरी में काम जारी रखे हुए हैं। उन्होंने सरकार से अपील की कि नई श्रम नीति का लाभ एचईसी कर्मियों तक पहुंचाया जाए, ताकि उन्हें बकाया भुगतान के साथ-साथ नियमित रोजगार भी सुनिश्चित हो सके।

### रांची में सास-बहू-पति सम्मेलन का आयोजन परिवार नियोजन के प्रति किया जागरूक

रांची : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के तत्वावधान में परिवार नियोजन कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को रांची में सास-बहू-पति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिवार के प्रमुख सदस्यों सास, बहू और पति के बीच संवाद स्थापित कर परिवार नियोजन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। सम्मेलन में वक्ताओं ने सास की भूमिका को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि परिवार में निर्णय लेने में उनका अहम स्थान होता है। उनकी सकारात्मक सोच से बहू ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार के स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। साथ ही, पति की जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया गया, ताकि परिवार नियोजन को केवल महिलाओं का विषय न मानकर एक साझा जिम्मेदारी के रूप में अपनाया जा सके। विशेषज्ञों ने बताया कि संतानोत्पत्ति के बीच उचित अंतराल रखने से मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है। इस दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न गर्भनिरोधक उपायों की जानकारी दी गई और उनसे जुड़े सवालों का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा छोटे और स्वस्थ परिवार के लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में अधिकारी, सहिया कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविकाएं और स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### झारखंड में मातृ-शिशु मृत्यु दर पर बढ़ी चिंता, स्वास्थ्य विभाग ने दिए सख्त निर्देश

रांची : झारखंड के स्वास्थ्य विभाग ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को नेपाल हाउस में आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने की। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण और चिंताजनक तथ्य सामने आए। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, मातृ मृत्यु के प्रमुख कारणों में प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव 15 .5 प्रतिशत मामलों में सबसे अधिक पाया गया। इसके अलावा उच्च रक्तचाप या एक्लेम्पसिया 12 .5 प्रतिशत तथा संक्रमण (सेप्सिस) 6 .9 प्रतिशत मामलों में मृत्यु का कारण बना। वहीं शिशु मृत्यु के मामलों में सेप्सिस, श्वसन संबंधी समस्याएं, निमोनिया और समय से पूर्व जन्म को प्रमुख कारणों के रूप में चिन्हित किया गया। अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि वे मातृ और शिशु मृत्यु के प्रत्येक मामले का गहन विश्लेषण करें और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने रिपोर्टिंग की गुणवत्ता और सटीकता बनाए रखने पर जोर देते हुए प्रत्येक मातृ मृत्यु मामले में वर्बल ऑटोप्सी अनिवार्य रूप से कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि खूंटी, लोहरदगा, रामगढ़, साहिबगंज और सिमडेगा जिलों ने एचएमआईएस पोर्टल पर मातृ मृत्यु की 100 प्रतिशत रिपोर्टिंग सुनिश्चित की है, जबकि कुछ अन्य जिलों ने लक्ष्य से अधिक रिपोर्टिंग दर्ज की है। स्वास्थ्य विभाग ने संस्थागत प्रसव की गुणवत्ता में सुधार, नर्सिंग स्टाफ के प्रशिक्षण को मजबूत करने और स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। विभाग का मानना है कि इन उपायों से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी, पदाधिकारी और संबंधित कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जदयू ने की जेटेट में भोजपुरी, मगही, अंगिका व उर्दू को शामिल करने की मांग

रांची : जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) में भोजपुरी, मगही, अंगिका और उर्दू जैसी भाषाओं को शामिल करने की मांग की है। बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में सागर कुमार ने कहा कि झारखंड की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बिहार से जुड़ी रही है और राज्य की बड़ी आबादी इन भाषाओं का दैनिक जीवन में उपयोग करती है। उन्होंने कहा कि इन भाषाओं को जेटेट नियमावली में शामिल नहीं करना लाखों अभ्यर्थियों के साथ अन्याय के समान है। उन्होंने बताया कि पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा, रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, देवघर, दुमका और गोड्डा जैसे जिलों में इन भाषाओं का व्यापक रूप से उपयोग होता है। ऐसे में यदि इन भाषाओं को परीक्षा में शामिल किया जाता है तो न केवल स्थानीय अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा, बल्कि शिक्षा प्रणाली भी अधिक समावेशी और प्रभावी बन सकेगी। उन्होंने राज्य सरकार से इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है, ताकि भाषा आधारित भेदभाव समाप्त हो और सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर मिल सके।

### रांची में पेंशन दरबार सह विदाई समारोह, सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित

रांची : रांची जिला प्रशासन की ओर से समाहरणालय के ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पेंशन दरबार सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मियों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने 10 सेवानिवृत्त शिक्षकों और एक कर्मी को उनके लंबे एवं समर्पित सेवा काल के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में रंजीत मोहन, मरसी किरण पास्कली लकड़ा, संतोष कुमार महतो, रविन्द्र नाथ राय, करीम आलम, खुर्शीद अनवर, नील कमल महतो, भानु प्रताप यादव, हेन्डरी बागे, राधा लकड़ा और गोपाल तिवारी शामिल रहे। सभी को स्मृति चिह्न, शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर विदाई दी गई।

## एक नजर

### कोडरमा में नशाखुरानी गिरोह का भंडाफोड़ सात आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा :** जिले में सक्रिय नशाखुरानी गिरोह का रेलवे पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। सरकारी रेल पुलिस जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए साधु के वेश में यात्रियों को निशाना बनाने वाले गिरोह के 7 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस के अनुसार, यह गिरोह ट्रेन में यात्रा के दौरान साधु या बाबा का भेष धारण कर यात्रियों से दोस्ती करता था। इसके बाद उन्हें खाने-पीने की वस्तुओं में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर देता था और उनके पास से नकदी, मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो जाता था। जीआरपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए धनबाद भेज दिया गया है। रेलवे पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान किसी भी अनजान व्यक्ति से खाने-पीने की वस्तु न लें और सतर्क रहें। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### मरकच्चो में बिजली चोरी को लेकर नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग द्वारा मंगलवार को चलाए गए अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई की गई है। छापेमारी के क्रम में कुल 9 लोगों को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़ा गया, जिनके खिलाफ थाना में प्राथमिक दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई मरकच्चो के परमानन्द महतो ब्लॉक चौक, मिथलेश सिंहमरकच्चो,यमुना पोधार, शमसाद आलम मेहतरिया अहरी, मनीर मिंया तेलिया मारन,इब्राहिम अंसारी महुवा टांड़, मो अफजल महुवा टांड़, कौशल्या देवी मदनपुर,बीरेंद्र राणा जामु के नाम शामिल है। इनलोगों पर अवैध तरीके से बिजली उपयोग करने का आरोप है। विभाग ने न सिर्फ इन लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराई है, बल्कि आरोपियों पर आर्थिक जुमार्ना भी लगाया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह की छापेमारी जारी रहेगी और बिजली चोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बिजली विभाग ने लोगों से अपील किया है कि वे अवैध कनेक्शन का उपयोग न करें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

### तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न

**झुमरी तिलैया :** स्थानीय महात्मा गांधी नगर में स्थित कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का समापन बुधवार किया गया। समापन सत्र योग एंव ओंकार ध्वनि के साथ प्रारंभ किया गया मंचस्थ अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रभारी मनोज कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। मौके पर हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ब्रजेश कुमार सिंह ने पंचपदी शिक्षा पर आचार्य दीदी जी को विस्तार रूप से बताया। जबकि कार्यशाला का वृत निवेदन विद्यालय के प्राचार्य आनंद मोहन के द्वारा किया गया। वृत निवेदन के क्रम में प्राचार्य ने बताया कि विद्या विकास समिति झारखंड के योजनानुसार अपने विद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए समाप्ति की ओर है, कुल 14 सत्रों में तीन दिनों की कार्यशाला संपादित की गई, जिसमें गत सत्र के कमजोर बिंदुओं को वर्तमान सत्र में चुनौती के स्वरूप लिया गया, साथ ही साथ आगामी सत्र में विद्यालय की छोटी-छोटी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने की योजना बनाई गयी।

# रामगढ़ में बीएलओ को स्टीकर मैपिंग का मिला प्रशिक्षण, पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की दिशा में पहल





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से रामगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में बीएलओ ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने बीएलओ को स्टीकर मैपिंग की प्रक्रिया, उसके महत्व और उसके सही क्रियान्वयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अधिक सटीक और व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रशिक्षण में रामगढ़ क्षेत्र के 134 बूथों और चितरपुर प्रखंड के 68 बूथों से जुड़े बीएलओ उपस्थित रहे। सभी को अपने-अपने क्षेत्र में स्टीकर मैपिंग कार्य को सही तरीके से लागू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बीएलओ को निर्देश दिया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ करें, ताकि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। साथ ही यह भी बताया गया कि सटीक डाटा और सही मैपिंग से चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने क्षेत्र में इस कार्य को प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस प्रशिक्षण से निर्वाचन कार्यों में गुणवत्ता और दक्षता दोनों में सुधार होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल तकनीकी जानकारी प्रदान करने तक सीमित रहा, बल्कि बीएलओ को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

## जेईई-मेंस 2026 गड़बड़ी पर राधा गोविंद विवि का बयान : जांच जारी, पारदर्शिता पर जोर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेईई-मेंस 2026 परीक्षा से पहले सामने आई तकनीकी गड़बड़ी के मामले पर विश्वविद्यालय प्रबंधन ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। प्रबंधन ने कहा कि जैसे ही 29 मार्च को गड़बड़ी की सूचना मिली, तत्काल इसकी जानकारी रामगढ़ पुलिस प्रशासन को दी गई। विश्वविद्यालय के अनुसार, सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए परिसर में पहुंचकर मामले में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पूरे मामले की निगरानी पुलिस अधीक्षक अजय कुमार स्वयं कर रहे हैं। प्रबंधन ने बताया कि इस घटना की जांच जिला प्रशासन द्वारा उच्च स्तर पर की जा रही है। जांच से संबंधित प्रतिवेदन राज्य सरकार के साथ-साथ नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी टीसीएस को भी भेजा गया है। प्रेस वार्ता में विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया कि परीक्षा को कदाचार मुक्त और पारदर्शी बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रबंधन ने कहा कि शुरू से ही सभी परीक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर निष्पक्ष परीक्षा संचालन किया जाता रहा है और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा। इस दौरान सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक खबरों को लेकर भी चिंता जताई गई। विश्वविद्यालय ने कहा कि कई सूचनाएं तथ्यहीन हैं और लोगों से अपील की गई कि वे केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें, क्योंकि जांच समिति हर पहलू की गंभीरता से पड़ताल कर रही है। प्रेस वार्ता में कुलसचिव निर्मल कुमार मंडल, मीडिया प्रभारी संजय सिंह, कैंपस प्रभारी संजीव कुमार सिंह और उमेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## कोडरमा पुलिस की तत्परता, 8 घंटे में गुमशुदा नाबालिग सकुशल बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** तिलैया डैम ओपी क्षेत्र से गुमशुदा हुए 11 वर्षीय नाबालिग बच्चे को कोडरमा पुलिस ने महज 8 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। जानकारी अनुसार 31 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे तिलैया डैम स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाई के लिए रह रहा निखित कुमार पिताझ्र ननकू मंडल, निवासीझ्र बरांय, थाना बिरनी, जिला गिरिडीह के लापता होने की सूचना मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर जिले के सभी थाना और ओपी को अलर्ट करते हुए तत्काल खोजबीन शुरू की गई। साथ ही तकनीकी शाखा और साइबर सेल को भी



लगाया गया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और स्थानीय पूछताछ के आधार पर लगातार छापेमारी की। इसके परिणामस्वरूप जयनगर थाना क्षेत्र के गडचांच पेट्रोल पंप के पास से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामदगी के बाद बच्चे की पहचान कर उसे जयनगर थाना लाया गया और बाद में सुरक्षित रूप से परिजनों को सौंप दिया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए जयनगर पुलिस टीम के सभी सदस्यों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

## शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** बुधवार को शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख ब्रजेश कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन ने कार्यशाला को विशेष रूप से प्रेरणादायी और सारगर्भित बनाया। कार्यशाला के दौरान आधुनिक एवं प्रभावी शिक्षण पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से टीएलएम पीएलएम तथा टीएलई के निर्माण एवं उनके व्यवहारिक प्रयोग पर आचार्यों को प्रशिक्षित किया गया। साथ ही, संस्कृति बोध परियोजना को अधिक व्यापक एवं प्रभावी रूप देने पर भी बल दिया गया। प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणामों एवं उपलब्धियों की गहन समीक्षा करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए ठोस योजनाएँ तैयार की गईं। विद्यालय के आचार्यों के बीच विभिन्न विभागों का सुव्यवस्थित वितरण किया गया तथा संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषाओं के सुदृढ़ शिक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अनिवार्य रूप से अपनाने पर भी सहमति बनी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में कक्षा शिक्षण कौशल, मातृभाषा में शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास, पुस्तक अध्ययन की आदत, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

## आजाद भारत में मजदूरों को गुलाम बनाने वाला कानून स्वीकार नहीं : संजय पासवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर मजदूर विरोधी लेबर कोड के खिलाफ जिला समाहरणालय पर विरोध प्रदर्शन कर देशव्यापी काला दिवस मनाया। इससे पूर्व अम्बेडकर पार्क से सीटू के बैनर तले एक विरोध मार्च भी निकाला गया। जुलूस में मजदूर विरोधी लेबर कोड को फाड़ दो फेक दो जला दो, गुलामी का दस्तावेज श्रम संहिता रद्द करो आदि आक्रोश पूर्ण नारे लगाए जा रहे थे। जुलूस का नेतृत्व आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी और जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद ने किया. इस अवसर पर प्रोटेस्ट में शामिल लागों को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रमिक-हितैषी सुधार के दावों को झूठा बताते हुए कहा कि लेबर कोड समाज को पीछे धकेलने




वाला ऐसा कानून है, जो भारतीय मजदूरों को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के अंधकारमय दौर में ले जाएगा। काम को घंटे को 12 घंटे तक बढ़ाने की अनुमति देती है, ट्रेड यूनियन बनाने, मजदूरी के लिए मोलभाव करने और हड़ताल के अधिकार को लगभग असंभव बना देगा। भारत की मेहनतकश जनता ने ब्रिटिश राज के खिलाफ ट्रेड यूनियन बनाने और हड़ताल का अधिकार हासिल किया था। श्रम संहिताओं ने मेहनतकश जनता के साथ विश्वासघात करके उन्हें मुनाफे के प्यासे कॉर्पोरेट घरानों की जंजीरों में बांध दिया है। यह श्रम संहिताएं मजदूर विरोधी हैं, जो मौजूदा श्रमिक सुरक्षा को खत्म करती हैं और नियोक्ताओं व कॉर्पोरेट घरानों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस₹ (व्यापार के लिए आसानी) को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं। ये संहिताएँ ₹ठेके पर रखो और निकालो₹ (हायर एंड फायर) की व्यवस्था को बढ़ावा देती हैं। बहुत सारे व्यवसायों को बिना मुआवजे और बिना पेंशन सहित किसी भी सेवानिवृत्ति लाभ दिए बिना मजदूरों को आसानी से निकालने की अनुमति देती है।

# बेटियों के सुरक्षित भविष्य की बड़ी पहल : रामगढ़ में एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू, कैंसर से बचाव की मजबूत तैयारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले में बेटियों को गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामगढ़ (ट्रॉमा सेंटर) के अंतर्गत रामगढ़, दुलमी और चितरपुर प्रखंडों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम है। अभियान का उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान तीन बच्चियों को टीका लगाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई।



कार्यक्रम स्थल पर अभिभावकों और स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित है और यह बच्चियों को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की भ्रांति में न आएं और अपनी बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में कुल 10 हजार डोज उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें से 3 हजार डोज रामगढ़, दुलमी और चितरपुर प्रखंडों के लिए निर्धारित किए गए हैं। यह टीका महंगा होने के कारण आवश्यकता के अनुसार चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इसका लाभ पहुंच सके। कार्यक्रम के दौरान सहिया शारदा देवी ने अपनी पुत्री कल्पना कुमारी को टीका लगवाकर अन्य अभिभावकों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और सभी को अपनी बच्चियों के बेहतर भविष्य के लिए इसे लगवाना चाहिए। वहीं, कल्पना कुमारी ने भी अन्य बच्चियों को टीका लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान के सफल संचालन के लिए सीएचसी रामगढ़ के सभी स्वास्थ्यकर्मी पूरी तरह सक्रिय हैं। कार्यक्रम में बीपीएम नरेश कुमार, अकमल अंसारी, विक्रम तिर्की, मनोज कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे इस अभियान का हिस्सा बनें और अपनी बेटियों को टीकाकरण कराकर उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की ओर अग्रसर करें।

## संक्षिप्त खबरें

### 1001 महिलाओं की कलश यात्रा के साथ छत्तर में शुरू हुआ भव्य रुद्र महायज्ञ



**चितरपुर :** छत्तर क्षेत्र बुधवार को भक्ति और आस्था की अद्भुत ऊर्जा से सराबोर हो उठा, जब नौ दिवसीय श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। इस अवसर पर 1001 महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर दामोदर नदी तट तक पहुंची, जहां आचार्य रामशरण गिरी द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कराई गई। इसके पश्चात महिलाओं ने कलश में जल भरकर सिर पर धारण किया और पूरे गांव का भ्रमण करते हुए भक्ति गीतों व बाजे-गाजे के साथ पुनः मंदिर परिसर लौटीं। यहां विधिवत रूप से कलश स्थापना की गई। पूरे मार्ग में जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुनीता चौधरी उपस्थित रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, पार्षद धनेश्वर महतो, प्रीति दीवान और मुखिया किशुनराम मुंडा भी शामिल हुए। यज्ञ समिति द्वारा सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में सुनीता चौधरी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और समाज में एकता व भाईचारे की भावना मजबूत होती है। साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल का निर्माण होता है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रवचनकर्ता कृष्णोहा दामोदर द्वारा कथा वाचन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन मिलेगा। पूरे आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों की निरंतरता बनी रहेगी। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राम पदारत सिंह, उपाध्यक्ष लोकेश सिंह, महामंत्री दिलीप कुमार सिंह, सचिव रंजीत सिंह समेत कई सदस्यों का अहम योगदान रहा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया।

### रामगढ़ में आज झांकियों और जुलूस समितियों का भव्य अभिनंदन समारोह



**रामगढ़ :** रामनवमी महोत्सव की सफलता को समर्पित करते हुए श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति, रामगढ़ द्वारा आज एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मेन रोड स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में अपराह्न 4 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में शहर की विभिन्न समितियों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। महासमिति की ओर से आयोजित इस समारोह में स्थायी झांकी, चलंत झांकी और मंगला जुलूस में सक्रिय भूमिका निभाने वाली सभी समितियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन के दौरान अध्यक्ष, सचिव समेत विभिन्न पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी, जिन्होंने पूरे उत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। महासमिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि यह सम्मान समारोह पहले से निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित समितियों से समय पर उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष रामनवमी का आयोजन भव्य, आकर्षक और मर्यादित तरीके से संपन्न हुआ। पूरे रामगढ़ में भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर पर्व को शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से मनाया, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। महासमिति के पदाधिकारियों और विभिन्न समितियों के सहयोग से यह आयोजन सफल हो सका। सभी के समर्पण और तालमेल ने इस धार्मिक उत्सव को नई ऊंचाई दी। यह सम्मान समारोह रामनवमी 2026 का अंतिम और विशेष कार्यक्रम है, जिसमें योगदान देने वाले सभी लोगों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की जाएगी। शहर के रामभक्तों में इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह है। यह आयोजन न केवल सम्मान का अवसर बनेगा, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और धार्मिक सौहार्द का संदेश भी मजबूत करेगा।

### गोला सीएचसी में सिविल सर्जन का औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश

**रामगढ़ :** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में बुधवार को सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक से केंद्र में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी ली। साथ ही लाभार्थियों को दी जा रही सुविधाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी योजनाएं प्रभावी ढंग से आम लोगों तक पहुंचें। अस्पताल में मौजूद चिकित्सीय उपकरणों की स्थिति का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उनके नियमित मरम्मत और रख-रखाव को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी आवश्यक उपकरण हर समय कार्यशील स्थिति में उपलब्ध रहने चाहिए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सिविल सर्जन ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, पेयजल, शौचालय एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला है। निरीक्षण के बाद आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में डॉ. अनिल कुमार ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए टीमवर्क और समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि मरीजों को समय पर और बेहतर इलाज उपलब्ध कराना प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी कर्मियों को सजग और सक्रिय रहना होगा। यह औचक निरीक्षण स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे आने वाले समय में मरीजों को और बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

### 45वां हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

**कोडरमा :** श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का 45 वां वार्षिकोत्सव सह श्री हनुमान जयंती महोत्सव बुधवार को भव्य शोभायात्रा के साथ सवा 25 घण्टे का कार्यक्रम शुरू हुआ। अड्डी बांग्ला रोड स्थित मेमर्स केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री से हनुमान दरबार की निकली सुसज्जित वाहन को स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोहर राम ने नारियल फोड़ कर शोभायात्रा को रवाना किया। यात्रा में मंडल के पदाधिकारी ,सदस्यों व श्रद्धालुओं ने राम नाम की पट्टी लगा रखी थी। यात्रा स्टेशन रोड से निकलकर झंडा चौक राजगढ़िया रोड होते हुए विद्यापुरी होते है वापस झंडा चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री पहुंचकर समाप्त हुई। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन आयोजन स्थल में पूजा अर्चना के बाद सवा 25 घंटे की अखंड ज्योत, अलौकिक श्रृंगार किया गया। सुंदरकांड में यजमान के रूप में विकास अग्रवाल सह पत्नी शामिल हुए।

## एक नजर

### उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता के लिए खूंटी में बना 14 परीक्षा केंद्र

**खूंटी :** झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को समीक्षा बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि 12 अप्रैल को जिले में झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर जिले में कुल 14 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिसमें कुल 4668 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा का आयोजन तीन पालियों में होगी। उपायुक्त ने परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी और कदाचार मुक्त वातावरण में संचालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर विधि-व्यवस्था संधारण, पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, स्टेटिक और पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट की तैनाती एवं माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, समय पर प्रश्नपत्र वितरण और परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इसे लेकर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डिजिटल होगी भारत की जनगणना, तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**देवघर :** जिला प्रशासन ने भारत की जनगणना 2027 को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को परिसदन के सभागार में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 03 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें प्रथम चरण के मकान सूचीकरण और मकानों की गणना को लेकर अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि देश के इतिहास में पहली बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल मोड में की जाएगी। इसके लिए घर-घर जाकर पर्यवेक्षक मोबाइल के माध्यम से डेटा संग्रह करेंगे। डिजिटल प्रणाली होने के कारण आंकड़ों की सटीकता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्य 16 मई से 14 जून 2026 तक चलेगा। इस दौरान पर्यवेक्षक (प्रगणक) फील्ड में उतरकर मकानों की नंबरिंग और सूचीकरण का कार्य पूरा करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय प्रक्रिया है, क्योंकि इसी के आधार पर सरकार भविष्य की विकास योजनाओं का खाका तैयार करती है।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की हुई समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति की एक बैठक, झुमरी तलैया शहर के ब्लॉक रोड स्थित, साहू धर्मशाला में आज दिनांक 1 अप्रैल को समय 12:00 बजे आयोजित की गई ,जिला समिति के बैठक के मंच की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय तथा संचालन जिला सचिव पवन माइकल कुजूर ने कि, आज की बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु झुमरी तिलैया नगर परिषद चुनाव, कोडरमा नगर पंचायत, तथा डोमचांच नगर पंचायत के चुनाव की समीक्षा की गई । पार्टी समर्थित उम्मीदवार के प्रदर्शन के संदर्भ में गहन चर्चा किया गया, जिसमें कई एक बिंदुओं के ऊपर सुधार करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया, ताकि आने वाले समय में परेशानियों का सामना न करना पड़े, तथा साथ ही जीते हुए उम्मीदवारों को जिला समिति की तरफ से शुभकामनाएं दी गई ,चुनाव में जीत हार लगी रहती है और यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है, बैठक में मौजूद जिला समिति के पदाधिकारी तथा प्रखंड स्तर के पदाधिकारी लोगों ने अपनी बातों को अलग-अलग तरीके से रखा और एक दूसरे के अनुभव को साझा करके यह निष्कर्ष पाया गया की संगठन में सुधार की जरूरत है। जिसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए ,बैठक में मौजूद केंद्रीय समिति सदस्य गंगा प्रसाद यादव संजय पांडे इस्लाम अंसारी महिला मोर्चा अध्यक्ष ओणम प्रिया पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रविंद्र शांडिल्य जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा छोटेलाल विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह नगर अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह कामेश्वर भारती दिवाकर तिवारी गणेश राय पार्टी के नेता सद्दाम हुसैन सुधाकर यादव महिला मोर्चा जिला सचिव गुड़िया देवी सरीखे पार्टी के बहुत सारे पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा ने अपने संबोधन में कहां की शहर में साफ सफाई की व्यवस्था बेहतर हो इसके लिए जिला समिति नगर परिषद तथा नगर पंचायत को रचनात्मक सहयोग देने के लिए सदैव तैयार है जनता का विश्वास लेकर काम करना चाहिए ताकि विकास की लकीर खींच सकता है। पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को झुमरी तिलैया नगर परिषद/कोडरमा नगर पंचायत/डोमचांच नगर पंचायत के मतदाता को धन्यवाद दिया बैठक के दौरान नगर परिषद झुमरी तिलैया कार्यालय की बात सामने आई जो नगर परिषद कार्यालय अपना नहीं है और आम जनता के हित को देखते हुए किसी भी समारोह में आम जनता के लिए सुनिश्चित किया गया था की झुमरी तिलैया की आम जनता टाउन हॉल का फायदा उठा सके लेकिन आम जनता को दरकिनार करते हुए झुमरी तिलैया नगर परिषद कार्यालय चलाया जा रहा है जो नियम संगत से हटकर है इस पर जिला समिति ने संज्ञान लेने का काम किया और बहुत जल्द ही यदि अपने गंतव्य स्थान पर कार्यालय नहीं खुलवाया जाता है तो इस स्थिति में झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलन करने पर बाध्य होगी तथा उपायुक्त महोदय कोडरमा के साथ-साथ माननीय मुख्यमंत्री को भी इसकी सूचना दी जाएगी।

## योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें अधिकारी : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** नीति आयोग, भारत सरकार अंतर्गत आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान 2.0 को लेकर उपायुक्त आर रॉनिटा ने बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में सभी संबंधित पदाधिकारियों संग विभिन्न इंडिकेटर पर किए जा रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक किया। बैठक में उपायुक्त ने एक एक कर किए गए कार्यों एवं इंडिकेटर की समीक्षा कर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं पशुपालन सहित विभिन्न विकासात्मक मानकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण करना है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की जाए। उपायुक्त ने विशेष रूप से कुपोषण मुक्ति, शत-प्रतिशत टीकाकरण, विद्यालयों में नामांकन, शौचालय एवं उपस्थिति दर में वृद्धि, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, कुपोषित बच्चों एवं टीबी के मरीजों को चिन्हित कर उनका बेहतर उपचार, नवजात बच्चों के वजन की जांच, पशुओं का टीकाकरण सहित अन्य पशुपालन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिया।

## मारवाड़ी युवा मंच की आम सभा में नए पदाधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा की आम सभा मंगलवार को रात्रि 8:30 बजे अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। बैठक में शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही। सभा की शुरूआत सत्र 2025-26 के दौरान किए गए विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों की जानकारी के साथ हुई। मंच द्वारा वर्ष भर किए गए सेवा कार्यों की सराहना सदस्यों ने की। इसके पश्चात कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक का मुख्य आकर्षण नव निर्वाचित मंत्रिमंडल को कार्यभार हस्तांतरण रहा। इस दौरान वर्तमान पदाधिकारियों ने नए पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से जिम्मेदारियां सौंपीं तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। मंच द्वारा गौ सेवा के तहत स्थानीय गौशाला को एक मिल्क पैकिंग मशीन भी दान में दी गई, जिससे गौशाला के कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने में सहयोग मिलेगा। इसके अलावा 30 मार्च को आयोजित महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर निकली शोभायात्रा के दौरान मंच की ओर से गर्म मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं के बीच शिकंजी वितरण किया गया। इस सेवा कार्य के परियोजना निदेशक आयुष पोद्दार एवं मोहक सुल्तानिया रहे। कार्यक्रम में मंच के कई सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 21 वर्षीय युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चास :** चास मुख्य मार्ग पर स्थित चंद्र टॉकीज के समीप बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान पुराना बाजार निवासी लालटु मोदक (21 वर्ष) के रूप में हुई है। लालटु के पिता का नाम गणेश मोदक है। कैसे हुई घटना जानकारी के अनुसार, लालटु मोदक रात के समय मेन रोड से गुजर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लालटु ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार होने में सफल रहा। मौके पर जुटी भारी भीड़ दुर्घटना की खबर मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय लोगों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। युवक की मौत से आक्रोशित लोग शासन और प्रशासन से सुरक्षा के कड़े इंतजामों की मांग कर रहे थे। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला और शव को अपने कब्जे में लिया। जांच में जुटी पुलिस पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश तेज कर दी है। CCTV फुटेज की जांचः पुलिस चंद्र टॉकीज और आसपास की दुकानों व प्रतिष्ठानों में लगे CCTV कैमरों को खंगाल रही है ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा सके। परिजनों का हालः लालटु की असामयिक मृत्यु से उसके घर और पूरे पुराना बाजार क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हम घटनास्थल के आसपास के सभी कैमरों की जांच कर रहे हैं। बहुत जल्द अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगा लिया जाएगा। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### युवक की मौत के बाद शव के साथ गोलमुरी थाना में प्रदर्शन

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम के गोलमुरी थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक कमलजीत सिंह की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। बुधवार को परिजन शव के साथ गोलमुरी थाना पहुंच गए और आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, टुइलाडुंगरी निवासी कमलजीत सिंह पर शराब के नशे में चापड़ से हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर सीधे थाने पहुंचे और थाना परिसर में शव रखकर हंगामा किया। उन्होंने मुख्य आरोपित मिलन सिंह की जल्द गिरफ्तारी की मांग की और पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया।

# बालू की अवैध ढुलाई के खिलाफ जल सहिया ने किया आवाज बुलंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो जिला के बेरमो में धड़ल्ले से हो रही बालू घाटों से बैखोफ तरीके से अवैध रूप से बालू की ढुलाई। नदी घाटों से लगातार हो रही खनन से अब लोग प्रभावित हो रहें हैं ताजा मामला बेरमो का है जंहा दामोदर नदी से हो रहें बालू की उठाव से नदी की संरचना खराब हो गई है। और लोगों की परेशानियां बढ़ गई है ये हम नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर एक विडियो बड़ा तेजी से वायरल हो रही है जंहा जल सहिया ने बालू माफियाओं के खिलाफ ग्रामीणों से एकजुट होकर उन्हें खदड़ने की अपील करती नजर आ रही है। वायरल विडियो पुरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर रहीं हैं जंहा एक ओर जिला प्रशासन अवैध खनन के खिलाफ लगातार कारवाई करने की दम भरती नजर आती है। वंही इस दूसरी ओर इस तरह की तस्वीरें सामने आना जिला प्रशासन की कार्रवाई को खानापूर्ति साबित करती नजर आ रही है। बताते चलें कि यह विडियो बेरमो की दामोदर नदी का है। जो कथारा पंचायत के असनापानी स्थित इंटेकवेल का के समीप का बताया जा रहा है।जंहा जल सहिया गुलिस्तां कमाल ने बताया कि ट्रेक्टर से बालू उठाव की वजह से जल स्त्रोत गड़बड़ा गया है। जिससे पेयजलापूर्ति बाधित हो गई है। सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति के लिए ग्रामीणों से अपिल कर रही है कि बालू घाटों से माफियाओं को खदड़ने में सहयोग करें। अब देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि जिला प्रशासन उक्त मामले में क्या कुछ कारवाई करतीं हैं या फिर कारवाई के नाम पर खानापूर्ति।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री श्याम ट्रेडर्स को एसीसी गोल्ड सीमेंट में झारखंड फर्स्ट अवार्ड से नवाजा गया



**सरिया :** वित्तीय वर्ष 2025-26 में श्री श्याम ट्रेडर्स को ए सी सी गोल्ड सीमेंट की बिक्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए झारखंड फर्स्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अभूतपूर्व सफलता कंपनी की मेहनत, समर्पण और बेहतर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का परिणाम है। अवार्ड मिलने पर कंपनी के एरिया इंचार्ज श्री अंकित श्रीवास्तव, डिस्ट्रीब्यूटर श्री अशोक सिन्हा, डिस्ट्रिक्ट ऑफीसर अरि जयराम सिंह और डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल हेड अमित कुमार ने विशेष रूप से पहुंचकर इस उपलब्धि को केक काटकर सेलिब्रेट किया। उन्होंने श्री श्याम ट्रेडर्स सरिया के मालिक पंकज अग्रवाल और प्रियांशु अग्रवाल को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। मौके पर पंकज अग्रवाल, प्रियांशु अग्रवाल, राहूल कुमार, प्रशात कुमार, कन्हैया पोद्दार, दीपक सोनी समेत अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। सभी ने इस सम्मान को टीम वर्क और ग्राहकों के विश्वास का नतीजा बताया। यह अवार्ड श्री श्याम ट्रेडर्स के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ है, जो ए सी सी गोल्ड सीमेंट की गुणवत्ता और कंपनी की मजबूत बाजार उपस्थिति को और मजबूत करता है।

### श्रीराम जन्मोत्सव सह हनुमान जयंती कार्यक्रम आयोजित



**जयनगर :** प्रखंड के पावर हाउस रथाही मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव सह हनुमान जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक कि अध्यक्षता विहिप प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा व संचालन प्रखंड मंत्री सतीश पांडेय ने किया। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सेनिशिक्षक सुरेन्द्र प्रसाद मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम जी के आदर्शों पर चलकर भारत विश्व गुरु बनेगा। राम जी ने शबरी के जूठे बेर खाकर हम सबको जो संदेश दिए थे सामाजिक समरसता का इससे बड़ा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। जीवन के किसी भी कार्यक्रम में सभी जाति के लोगों को सम्मिलित करना उनका सम्मान करना ये हम सभी लोगों का उद्देश्य होना चाहिए। इससे सामाजिक भेदभाव बंद होगा। मौके पर विहिप जिला कार्यसमिति सदस्य महेश पांडेय, अरुण कुमार यादव, दिवाकर पांडेय, कृष्ण नन्दन सिंह, राजकिशोर, शंकर दयाल पांडेय, बिनोद साव, कैलाश राम, अशोक साव, दिलीप चौधरी, प्रेम साव, कौलेशवर राम, पार्वती देवी, प्रियंका कुमारी, प्रेमीया देवी सुरज साव, चेतनी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।


## कार्यालय, कोडरमा नगर पंचायत

**परामर्शी नियुक्ति हेतु अल्पकालीन आमंत्रण हेतु सूचना संख्या–01/2026–27**
**दिनांक – 01.04.2026**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि कोडरमा नगर पंचायत अन्तर्गत सड़क, नाली, गार्डवाल, पुल निर्माण, चौक–चौराहों का सौन्दर्यीकरण, पार्को का जीर्णोद्धार/निर्माण, जलापूर्ति योजना, भवन निर्माण पथ प्रकाश व्यवस्था तथा विभिन्न तलाबों एवं अन्य योजनाओं का डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु अनुभवी तथा ख्याति प्राप्त परामर्शियों की 03 (तीन) वर्ष तक नियुक्ति हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक परामर्शी अपना दर, बायोडाटा आदि संलग्न कर मुहर बंद लिफाफे में दिनांक 10.04.2026 के अपराहन 02:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं एवं उसी दिन 03:00 बजे अपराह्न में कोडरमा नगर पंचायत के कार्यालय कक्ष में परामर्शीदात्रियों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

**कार्य का विवरण :–**

| क्र0 | डी0पी0आर0 की राशि | डी0पी0आर0 शुल्क (सभी टैक्स सहित प्रतिशत में) | परामर्शी शुल्क (सभी टैक्स सहित प्रतिशत में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 0–1 करोड़ तक | | | |
| 02 | 1–5 करोड़ तक | | | |
| 03 | 5–10 करोड़ तक | | | |
| 04 | 10 करोड़ अधिक | | | |

**नियम एवं शर्ते :–**
(1) परामर्शीदात्रियों को दर के साथ पेन कार्ड, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 अद्यतन रिर्टन (वित्तीय वर्ष 2026) एवं आयकर रिर्टन पिछले 03 वित्तीय वर्ष की अभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
(2) परामर्शीदात्रियों को कोटेशन के साथ 5000/– जमानत राशि के रुप में राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत कोडरमा के पदनाम से कोडरमा में देय हो को समर्पित करना अनिवार्य होगा तथा बिना जमानत राशि के कोटेशन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
(3) परामर्शीदात्रियों को सरकार के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त के अनुरुप डी0पी0आर0 तैयार करना होगा।
(4) सरकारी स्तर पर निर्गत इस तरह के कार्य का डी0पी0आर0 तैयार किए जाने संबंधी अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करने वाले परामर्शीदात्री के आवेदन पर समान दर रहने की स्थिति में कार्य आवंटन पर प्राथमिकता दी जाएगी।
(5) सफल परामर्शीदात्री के प्रत्येक विपत्र से 5% राशि कटौती की जाएगी Final D.P.R. ससमय संतोषप्रद रुप से सक्षम स्तर से स्वीकृत कराने के उपरांत विभागीय आवंटन प्राप्त होने के उपरान्त हीं राशि विमुक्त की जायेगी।
(6) बिना कारण बताये आमंत्रित कोटेशन को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
(7) कोटेशन के साथ 1000/– (एक हजार) रूपये निविदा शुल्क (वापस नही होगा) बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी, कोडरमा नगर पंचायत, कोडरमा के नाम से देना अनिवार्य होगा।
(8) इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करना होगा कि आपकी कम्पनी/प्रतिष्ठान/आपका नाम काली सूची में दर्ज न हो।
(9) इससे संबंधित कोई भी वाद–विवाद का समाधान कोडरमा न्यायालय के अन्तर्गत निष्पादन किया जायेगा।
(10) अन्य जानकारी के लिए प्रत्येक कार्यदिवस में कार्यअवधि तक कोडरमा नगर पंचायत के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता हैं।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत कोडरमा

PR 376384 Urban Development(26-27).D

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

सर्व शिक्षा अभियान — सब पढ़ें सब बढ़ें
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाषः 06525–225835 फैक्सः 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

**निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम् 2009 की धारा 12 (1)(सी.) के अन्तर्गत 25%सीट में नामांकन से संबंधित आम–सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम् 2009 की धारा 12 (1)(सी.) के अन्तर्गत जिले के सभी गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों(अल्पसंख्यक छोड़कर) को सत्र 2026–27 में निम्न प्रावधानों के अनुरूप 25% सीट पर नामांकन किया जाना है :
I) सत्र 2026–27 में विद्यालय की प्रवेश कक्षा में विद्यालय की नामांकन क्षमता के 25% सीट पर अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन किया जाना है।
II) वैसे बच्चे जो विद्यालय के 1 कि.मी. की दूरी सीमा के अधीन निवास करते हों, का नामांकन किया जाना है। यदि इस दूरी सीमा में पर्याप्त बच्चे उपलब्ध नहीं होते हैं तो 3 से 6 कि.मी. की दूरी सीमा में निवास करने वाले बच्चों का नामांकन लिया जा सकता है।
III) अभिवंचित समूह में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40 प्रतिशत से अधिक निःशक्ततायुक्त एवं अनाथ बच्चे तथा कमजोर वर्ग के अन्तर्गत जो अभिवंचित समूह में नहीं आते हों और जिनके परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय रू0 72000/–से कम हो, का नामांकन किया जाना है।
IV) नर्सरी/एलकेजी में नामांकन हेतु उम्र सीमा 3 वर्ष 6 माह से 4 वर्ष 6 माह के बीच एवं कक्षा 1 में नामांकन हेतु 6 वर्ष से 7 वर्ष के बीच होगी। उम्र की गणना का Cut Off तिथि 31.03.2026 होगा।
V) 25% कोटि में नामांकन हेतु कार्यालय के वेबसाइट **jepsimdega.in** पर ऑनलाइन आवेदन दिनांक 20.04.2026 तक भरा जायेगा एवं माता–पिता/अभिभावक भरे गए आवेदन का प्रिंट निकालकर सभी दस्तावेजों को संलग्न एवं स्वअभिप्रमाणित करते हुए संबंधित विद्यालय में दिनांक 24.04.2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। कोई भी गलत प्रमाण पत्र संलग्न किए जाने की सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित माता–पिता/पालक/अभिभावक की होगी। माता–पिता/अभिभावकों द्वारा उपलब्ध कराए गए आवेदन एवं अभिलेखों/प्रमाणपत्रों की समुचित जाँचोंपरांत तथा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम् 2009 की धारा 12 (1)(सी.) के प्रावधानों के अनुरूप योग्य बच्चों का नामांकन संबंधित विद्यालय में लिया जायेगा। नामांकन हेतु योग्यता एवं आवेदन करने संबंधी विस्तृत जानकारी बेवसाइट पर उपलब्ध है।
VI) जिले में गैर सहायता मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय जहाँ 25% सीट पर बच्चों का नामांकन लिया जाना है, की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | विद्यालय का नाम, पता | विद्यालय की प्रवेश कक्षा, जिस पर नामांकन लिया जायेगा। | प्रवेश कक्षा में कुल नामांकन क्षमता | कुल नामांकन क्षमता का 25 प्रतिशत संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डी०ए०भी० पब्लिक स्कूल, सिमडेगा। | LKG | 30 | 7 |
| 2 | सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा, सिमडेगा। | LKG | 100 | 25 |
| 3 | रामरेखाधाम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सरखुटोली, सिमडेगा। | 1 | 40 | 10 |
| 4 | संत जोन्स स्कूल इंगलिश मीडियम फरसाबेड़ा, सिमडेगा। | 1 | 30 | 8 |
| 5 | हिल–व्यू पब्लिक स्कूल, सिमडेगा। | LKG | 60 | 15 |
| 6 | संत मेरिज इंग्लिश मिडियम स्कूल, सामटोली, सिमडेगा। | 1 | 90 | 22 |
| 7 | उर्सुलाईल प्राथमिक विद्यालय, जामपानी, ठेठईटांगर | LKG | 50 | 12 |
| 8 | संत उर्सुला प्राथमिक विद्यालय, गरजा | LKG | 40 | 10 |
| 9 | डॉन बोस्को स्कूल, जामटोली | LKG | 40 | 10 |
| | कुल | | 480 | 119 |

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 376429 (Simdega) 26-27 (D)

## बजट से वोटबैंक बढ़ाने की कवायत

27 साल लंबे अंतराल के बाद दिल्ली की सत्ता पाने वाली भाजपा ने अपने दूसरे ही बजट में वह सारी घोषणाएं की है, जिससे उसके स्थाई वोट बैंक में बढ़ोतरी हो सके। लगातार तीन बार दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों और साल 2022 से पहले के तीन नगर निगम चुनाव जीतने वाली भाजपा, दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार छह बार पराजित रही लेकिन पिछले साल केवल ढाई फीसदी के अंतराल से चुनाव जीतकर सत्ता में आई। इसी 24 मार्च को 2026-27 का बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने इसे हरित बजट का नाम दिया। इस बजट में जिस तरह की दनादन घोषणाएं की गई हैं, उससे वास्तव में यह चुनावी बजट जैसा लगता है। अगले साल के आखिर में होने वाले दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले दिल्ली सरकार का एक और बजट ही आ पाएगा। नगर निगम चुनाव 05 दिसंबर, 2022 को हुए थे। साल 2022 से पहले तीन नगर निगम चुनाव जीतने के बावजूद भाजपा का वोटबैंक नहीं बढ़ पा रहा है। इसमें अपवाद लोकसभा चुनाव ही है। जिसमें भाजपा को दिल्ली में औसत 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिलते रहे हैं। इस बजट का फोकस महिला वर्ग है। महिलाओं का समर्थन मिलने से ही बिहार में नीतीश कुमार की अगुवाई में लगातार राजग और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती रही है। इसी के बूते महाराष्ट्र में फिर से राजग की सरकार बनी। लाडली योजना के बजाए लखपति बिटिया योजना, बिहार की तर्ज पर 9 वीं की 1.30 लाख बच्चियों को मुफ्त साइकिल दी जाएगी। बजट पेश होने के साथ इस पर अमल करते हुए एक समारोह में 1100 बच्चियों को मुख्यमंत्री ने साइकिल बांटी। इस पर सरकार 90 करोड़ रुपए खर्च करेगी। 10वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटाप देने पर दस करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया है। इस पर भी अमल शुरू हो गया है। महिलाओं की तरह किन्नरों को भी बसों के फ्री पास, एक हजार महिलाओं और 100 किन्नरों को ई-आटो की परमिट, महिला सुरक्षा के तहत डार्क स्पाट खत्म करने और महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपए हर महीने देने के मद में 5110 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। यह अलग विषय है कि सरकार बने साल बीत जाने के बावजूद महिलाओं को पैसे मिलना शुरू नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समिति बनाकर पात्र महिलाओं की पहचान की गई। अब तुरंत नियमित पैसे दिए जाएंगे। इस बार बजट में 3700 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी की गई है। 27 साल बाद पिछले साल फरवरी दिल्ली में बनी भाजपा सरकार ने साल 2025-26 का रिकार्ड एक लाख करोड़ का बजट पेश किया। विधानसभा चुनाव में जिस तरह के वायदे किए गए थे, उसमें यह बजट भी नाकाफी रहा। दिल्ली में दस साल प्रचंड बहुमत से सरकार चलाने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) पर भाजपा समेत सभी विरोधी दल मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप लगाती रही। अब भाजपा सरकार भी उन मुफ्त की रेवड़ियों को दूसरे साल भी जारी रखने का ऐलान किया। भाजपा को इसका फायदा समझ में आने लगा है। इतना ही नहीं, दनादन मुफ्त बिजली-पानी के अलावा बजट में कई और रेवड़ियों की घोषणा कर दी। इस साल भी होली-दीवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने पर 260 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यह दिल्ली को और हरा-भरा बनाने वाला हरित बजट है। बजट मद का 21 फीसदी धन दिल्ली को हरा-भरा बनाने पर खर्च किया जाएगा। दिल्ली में ई-आटो, ई-टैक्सी और ई-बसें बड़ी तादाद में चलाई जाएंगी। दिल्ली के अलावा एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में ई-बसों का परिचालन शुरू हो गया है। मेट्रो रेल के चौथे और पांचवें चरण की न केवल मंजूरी दी गई है बल्कि उसके लिए 2224 करोड़ रुपए का बजट भी आवंटित कर दिया गया है। इसी तरह नमो भारत के दो नए कॉरिडोर की मंजूरी दी गई है। इसके लिए 568 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। दिल्ली नगर निगम को इस बार सर्वाधिक 11,666 करोड़ रुपए देने का प्रावधान किया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विद्यार्थी राजनीति के बाद नगर निगम से ही अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की है।

### सूडोकु नवताल- 7752

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7751 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# हनुमान जी की आराधना से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं

विजय केसरी

हिंदू धर्म ग्रंथो के अनुसार भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का प्रादुर्भाव आज से अन्ठावन हजार एक सौ सोलह वर्ष पूर्व हुआ था। लोक मान्यताओं के अनुसार त्रेतायुग के अंतिम चरण, चैत्र पूर्णिमा, मंगलवार की सुबह में हुआ था। यह हम समस्त झारखंडवासियों का सौभाग्य है कि हनुमान जी का जन्म इसी प्रांत के गुमला जिले के आंजन नामक छोटे से गांव के पहाड़ी गुफा में हुआ था। भक्त हनुमान जी के विषय में हमारे शास्त्रों में वर्णन है कि वे भगवान शिव जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हैं। भक्त हनुमान की आराधना से भक्तों के समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही साधकों को हनुमान जी के संग भगवान राम और शिव की भी कृपा प्राप्त होती हैं।

रामचरितमानस में वर्णन है कि भगवान राम जब माता सीता की खोज में जंगलों में भटक रहे थे, तभी उनका भक्त हनुमान से मिलन हुआ था। देखते ही देखते भक्त हनुमान राम के हृदय में बस गए थे और हनुमान के हृदय में राम बस गए थे। भगवान राम ने हनुमान जी को अपने छोटे भाइयों के समान ही दर्जा प्रदान किया था। जब राम लंका विजय कर अयोध्या लौटे थे, तब उनके साथ वानर सेना सहित काफी संख्या में लंका से अतिथि आ गए थे। वे सब काफी दिनों तक अयोध्या में रह गए थे। जब भगवान राम ने सबों को विदा किया था,तब विदाई लेकर एक -एक कर अतिथि जा रहे थे। राम ने हनुमान को भी विदाई देना चाहा तब हनुमान ने विदाई के स्वरूप में उनके ही चरणों में रहने का वरदान प्राप्त किया था। इसीलिए भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की तस्वीर में एक साथ,दास के रूप में हनुमान जी श्री राम के चरणों में बैठे दिखते हैं।

हनुमान के भक्त हनुमान जी को कई नामों से पुकारते हैं। हनुमान अपने हर नाम में गहरे अर्थ के साथ बंधे हुए हैं। हनुमान, बजरंगबली, पवन पुत्र, मारुति नंदन, अंजनी पुत्र, केसरी नंदन, कपीश, शंकर सुवन आदि विविध हनुमान के ही नाम है। इनके हर नाम में गहरा अर्थ बता छुपा हुआ है । इसे इनके नामों के उच्चारण से ही समझा जा सकता है। पवन पुत्र अर्थात पवन के पुत्र। अंजनी पुत्र अर्थात माता अंजनी के पुत्र। संत तुलसीदास ने हनुमान चालीसा में दर्ज किया है कि 'बल बुद्धि विद्या देऊ मोहि, हरहु क्लेश विकार'। अर्थात हे नाथ! तुम मुझे बल, बुद्धि, विद्या प्रदान कीजिए और हमारे अंदर जो क्लेश विद्यमान हैं, उसे हर लीजिए। जो भी भक्त हनुमान जी की पूजा पवित्र मन से करते हैं, उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। हमारे मनीषियों का कथन है कि नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करने से इसके भक्त इसी धरा में रहकर स्वर्ग के समान सुख प्राप्त करते हैं। जब वे इस धरा से विदा होते हैं, तब उनके प्राण निकलने का कोई कष्ट नहीं होते हैं। वे मोक्ष गामी होते हैं।

हनुमान की भक्ति से भक्तों के अंदर कोई डर - भय नहीं रहता हैं। वे धीरे - धीरे कर माया के सभी बंधनों से मुक्त हो जाते हैं। भक्त निर्भय हो जाते हैं। भक्त यह जान जाते हैं कि इस धरा पर उनका आना एक अवसर है। जाना भी एक अवसर है। उन्हें मृत्यु भय से मुक्ति मिल जाती है। वे अपना संपूर्ण जीवन भयमुक्त होकर जीते हैं। मन के अंदर के सभी कलमस कसाई सब खत्म हो जातें हैं। भक्त साक्षी भाव से जीवन जीते है। उनमें अहंकार लेश मात्र नहीं होते हैं। वे खुद भी प्रसन्न रहते हैं और अपने आसपास के लोगों को भी प्रसन्नता प्रदान करते हैं। संत तुलसीदास आगे हनुमान चालीसा में लिखते हैं कि 'कुमति निवार सुमति के संगी, कंचन बरन बिराज सुबेसा'। इनकी भक्ति से जितने भी तरह के कुमति हैं, सब दूर हो जाते हैं और भक्त सुमति के संग हो जाते हैं। भगवान राम की आराधना जो भी भक्त करते हैं, उन्हें भक्त हनुमान की भी कृपा प्राप्त होती हैं। जैसे ही भक्तगण राम शब्द का उच्चारण करते हैं। हनुमान जी तत्क्षण प्रसन्न हो जाते हैं। संत तुलसीदास ने रामचरितमानस में वर्णन किया है कि जहां भी राम कथा का आयोजन होता है। भक्त हनुमान वहां किसी न किसी रूप में कथा सुन रहे होते हैं। अर्थात जो भी भक्तगण भगवान राम की कथा में सम्मिलित होते हैं, वे बड़े भाग्यशाली होते हैं। भक्तों के मध्य ही अजर, अमर, अविनाशी भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान भी सम्मिलित होते हैं। इसलिए रामकथा के भक्तों को कथा समाप्ति के बाद उस धरती को जरूर प्रणाम करना चाहिए। जहां पर यह कथा हो रही होती है।

भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान की कथा, भक्ति और वीरता से ओतप्रोत है। माता सीता का पता लगाने के कार्य के लिए एक से एक वीर वानर वहां मौजूद थे। लेकिन यह अवसर राम ने सिर्फ हनुमान को ही दिया था। यह हनुमान की भक्ति का सर्वोत्तम सोपान था। हनुमान जब लंका पहुंचते हैं। माता जानकी को सबूत के रूप में अंगूठी देते हैं। माता को अशोक वाटिका में इस रूप में देखकर उन्हें अपार कष्ट होता है। वे भाव विह्वल हो गए थे। वे चाहते तो उसी पल माता सीता को अशोक वाटिका से लेकर राम के समक्ष प्रस्तुत हो सकते थे। लेकिन यह आदेश भगवान राम ने उन्हें नहीं दिया था । उन्हें सिर्फ माता सीता का ही पता लगाना था।

भक्त हनुमान की सूचना पाकर लंकाधिपति रावण उसे पकड़ने की कोशिश बहुत करते हैं। लेकिन हनुमान को पकड़ नहीं पाते हैं। अंततः ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर हनुमान जी को पकड़ने में सफल होते हैं। भक्त हनुमान ने ब्रह्मास्त्र का मान टूटने नहीं दिया और उन्होंने स्वयं को लंकापति के सुपुर्द कर दिया था। ऐसा कर हनुमान ने धर्मा की रक्षा की थी। लंकापति के दरबार में हनुमान ने जब यह कहा था कि हे रावन! अगर तुम मेरे पैर को जमीन से हटा दोगे तो मैं अपनी हार स्वीकार कर लूंगा। भक्त हनुमान ने यह कह कर सबों को चौंका दिया था। हनुमान को स्वयं से भी ज्यादा आस्था भगवान राम के प्रति थी। उन्हें पक्का विश्वास था कि जिनके सिर पर भगवान राम की कृपा होगी, उसका बाल भी बांका नहीं हो सकता है। रावण चाह कर भी हनुमान के पैर को जमीन से हिला तक नहीं पाए थे। यह राम नाम की विजय पताका था, जिसे लंका विजय के पूर्व ही पूरे लंका में लहरा दिया गया था।

संत तुलसीदास लिखते हैं कि 'विद्यावान गुनी अति चातुर, राम काज करिबे को आतुर'। अर्थात भक्त हनुमान सभी विधाओं में निपुण हैं और भगवान राम के कार्य करने के लिए आतुर भी है । इस पद से हम सबों को शिक्षा मिलती है कि हर व्यक्ति को विद्या ग्रहण के प्रति निष्ठावान होना चाहिए और अपने आराध्य के प्रति समर्पित भी होना चाहिए। आगे संत तुलसीदास दर्ज करते हैं कि 'संकट कटै मिटै सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा'। अर्थात भक्त हनुमान की आराधना से भक्तों के सभी कष्ट मिट जाते हैं। 'जो यह पढ़ै हनुमान चालीसा, होय सिद्धि साखी गौरीसा, तुलसीदास सदा हरग चेरा, कीजै नाथ हृदय मंह डेरा। उपरोक्त सारगर्भित पंक्तियां सभी भक्तों को तार देती हैं। बस इन पंक्तियों को अपने दैनंदिन जीवन में उतारने की जरूरत है।

# अपने भीतर के हनुमान को जगाने का पर्व

ललित गर्ग



हनुमान जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानव जीवन के चरित्र-निर्माण, आत्मबल, संयम, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देने वाला महान दिवस है। यह दिन हमें मंदिरों में दीप जलाने से अधिक अपने भीतर के अंधकार को दूर करने का संदेश देता है। हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक नहीं हैं, वे शक्ति के सदुपयोग, ज्ञान की विनम्रता, भक्ति की पराकाष्ठा और सेवा की परंपरा के प्रतीक हैं। इसलिए हनुमान जयंती मनाने का वास्तविक अर्थ है- अपने भीतर के हनुमान को जगाना। हनुमान जी को मंगलकर्ता और विघ्नहर्ता कहा गया है। लेकिन वे विघ्न केवल बाहरी नहीं हटाते, वे मनुष्य के भीतर के विघ्न-अहंकार, भय, आलस्य, क्रोध, लोभ, मोह, इन सबका भी नाश करते हैं। आज का मनुष्य बाहरी समस्याओं से कम और आंतरिक कमजोरियों से अधिक परेशान है। इसलिए आज हनुमान की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक है।

हनुमान शक्ति के प्रतीक हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने कभी अपनी शक्ति का प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने अपनी शक्ति को सेवा में लगाया। आज का युग शक्ति प्रदर्शन का युग बन गया है-धन का प्रदर्शन, पद का प्रदर्शन, ज्ञान का प्रदर्शन, शक्ति का प्रदर्शन। लेकिन हनुमान हमें सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का प्रदर्शन नहीं, उसका संरक्षण और सदुपयोग ही महानता है। सर्वशक्तिमान होकर भी उन्होंने स्वयं को ''राम का दास'' कहा। इससे बड़ी विनम्रता और क्या हो सकती है? हनुमान हमें यह भी सिखाते हैं कि शक्ति और ज्ञान का अहंकार नहीं होना चाहिए। ज्ञान यदि विनम्रता नहीं देता, तो वह अज्ञान है। शक्ति यदि सेवा में नहीं लगती, तो वह विनाश का कारण बनती है। इसलिए हनुमान शक्ति और ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता और सेवा के भी प्रतीक हैं। हनुमान को ज्ञानियों में अग्रगण्य कहा गया है- ''ज्ञानिनामग्रगण्यम''। वे केवल बलवान नहीं थे, वे महान विद्वान, व्याकरणाचार्य, तर्कशास्त्री, संगीतज्ञ और नीतिज्ञ भी थे। लेकिन इतनी विद्या होने पर भी उनमें अहंकार नहीं था। वे सरलता, सादगी और सेवा के प्रतीक बने रहे। आज शिक्षा बढ़ रही है, लेकिन विनम्रता घट रही है। डिग्रियाँ बढ़ रही हैं, लेकिन चरित्र घट रहा है। ऐसे समय में हनुमान का चरित्र हमें ज्ञान के साथ विनम्रता का संतुलन सिखाता है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे।

हनुमान के जीवन में तीन महान तत्व दिखाई देते हैं-ज्ञान, भक्ति और कर्म। ज्ञान उन्हें दिशा देता है, भक्ति उन्हें प्रेरणा देती है और कर्म उन्हें महान बनाता है। यदि किसी व्यक्ति के जीवन में ज्ञान है पर कर्म नहीं, तो वह अधूरा है। यदि कर्म है पर भक्ति नहीं, तो उसमें संवेदना नहीं होगी। यदि भक्ति है पर ज्ञान नहीं, तो वह अंधविश्वास बन सकती है। इन तीनों का समन्वय यदि किसी चरित्र में दिखाई देता है, तो वह हनुमान का चरित्र है। हनुमान का जीवन संयम का जीवन था। वे बलशाली थे, पर ब्रह्मचारी थे। वे विद्वान थे, पर विनम्र थे। वे वीर थे, पर शांत थे। वे शक्तिशाली थे, पर सेवक थे। यह संतुलन ही उन्हें महान बनाता है। आज मनुष्य के पास साधन हैं, पर संयम नहीं। ज्ञान है, पर दिशा नहीं। शक्ति है, पर सेवा नहीं। इसलिए समाज में अशांति बढ़ रही है। हनुमान का जीवन हमें संयम और संतुलन का संदेश देता है।

हनुमान के बाल स्वरूप की कथा भी अत्यंत प्रेरणादायक है। बालक हनुमान ने सूर्य को फल समझकर पकड़ने का प्रयास किया। यह केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि एक महान संदेश है। यह बालकों की असीम जिज्ञासा, उत्साह और ऊर्जा का प्रतीक है। यह कथा समाज को संदेश देती है कि बच्चों की जिज्ञासा को दबाया नहीं जाना चाहिए, उसे सही दिशा देनी चाहिए। यदि बालकों को सही मार्गदर्शन मिले, तो उनमें से हर बालक हनुमान बन सकता है-ऊजार्वान, जिज्ञासु, साहसी और रचनात्मक। आज के माता-पिता और समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि वे बच्चों में हनुमान जैसे गुण विकसित करें-साहस, जिज्ञासा, अनुशासन, सेवा, विनम्रता और भक्ति। यदि बचपन में ही यह संस्कार मिल जाएं, तो समाज का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। हनुमान भक्ति का वास्तविक अर्थ भी समझना जरूरी है। हनुमान भक्ति केवल चालीसा पढ़ना नहीं है, बल्कि हनुमान के गुणों को जीवन में उतारना है।

हनुमान भक्ति का अर्थ है- अहंकार छोड़ना, सेवा करना, सत्य का साथ देना, संयम रखना, कर्तव्य निभाना और अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। जब तक भक्ति केवल मंदिर तक सीमित रहेगी, तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। जब भक्ति जीवन बन जाती है, तब भगवान और भक्त अलग नहीं रहते। हनुमान की भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मपरिवर्तन की प्रक्रिया है। यह भक्ति व्यक्ति को भीतर से बदल देती है-अहंकार की जगह विनम्रता, क्रोध की जगह क्षमा, भय की जगह साहस और निराशा की जगह आशा भर देती है। आज समाज में सबसे बड़ी समस्या शक्ति की नहीं, चरित्र की है; ज्ञान की नहीं, दिशा की है; साधनों की नहीं, संयम की है। इसलिए आज समाज को हनुमान की जरूरत है-मंदिरों में नहीं, जीवन में; मूर्तियों में नहीं, व्यक्तित्व में। हर व्यक्ति के भीतर एक हनुमान सोया हुआ है- किसी में साहस का हनुमान, किसी में सेवा का हनुमान, किसी में ज्ञान का हनुमान, किसी में भक्ति का हनुमान। जरूरत केवल उसे जगाने की है।

अपने भीतर के हनुमान को जगाने का अर्थ है- अपने भीतर के भय को हराना, अपने भीतर के अहंकार को मिटाना, अपने भीतर की शक्ति को सेवा में लगाना, अपने ज्ञान को समाज के काम में लगाना, अपने जीवन को किसी महान उद्देश्य से जोड़ना। यदि हनुमान जयंती पर हम केवल पूजा करें और जीवन न बदलें, तो यह पर्व अधूरा है। यदि हम अपने जीवन में साहस, सेवा, संयम, विनम्रता और भक्ति का एक भी गुण उतार लें, तो हनुमान जयंती सार्थक हो जाएगी। आज आवश्यकता मंदिरों में हनुमान खोजने की नहीं, अपने भीतर हनुमान जगाने की है। जब व्यक्ति के भीतर हनुमान जागेगा, तब उसका भय समाप्त होगा। जब समाज के भीतर हनुमान जागेगा, तब अन्याय समाप्त होगा। जब राष्ट्र के भीतर हनुमान जागेगा, तब कमजोरी समाप्त होगी।

हनुमान जयंती हमें यही संदेश देती है कि महानता शक्ति में नहीं, शक्ति के सदुपयोग में है; ज्ञान में नहीं, ज्ञान की विनम्रता में है; भक्ति में नहीं, भक्ति के समर्पण में है। इस हनुमान जयंती पर हमें संकल्प लेना चाहिए- हम शक्ति का प्रदर्शन नहीं, संरक्षण करेंगे। हम ज्ञान का अहंकार नहीं, विनम्रता रखेंगे। हम भक्ति का प्रदर्शन नहीं, जीवन में समर्पण लाएंगे। हम अपने भीतर के हनुमान को जगाएंगे। यदि हर व्यक्ति अपने भीतर के हनुमान को जगा ले, तो परिवार सुधर जाएगा, समाज सुधर जाएगा, राष्ट्र सुधर जाएगा और मानवता का भविष्य उज्ज्वल हो जाएगा। यही हनुमान जयंती का वास्तविक संदेश है- अपने भीतर के हनुमान को जगाइए, जीवन को शक्ति, ज्ञान, भक्ति और सेवा का संगम बनाइए।

# भारत के लिए मुद्रा योजना बनी सूक्ष्म उद्यमों की ताकत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत की अर्थव्यवस्था की जड़ों में यदि किसी क्षेत्र की सबसे अधिक भूमिका है, तो वह है सूक्ष्म और लघु उद्यमों का विशाल नेटवर्क की। यही कारण है कि वर्ष 2015 में शुरू की गई 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना' ने बीते एक दशक में देश के करोड़ों लोगों को वित्तीय सहारा देने के साथ आर्थिक संरचना को भीतर से मजबूत करने का कार्य किया है। हालिया फैक्ट-शीट के अनुसार, इस योजना के तहत अब तक 52.37 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं और इनके माध्यम से 33.65 लाख करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

वस्तुतः भारत में लंबे समय तक छोटे उद्यमियों के सामने सबसे बड़ी समस्या रही है कि बिना गारंटी के सुलभ ऋण की उपलब्धता कैसे संभव हो सकती है। पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था में जटिल प्रक्रियाओं और गारंटी की शर्तों के कारण छोटे कारोबारी अक्सर वित्तीय सहायता से वंचित रह जाते थे। ऐसे में मुद्रा योजना ने इस बाधा को तोड़ते हुए बैंक, एनबीएफसी और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के माध्यम से बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराकर उद्यमिता को नई दिशा दी। यही कारण है कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी वैश्विक संस्थाओं ने भारत में वित्तीय समावेशन की दिशा में इस प्रकार के प्रयासों को महत्वपूर्ण माना है। विश्व बैंक की रिपोर्टों में यह स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय पहुंच का विस्तार आर्थिक असमानता को कम करने और विकास को समावेशी बनाने में निर्णायक भूमिका निभाता है।

मुद्रा योजना की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है महिलाओं की बढ़ती भागीदारी। कुल ऋणों में लगभग 70 प्रतिशत महिला उद्यमियों को दिए गए हैं, जोकि यह दर्शाता है कि उक्त योजना सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम बनी है। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में महिलाएं अब स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही हैं।


नीति आयोग की विभिन्न रिपोर्टों में इस तथ्य को रेखांकित किया गया है कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ने से समग्र विकास दर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और सामाजिक संतुलन भी मजबूत होता है। इसी तरह, सामाजिक न्याय की दृष्टि से भी यह योजना अत्यंत प्रभावी साबित हुई है। लगभग 50 प्रतिशत ऋण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को दिए गए हैं। वस्तुतः यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि योजना ने आर्थिक अवसरों को समाज के उन वर्गों तक पहुंचाया है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्टों में भी इस बात पर बल दिया गया है कि समावेशी विकास के लिए वित्तीय संसाधनों का समान वितरण आवश्यक है और मुद्रा योजना इस दिशा में एक मजबूत कदम है। दरअसल योजना की संरचना को देखें तो इसे तीन प्रमुख श्रेणियों शिशु, किशोर और तरुण में विभाजित किया गया है, जिसे कि उद्यमों के विभिन्न विकास चरणों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। शिशु श्रेणी में 50 हजार रुपये तक के ऋण दिए जाते हैं और कुल ऋणों का लगभग 78 प्रतिशत इसी श्रेणी में है।

वस्तुतः यह दर्शाता है कि देश में बड़ी संख्या में लोग छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू कर रहे हैं। वहीं किशोर श्रेणी, जिसमें 50 हजार से पांच लाख रुपये तक के ऋण शामिल हैं। कुल संख्या का लगभग 20 प्रतिशत है, लेकिन राशि के लिहाज से इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है। इससे यह संकेत मिलता है कि छोटे व्यवसाय अब विस्तार की ओर बढ़ रहे हैं। तरुण श्रेणी में पांच से 10 लाख रुपये तक के ऋण दिए जाते हैं, जिसकी संख्या भले ही सिर्फ दो प्रतिशत है, किंतु कुल राशि में इसकी हिस्सेदारी 24 प्रतिशत है, जोकि यह दशार्ती है कि विकसित हो रहे उद्यमों की पूंजी आवश्यकताएं तेजी से बढ़ रही हैं। सरकार ने इस योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 'तरुण प्लस' श्रेणी की शुरूआत की है जिसके तहत 10 लाख से 20 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। यह उन उद्यमियों के लिए एक बड़ा अवसर है, जिन्होंने पहले मुद्रा ऋण लेकर अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक स्थापित किया है और अब उसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। इसके साथ ही 'क्रेडिट गारंटी फंड फॉर माइक्रो यूनिट्स' के माध्यम से ऋण पर गारंटी कवरेज प्रदान किया जा रहा है, जिससे वित्तीय संस्थानों का जोखिम कम होता है और उद्यमियों को आसानी से ऋण मिल पाता है। यहां अच्छी बात यह है कि मुद्रा योजना का प्रभाव व्यक्तिगत स्तर तक सीमित न होकर इसका व्यापक आर्थिक प्रभाव भी देखने को मिला है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्टों के अनुसार, छोटे और सूक्ष्म उद्यम विकासशील देशों में रोजगार सृजन का सबसे बड़ा स्रोत होते हैं। भारत में भी इस योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इससे देश की बेरोजगारी में कमी आई है, साथ में स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को भी मजबूती मिली है।

इसके अतिरिक्त, यह योजना असंगठित क्षेत्र को औपचारिक अर्थव्यवस्था में लाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बनी है। जब कोई उद्यमी बैंकिंग प्रणाली से जुड़ता है, तो उसका वित्तीय रिकॉर्ड तैयार होता है, जिससे उसे भविष्य में और अधिक वित्तीय अवसर प्राप्त होते हैं। विश्व आर्थिक मंच ने भी अपनी रिपोर्टों में भारत को डिजिटल और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में स्वीकार किया है और मुद्रा योजना इस परिवर्तन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस तरह समग्र रूप से देखें और इसके बारे में कहें तो आज यही कहना होगा कि कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने भारत की अर्थव्यवस्था में एक संरचनात्मक परिवर्तन की नींव रखी है।

## दैनिक पंचांग

**2 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.32 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | वृष | 08.12 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.10 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.24 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.40 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.52 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.02 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.17 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.33 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | मकर | 01.38 बजे से |
| | | कुंभ | 03.25 बजे से |
| | | मीन | 04.57 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 92 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा 07.42 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 17.39 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 14.20 बजे को समाप्त।
**करण** बव 07.42 बजे तदनन्तर बालव 20.09 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872667
**जूलियन दिन** 2461132.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 13
**विशेष** हनुमान जयंती, धरती पुजा।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### एक टोटो अनियंत्रित होकर नाली में गिरा बाल बाल बचे लोग



**साहिबगंज:** जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। आरपी विद्या विहार स्कूल के समीप एक टोटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी बड़ी नाली में जा गिरा, जिससे उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार टोटो अचानक संतुलन खो बैठा और सीधे नाली में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को नाली से बाहर निकाला और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी डॉक्टर के यहाँ ले जाया गया। वहीं टोटो को भी स्थानीय लोगों के द्वारा उठाकर निकलवाया गया।

### गैस बुकिंग के बाद भी खाली हाथ लौटे उपभोक्ता, जांच में जुटा प्रशासन



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में गैस उपभोक्ताओं के साथ लापरवाही और संभावित कालाबाजारी का गंभीर मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। देवशिका एचपी गैस एजेंसी के खिलाफ कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि बुकिंग के बावजूद उन्हें गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया, जबकि मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, सोनी देवी ने 15 मार्च 2026 को और ज्योति देवी ने 21 मार्च 2026 को गैस बुकिंग कराई थी। दोनों उपभोक्ताओं को क्रमशः 18 मार्च और 23 मार्च को डिलीवरी का मैसेज प्राप्त हुआ, लेकिन वास्तविक रूप से उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिला। डिलीवरी मैसेज मिलने के बाद जब उपभोक्ता एजेंसी पहुंचे तो कार्यालय बंद मिला। इसके बाद पीड़ितों ने चौपारण के एमओ विक्रम पाण्डेय को मोबाइल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। एमओ द्वारा दो दिनों में समाधान का आश्वासन दिया गया, लेकिन एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। मामला बढ़ने पर प्रशासन हरकत में आया। चौपारण के सीओ संजय यादव और एमओ विक्रम पाण्डेय जांच के लिए एजेंसी पहुंचे, लेकिन वहां भी एजेंसी बंद पाई गई। एजेंसी संचालक से संपर्क करने की कोशिश की गई, परंतु उनका मोबाइल नंबर भी बंद मिला।

# राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार में झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत को देश में दूसरा स्थान, सम्मान समारोह में दिखा गौरव का माहौल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के लिए गर्व की बात है कि पाकुड़ प्रखंड की झिकरहट्टी पूर्वी ग्राम पंचायत ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के अंतर्गत "महिला हितैषी पंचायत" श्रेणी में पूरे देश में द्वितीय स्थान हासिल कर एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। इस ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में पंचायत परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिला प्रशासन की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी लोगों को सम्मानित किया गया। समारोह में उपायुक्त मनीष कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर पंचायत से जुड़े पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत कर्मियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं



तथा सक्रिय ग्रामीणों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला।

**सामूहिक प्रयास से मिली ऐतिहासिक सफलता**

उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे जिले की सामूहिक मेहनत, समर्पण और बेहतर समन्वय का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं का सही क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जनभागीदारी इस सफलता की मुख्य आधारशिला रही है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पंचायतों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है।

**75 लाख की राशि से होगा समग्र विकास**

उपायुक्त ने जानकारी दी कि इस पुरस्कार के तहत लगभग 75 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि पंचायत को प्राप्त होगी। इस राशि का उपयोग गांव के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, महिला सशक्तिकरण को और बढ़ावा देने तथा जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में किया जाएगा।

**हर वर्ग की भागीदारी बनी सफलता की कुंजी**

उन्होंने पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्यों, वार्ड सदस्यों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और जागरूक नागरिकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी।

**अब लक्ष्य—हर पंचायत बने मॉडल पंचायत**

उपायुक्त ने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक पड़ाव है, मंजिल नहीं। अब जरूरत है कि इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए जिले के अन्य पंचायतों को भी मॉडल पंचायत के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने भरोसा जताया कि इसी तरह सामूहिक प्रयास जारी रहा तो पूरे जिले में संतुलित, सुदृढ़ और समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## नीमजोल गांव की जर्जर सड़क बनी मुसीबत, वर्षों से अधूरी पड़ी मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बरहरवा प्रखंड के कोटालपोखर क्षेत्र अंतर्गत बड़ा सोनाकर पंचायत के नीमजोल गांव के लोगों की वर्षों पुरानी मांग आज भी अधूरी है। गांव तक पहुंचने वाली एकमात्र सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जहां आसपास के तमाम गांवों में पक्की सड़कों का निर्माण हो चुका है, वहीं नीमजोल के ग्रामीण अब भी कीचड़ और गड्ढों से भरे रास्तों पर चलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव तक पहुंचने के लिए लोगों को बंगालझझारखंड की सीमा वाली मुख्य सड़क पर वाहन छोड़कर पैदल ही जाना पड़ता है। सड़क की शुरूआत में ही बड़ा गड्ढा होने से साइकिल और मोटरसाइकिल तक निकल पाना मुश्किल हो जाता है। मजबूर होकर लोगों को खेतों



के रास्ते से गांव तक जाना पड़ता है। गांव के बच्चों को स्कूल जाने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है—खराब सड़क के कारण आवाजाही पूरी तरह ठप हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों और पंचायत स्तर पर सड़क निर्माण की मांग रखी, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। लगातार उपेक्षा से अब ग्रामीणों की उम्मीदें टूटती नजर आ रही हैं।

## झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत ने रचा इतिहास, राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत झिकरहट्टी पूर्वी ग्राम पंचायत ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे राज्य का मान बढ़ाया है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के तहत "महिला हितैषी पंचायत" थीम में दीन दयाल उपाध्याय सतत विकास पुरस्कार में इस पंचायत ने पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से न केवल पाकुड़ जिला बल्कि झारखंड राज्य भी गौरवान्वित हुआ है।

**सतत विकास और महिला सशक्तिकरण का सफल मॉडल**

झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत को यह सम्मान स्थानीय स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, महिला सशक्तिकरण, समावेशी विकास और पारदर्शी



प्रशासन के लिए प्रदान किया गया है। पंचायत ने यह साबित किया है कि यदि योजनाओं को सही दिशा और प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जाए, तो गांव स्तर पर भी राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

**PAI 2.0 में भी शानदार प्रदर्शन**

पंचायत उन्नति सूचकांक वर्ष 2023-24 में पंचायत ने 76.1 अंक प्राप्त कर "ग्रेड-ए" श्रेणी में जगह बनाई है। विभिन्न थीम आधारित मूल्यांकन में भी पंचायत का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है—
महिला हितैषी पंचायत - 81.43
बाल हितैषी पंचायत - 85.25
गरीबी उन्मूलन एवं आजीविका - 83.89 स्वस्थ पंचायत - 83.58
सुशासन - 84.03 आधारभूत संरचना - 83.14 सामाजिक न्याय एवं सुरक्षा -79.59 यह आंकड़े पंचायत के संतुलित एवं समग्र विकास की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करते हैं।

**राष्ट्रीय स्तर पर बनी रोल मॉडल पंचायत**

इस उपलब्धि के साथ झिकरहट्टी पूर्वी पंचायत अब देश की एक रोल मॉडल पंचायत के रूप में उभर कर सामने आई है। महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर विकास की जो मिसाल इस पंचायत ने पेश की है।

## सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित, उपायुक्त ने किया शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में सदर अस्पताल, साहेबगंज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने कहा कि जिले में प्रतिमाह लगभग 300 यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, जिसे पूरा करने हेतु अधिक से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 54 शिविरों के माध्यम से 2732 यूनिट रक्त संग्रह किया गया, जबकि आवश्यकता इससे अधिक है। उन्होंने निजी नर्सिंग होम एवं समाज के सभी वर्गों से सहयोग की



अपील की। उपायुक्त हेमंत सती ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए कहा कि रक्त को पैसे से नहीं खरीदा जा सकता, यह केवल दान से ही प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया मरीजों एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की अत्यधिक आवश्यकता होती है, इसलिए समाज की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने होमगार्ड जवानों एवं सभी रक्तदाताओं की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार सहित अन्य चिकित्सक, अधिकारी, पत्रकार एवं रक्तदाता उपस्थित थे।

## नौ अप्रैल से नौ दिवसीय 11 कुंडिया लक्ष्मी नारायण यज्ञ का होगा शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा मंदिर परिसर में नौ अप्रैल को लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। वही अयोध्या से चलकर आए अयोध्या दास जी महाराज ने प्रेस को बताया कि यज्ञ हमारे भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा रही है। अलग-अलग कामना से यज्ञ कराते है। संसार के कल्याण मानव के उत्थान करने वाला यज्ञ सफल होता है। साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा मंदिर परिसर में नौ अप्रैल से 11 कुंडिया लक्ष्मी नारायण महा नौ दिवसीय आयोजित किया जाएगा। काशी के डॉ हरेंद्र द्विवेदी के सानिध्य में ये यज्ञ होगा। हमारे प्राकृतिक, संसारिक ओर देश व जिला का कल्याण हो। अयोध्या काशी वृंदावन से साधु संत पुरोहित सब का आगमन जिला में होगा।



समिति अध्यक्ष विमल यादव ने बताया कि नौ अप्रैल से 17 अप्रैल तक महायज्ञ होगा। नौ अप्रैल की सुबह 5100 कलश के साथ कलश यात्रा निकाला जाएगा। घोड़ा, रामगढ़ का बैंड बाजा कलश यात्रा में आकर्षक का केंद्र रहेगा। नौ दिन भंडारा, सुबह नौ बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। भक्तों का सुरक्षा व्यवस्था रहेगा। मेला में बच्चों और श्रद्धालुओं के लिए तारा माची झूला, कई सारे दुकान सहित भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से महायज्ञ का तैयारी युद्ध स्तर से किया जा रहा है।

## स्टेशन पर आरपीएफ की मॉक ड्रिल आपात स्थिति से निपटने का अभ्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसरों में आपातकालीन तैयारियों को सुदृढ़ करने तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों के अंतर्गत, मालदा मंडल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा मनीष कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक, मालदा के मार्गदर्शन में तथा आशिम कुमार कुल्लू, मंडल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ, मालदा के पर्यवेक्षण में साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर एक व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस मॉक ड्रिल के दौरान एक आपातकालीन परिदृश्य का अनुकरण किया गया, जिसमें विस्फोट जैसी स्थिति के कारण प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर एक कोच के पटरी से उतरने की स्थिति उत्पन्न हुई, जिससे डाउन लाइन प्रभावित हुई। इस अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच समन्वित प्रतिक्रिया प्रणाली का आकलन करना तथा उसे और अधिक सुदृढ़ बनाना था। यह मॉक ड्रिल आरपीएफ पोस्ट साहिबगंज, जीआरपी साहिबगंज, वाणिज्य




विभाग, एसएसई, स्टेशन अधीक्षक, बुकिंग स्टाफ तथा चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई। अभ्यास के दौरान घायलों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने एवं राहत एवं बचाव कार्यों का समन्वित संचालन किया गया। साथ ही, आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया उपायों का प्रभावी प्रदर्शन किया गया।यात्रियों एवं स्टेशन उपयोगकर्ताओं को सतर्कता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें किसी भी लावारिस सामान अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे या सुरक्षा कर्मियों को देने की सलाह दी गई, साथ ही सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखने का आश्वासन भी दिया गया।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक गया जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद उत्पन्न हुए जनाक्रोश को पुलिस ने सूझबूझ से शांत करा दिया है। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक युवक द्वारा किसी विशेष विषय पर अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस टिप्पणी से स्थानीय लोगों में गहरा रोष देखा गया। सोमवार रात करीब 9 बजे आक्रोशित लोग तीनपहाड़ बस स्टैंड चौक पर एकत्रित हुए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे।घटना की




सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत कराया और निष्पक्ष जांच व उचित कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। आश्वासन मिलने के बाद लोग शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त हुआ।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को अविलंब गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने आम जनता से शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि "सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी और संयम के साथ करें। किसी भी धर्म या समुदाय के विरुद्ध भड़काऊ या आपत्तिजनक टिप्पणी करना न केवल अनैतिक है बल्कि दंडनीय अपराध भी है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

**जिम्मेदारी से करें सोशल मीडिया का प्रयोग**

यह घटना हम सभी के लिए एक सीख है। डिजिटल युग में हमारी एक छोटी सी टिप्पणी समाज का माहौल बिगाड़ सकती है। नागरिकों को चाहिए कि वे किसी भी धर्म का अनादर न करें और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए एक-दूसरे को प्रेरित करें। सतर्क रहें, जागरूक बनें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य कर्मियों का वार्षिक मूल्यांकन, प्रदर्शन के आधार पर वेतन वृद्धि तय



**पाकुड़ :** जिले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों के वार्षिक अप्रेजल को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर्मियों के कार्य निष्पादन की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा प्रत्येक कर्मी के कार्यों का क्रमवार मूल्यांकन करते हुए उनके प्रदर्शन प्रतिवेदन के आधार पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से अप्रेजल प्रदान किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को 8 प्रतिशत वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी। वहीं अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को 7 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत की वेतन वृद्धि दी गई। जिन कर्मियों का प्रदर्शन औसत से कम पाया गया, उन्हें 5 प्रतिशत की वेतन वृद्धि प्रदान की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कार्य के प्रति समर्पण, जिम्मेदारी एवं गुणवत्ता ही मूल्यांकन का आधार है। उन्होंने सभी कर्मियों को अपने कार्य में और अधिक सुधार लाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की आठवीं वर्षगांठ मनाई गई



**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड स्थित झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में स्थापना के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बैंक परिसर में एक सादगीपूर्ण लेकिन गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबंधक संजय यादव ने केक काटकर बैंक की अब तक की सफल यात्रा का जश्न मनाया और उपस्थित सभी कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बैंक ने पिछले आठ वर्षों में क्षेत्र के लोगों का भरोसा जीतते हुए निरंतर प्रगति की है। इस अवसर पर बैंक परिसर में ग्राहकों के साथ खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम में त्रिलोकी पांडेय, विनोद भगत और अमन भगत समेत कई सम्मानित ग्राहक मौजूद रहे। सभी ने बैंक की उपलब्धियों पर खुशी जताई और भविष्य में भी इसी तरह बेहतर सेवाएं मिलने की उम्मीद व्यक्त की। शाखा प्रबंधक ने उपस्थित ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक की सफलता में ग्राहकों के विश्वास और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में बैंक और भी बेहतर एवं आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। कार्यक्रम के दौरान बैंक कर्मियों और ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे माहौल में खुशी की झलक दिखाई दी।

### जमीनी विवाद में दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**साहिबगंज :** राधानगर थाना क्षेत्र के नकीरटोला में जमीन विवाद को लेकर गुरुवार को गेहूं की कटाई के दौरान दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान एक बुजुर्ग पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नकीरटोला बहियार स्थित एक भूखंड पर मालिकाना हक को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। गुरुवार को जब एक पक्ष द्वारा गेहूं की कटाई की जा रही थी, तभी दूसरा पक्ष वहां पहुंच गया और देखते ही देखते विवाद बढ़कर हिंसा में बदल गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के गफ्फार शेख ने 65 वर्षीय हाफू शेख पर तेज धारदार हंसुआ से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना पुलिस हरकत में आई और मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड संख्या 94/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई गंभीर धाराओं—191(2), 191(3), 115(2), 117(2), 118(1), 109(1), 351(2) और 352—के तहत प्राथमिकी दर्ज की। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी गफ्फार शेख और अफसर शेख, निवासी उत्तर पलासगाछी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पुलिस मामले पर लगातार नजर बनाए हुए है।

### 'चाय पर चौपाल', सिविल सर्जन ने श्रमिकों से किया सीधा संवाद

**साहिबगंज:** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत टमटम स्टैंड काली स्थान समीप बुधवार सुबह को सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान के नेतृत्व में प्रातः चौपाल सिविल सर्जन की चाय पर श्रमिकों के बीच स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह छह बजे से आठ बजे तक आयोजित किया गया।जहां सिविल सर्जन ने स्थानीय लोगों, श्रमिकों को चाय बनाकर पिलाया उनका हेल्थ जांच किया ओर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से अवगत हुए ओर सीधा संवाद किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य व्यवस्था समाज के श्रमिकों तक पहुँचना था जो अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण अक्सर स्वास्थ्य जांच और परामर्श से वंचित रह जाते हैं। श्रमिकों को मौसमी बीमारियों, स्वच्छता के महत्व और नियमित जांच के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने कहा हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को केवल अस्पताल की दीवारों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें सीधे उन लोगों तक पहुँचाना है जो राष्ट्र निर्माण में अपना पसीना बहाते हैं। यह चौपाल एक संवाद का माध्यम है ताकि हम उनकी समस्याओं को करीब से समझ सकें। निःशुल्क जांच चौपाल के दौरान कई श्रमिकों की बुनियादी स्वास्थ्य जांच बीपी, शुगर, टीबी सहित अन्य का जांच किया गया ओर जरूरत की दवाई दी गई।

## संक्षिप्त डायरी

### खेत पर काम कर रहे युवक पर दबंगों ने झोंका फायर,घायल अवस्था में झांसी रेफर

**महोबा (एजेंसी )** । उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद में खेत पर काम कर रहे युवक पर आपसी रंजिश को लेकर दबंगों ने फायर झोंक दिया, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है। घटना के बाद पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है। जनपद के कबरई थाना क्षेत्र के गांव रैवारा निवासी अरुण पुत्र बलवीर (24) अपने खेत पर मंगलवार की देर शाम काम कर रहा था। तभी बाईकों पर सवार होकर आए दबंगों ने गाली गलौच शुरू कर दिया और विरोध करने पर तमंचे से फायर झोंक दिया। गोली अरुण के हाथ में लगी, जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया। घायल के चाचा रमाकांत ने बताया कि 7 बाईकों में लगभग 12 लोग आए, जिनमें सुमित और सुभाष तमंचा लिए थे। जहां सुमित ने भतीजे को गोली मार दी। आनन फानन में घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर किया गया है। कबरई थाना प्रभारी सतवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि अभी किसी भी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है,आरोपितों की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### सुलतानपुरः मुठभेड़ में एक घायल समेत गौकशी के तीन आरोपित गिरफ्तार

**सुलतानपुर (एजेंसी )** । उत्तर प्रदेश में जिला सुलतानपुर के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में एक घायल गौकश सहित तीन को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया कि सूचना मिली थी कि एक मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध व्यक्ति जा रहे हैं। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इटकौली जंगल के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे और फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी फायरिंग में अफरोज (28 ) के पैर में गोली लग गई। मौके से दो अन्य आरोपितों, मोहम्मद गुलफाम उर्फ इमरान और आजाद–को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। घायल आरोपित को इलाज के लिए सीएचसी जयसिंहपुर भेजा गया है। इन्हीं आरोपितों को छोड़ने के आरोप में कल ही गोसाईगंज थाना अध्यक्ष एक उपनिरीक्षक व मुख्य आरक्षी को पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने निलंबित कर दिया था।

### अमित शाह के बाद शिवराज सिंह चौहान से मिले केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ (एजेंसी )** । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मंगलवार देर रात भेंट की। उसके बाद बुधवार को केशव प्रसाद मौर्य ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की है। उप मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री अमित से भेंट की अपनी फोटो सोशल मीडिया पर भी शेयर की है। केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा कि नई दिल्ली में नक्सल-मुक्त भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाले हम सभी कार्यकताओं के प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। साथ ही, विभिन्न महत्त्वपूर्ण विषयों पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला।

### यूपी ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन स्पाइनल स्पेशल कोर्स एवं प्रथम बीएचयू स्पाइन कैडर कोर्स 19 अप्रैल से

**वाराणसी (एजेंसी )** । उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में 12वां उत्तर प्रदेश ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन (यूपीओए) स्पेशल कोर्स इन स्पाइन आगामी 19 अप्रैल को इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रथम बीएचयू स्पाइन कैडर कोर्स 18 अप्रैल को आईएमएस बीएचयू में ही आयोजित होगा। ये दोनों कार्यक्रम राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित फैकल्टी की उपस्थिति में रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्याओं के नवीनतम सिद्धांतों, निदान और उपचार पद्धतियों पर केन्द्रित होंगे। कार्यक्रम में ऑथोर्पेडिक सर्जन, स्पाइन विशेषज्ञ, प्रशिक्षु और स्पाइन केयर में रुचि रखने वाले अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों सहित लगभग 80झ100 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। आयोजक अध्यक्ष प्रो. अजीत सिंह (ऑथोर्पेडिक्स) ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें प्रमुख विषय, डिस्क सम्बंधित समस्याएँ, स्पाइनल डीजेनेरेशन (घिसावट), विकृति (डीफॉर्मिटी), संक्रमण और अन्य रीढ़ संबंधी विकार रहेंगे। कार्यक्रम में लक्षित व्याख्यान, केस प्रस्तुतियां, इंटरैक्टिव चचाएं और पैनल प्रश्नोत्तर होंगे। इसमें फैकल्टी, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित स्पाइन विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में ऑथोर्पेडिक सर्जन, न्यूरो सर्जन (स्पाइन में रुचि रखने वाले), प्रशिक्षु, फिजियोथेरपिस्ट और स्पाइन केयर में संलग्न अन्य सहयोगी स्वास्थ्य पेशेवर भाग ले सकेंगे। इसके लिए पंजीकरण विभाग ऑफ ऑथोर्पेडिक्स, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में हो रहा है।

### एनपीएस के विरोध और पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर अटेवा ने मनाया काला दिवस

**लखनऊ (एजेंसी )** । आल टीचर्स एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा ) के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने बताया कि पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली के लिए आज 01 अप्रैल को पूरे प्रदेश के शिक्षक व कर्मचारी काली पट्टी बांधकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2005 को पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर नयी पेंशन योजना (एनपीएस) लागू कर दिया गया था। इस व्यवस्था को लागू हुए 20 वर्ष से अधिक हो चुके हैं और काफी शिक्षक व कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं। इस व्यवस्था में रिटायर हो चुके लोगों को बुढ़ापे में दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। इसलिए प्रदेश के शिक्षक व कर्मचारी बुधवार को अपने अपने कार्य स्थल पर काली पट्टी बांधकर सरकार से एनपीएस व यूपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) लागू करने की मांग कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि एनपीएस शिक्षकों कर्मचारियों के लिए काला कानून है क्योंकि यह काला कानून 1 अप्रैल 2005 को लागू हुआ था। इसीलिए अटेवा प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल को काला दिवस मनाता आ रहा है जिसमें सभी विभागों के शिक्षक कर्मचारी अपने अपने कार्यस्थलों पर बांह में काली पट्टी बांध कर विरोध प्रकट कर रहे हैं।

# फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ें सभी किसान, एकीकृत डिजिटल प्रणाली से मिलेगा योजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## –मुख्यमंत्री ने दिए फार्मर रजिस्ट्री के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाने का निर्देश



**लखनऊ (एजेंसी )** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि यथाशीघ्र प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर कृषि विभाग की बैठक में कहा कि राज्य सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है। इसके अंतर्गत कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा रहा है, जिससे किसान को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा असंगति है तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए। साथ ही प्रत्येक पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं के लाभ वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए और पात्रता का सत्यापन सुगम हो सके।
मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समयसीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 01 मई 2026 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए। इसके माध्यम से लाभार्थियों के चयन और लाभ वितरण की प्रक्रिया को डिजिटल एवं एकीकृत रूप में संचालित किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग भी अपनी योजनाओं में किसान पहचान पत्र के उपयोग के लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें और 31 मई 2026 तक आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें, ताकि सभी विभागों में एक समान व्यवस्था लागू हो सके।
मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक जटिलताएं समाप्त होंगी। इससे संसाधनों का लक्षित उपयोग संभव होगा तथा विशेष परिस्थितियों में आवश्यक कृषि इनपुट का वितरण अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के लागू होने से योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से किसानों तक पहुंचेगा और एक ही लाभार्थी को बार-बार लाभ मिलने की स्थिति की समीक्षा भी सहज रूप से की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए समयसीमा के भीतर पूर्ण करें और इसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। इस बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव एसपी गोयल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सवर्ण मोर्चा को दिया आश्वासन

**लखनऊ (एजेंसी )** । यूजीसी के 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना' (संशोधन) विनियम, 2026 के विरोध में सवर्ण मोर्चा के एक प्रतिनिधिमण्डल ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। इस पर उपमुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर दिल्ली नेतृत्व से बात करने का
आश्वासन दिया है। बुधवार को सवर्ण मोर्चा के एक प्रतिनिधिमण्डल अभिनव नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके सरकारी आवास पर मिला। सवर्ण मोर्चा के संदीप सिंह ने बताया कि यूजीसी काला कानून सवर्ण समाज के साथ अन्याय है। उपमुख्यमंत्री पाठक ने सवर्ण मोर्चा के पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि हम सबको साथ लेकर चलते हैं। किसी भी कीमत पर किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। इस मुद्दे पर हम दिल्ली नेतृत्व से बात करेंगे। इस अवसर पर ब्रजेश पाठक ने पत्रकारों से बात करते हुए सपा की कड़ी आलोचना की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के लोग बहुरूपिये हैं, जब सत्ता में होते हैं तब दलित विरोधी होते हैं। महिला आरक्षण का विरोध किया, बिल फाड़कर फेंक दिया। अब जब सत्ता में नहीं हैं तो हाय सत्ता– हाय सत्ता की भूख सता रही है। इनके कुकृत्य सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि यह दलित विरोधी हैं व पिछड़ा विरोधी हैं। इन्हें आम जनता से कोई लेना देना नहीं है। यह केवल सैफई का विकास चाहते हैं। सपा के नेता केवल जनता को गुमराह करना चाहते हैं।

## पूर्व विधायक विजय सिंह के घर में हुए विस्फोट में घायल पूर्व प्रधान की मौत



**फरुर्खाबाद (एजेंसी )** । उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जिले में पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर हुए विस्फोट में घायल समर्थक पूर्व प्रधान भैया लाल चौहान की मौत हो गई। मालूम हो कि थाना मऊदरवाजा के ग्राम नूरपुर निवासी पूर्व प्रधान भैया लाल का कानपुर में इलाज चल रहा था। पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास पर हुए विस्फोट में उनके बेटे सिक्की, विक्की एवं भैया लाल सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे। जिनके विरोध में नखास चौकी इंचार्ज इमरान फरीद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दर्ज कराई रिपोर्ट में घुमना चौकी इंचार्ज इमरान फरीद ने कहा है कि 17 मार्च 26 को समय करीब 6 बजे शाम हमराह सिपाही मलखान सिंह साहबगंज चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी दो घायल व झुलसे हुए व्यक्ति भारत नर्सिंग होम की तरफ ई-रिक्शा में कुछ लोग लेकर जा रहे थे। मेरे द्वारा रोककर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि दोनों घायल व झुलसे हुए व्यक्ति पूर्व विधायक विजय सिंह के लड़के अभिनाश उर्फ विक्की व अभिषेक उर्फ सिक्की हैं। इनके घर में भयानक विस्फोट हो गया है। जिसमें 5 से 6 लोग घायल हो गए हैं, कुछ लोग वहीं मौके पर पड़े हैं। इस सूचना पर मैं हमराही के साथ पूर्व विधायक विजय सिंह के आवास स्थित मोहल्ला नाला मछरट्टा पहुंचा, तो देखा कि घर के बाहर पब्लिक के लोग काफी जमा थे और पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल था। लोग चीख पुकार कर रहे थे। गेट के अंदर घुसते ही फर्श टूटा पड़ा था और बेसमेंट की छत उखड़ गई थी और उसमें रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। मलबे में एक व्यक्ति भैयालाल पुत्र हरिकिशन निवासी नूरपुर थाना मऊदरवाजा मलबे में बुरी तरह घायल अवस्था में दबा पड़ा था, जिसको हमराही की मदद से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। पूछने पर लोगों ने बताया कि अन्य घायलों में विक्की व सिक्की के अलावा कुछ अन्य लोग और भी हैं जिनके नाम ईशू चौरसिया पुत्र धनश्याम चौरसिया उम्र करीब 29 वर्ष निवासी मोहल्ला नाला मछरट्टा, रामवीर यादव पुत्र अजय राज उम्र करीब 60 वर्ष निवासी रेलवे स्टेशन फरुर्खाबाद, रानू मिश्रा पुत्र वीरेंद्र मिश्रा निवासी मितूकपुर, उम्र करीब 35 वर्ष, भैयालाल पुत्र हरिकिशन उम्र करीब 40 वर्ष निवासी नूरपुर थाना मऊदरवाजा और बाकी अन्य लोगों को जनता द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया है। साहस कर मेरे द्वारा टूटे हुए बेसमेंट में देखा गया तो उसमें से विस्फोटक पदार्थ की बू आ रही थी और दीवारों पर खून के धब्बे लगे थे। पूरे मकान की तीसरी मंजिल तक खिड़की, दरवाजे, ग्रिल, छत और लैंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त पड़े थे। आसपास के लोगों ने बताया कि समय करीब लगभग 7.30 बजे के आसपास तेज धमाके के साथ पूरी बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो गयी। उसमें मौजूद लोग घायल हो गये। मौके की स्थिति से यह स्पष्ट है कि मकान में मौजूद उक्त लोगों द्वारा अवैध विस्फोटक पदार्थ संग्रह कर निर्माण किया जा रहा था, जिस कारण यह घटना घटित हुई और लोगों की जान का खतरा उत्पन्न हो गया। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## वाराणसी के रेवड़ी तालाब मदरसे में लिफ्ट टूट कर गिरने से युवक की मौत, एक अन्य घायल



**वाराणसी (एजेंसी )** । उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के भेलूपुर थाना क्षेत्र के पांडेय हवेली रेवड़ी तालाब स्थित मदरसा जामिया हमीदिया रिजविया में मंगलवार देर रात लिफ्ट टूट कर गिरने से उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पाते ही रेवड़ीतालाब चौकी प्रभारी मातहत पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए और घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए बीएचयू ट्रामा सेंटर भिजवाया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृत युवक की पहचान मदनपुरा निवासी आसिफ आदिल (22) के रूप में हुई। घायल युवक मदनपुरा का ही हसनैन रजा (20) बताया गया है। मदरसा जामिया हमीदिया रिजविया में मंगलवार देर शाम निकाह के कार्यक्रम में शरीक होने के लिए दोनों युवक आए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोनों चार मंजिला मदरसा के कम्युनिटी हाल में जाने के लिए लिफ्ट पर सवार हुए। इसी दौरान नीचे जा रही लिफ्ट अचानक फेल होकर तीन मंजिल नीचे आ गिरी। इसमें सवार आसिफ आदिल की मौके पर ही मौत हो गई। माना जा रहा है कि लिफ्ट का वायर टूटने के कारण यह दुर्घटना हुई। भेलूपुर एसीपी गौरव कुमार ने पत्रकारों को बताया कि पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस घटना की वजह जानने के लिए जांच पड़ताल कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि रेवड़ी तालाब चौकी प्रभारी ने सक्रियता दिखाते हुए घायल को अस्पताल भिजवाया। घायल युवक का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है। भेलूपुर पुलिस ने मृत युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ऑरेंज अलर्ट के बीच प्रयागराज सहित कई जिलों में तेज हवा और बारिश



**प्रयागराज (एजेंसी )** । उत्तर प्रदेश में आने वाले चौबीस घंटे के दौरान आसमान में बादल छाए रहने और 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलने वाली हवाओं के साथ बारिश की संभावना है। हालांकि बुधवार की भोर से ही प्रयागराज में तेज हवाओं के साथ रुक रुककर बारिश भी हुई है। सचेत ऐप के माध्यम से प्राप्त मौसम विभाग की सूचना के अनुसार अगले तीन घंटों के भीतर प्रदेश के कई जनपदों में बिजली, मध्यम बारिश और तेज हवाओं के साथ तूफान की संभावना जताई गई है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ एस.एन.सुनील पांडेय का कहना है कि ऐसा मौसम आने वाले चौबीस घंटे बने रहने की संभावना है। अलर्ट के दायरे में अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, आजमगढ़, बहराईच, बाराबंकी, बस्ती, भदोही, गोंडा, हरदोई, जौनपुर, लखनऊ, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सीतापुर, सुल्तानपुर और उन्नाव जनपद शामिल हैं। इन क्षेत्रों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। प्रयागराज में देर रात करीब 2 बजे से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं चल रही हैं। बीच-बीच में रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा और सुबह करीब 7:30 बजे तक मेघ गर्जन के साथ बूंदाबांदी होती रही। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है, विशेषकर खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## निजी संपत्ति पर नमाज पढ़ने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, शांतिभंग होने पर प्रशासन कार्रवाई के लिए स्वतंत्र



**प्रयागराज (एजेंसी )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया है कि व्यक्तिगत सुरक्षा और निजी संपत्ति की आड़ में सार्वजनिक व्यवस्था और शांति को खतरे में नहीं डाला जा सकता। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया है कि व्यक्तिगत सुरक्षा और निजी संपत्ति की आड़ में सार्वजनिक व्यवस्था और शांति को खतरे में नहीं डाला जा सकता। कोर्ट ने याचियों को निजी संपत्ति पर भीड़ जुटाकर नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी है। साथ ही कहा कि शांति व्यवस्था भंग होने पर प्रशासन कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने तारिक खान की याचिका पर दिया है। बरेली निवासी याची तारिक खान ने रमजान के दौरान निजी संपत्ति पर नमाज पढ़ने से रोक लगाने और शांति भंग में किए गए चालान को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। इस मामले में कोर्ट ने बरेली की डीएम और एसएसपी को तलब किया था। न्यायालय के पूर्व आदेश के अनुपालन में बरेली के जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश हुए। सुनवाई के दौरान अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने शासन का पक्ष रखते हुए न्यायालय को अवगत कराया कि याचिकाकर्ता सुरक्षा की आड़ में नियमों का दुरुपयोग कर रहा है। हलफनामे और साक्ष्यों के माध्यम से अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की निजी संपत्ति पर प्रतिदिन 52 से 62 लोग नमाज के लिए एकत्रित हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र की सांप्रदायिक शांति और सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा हो रहा है। कानून और व्यवस्था बनाए रखना अधिकारियों का प्राथमिक कर्तव्य है, और ऐसी प्रथाओं को जारी रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती जो सार्वजनिक शांति में व्यवधान डालें। 16 जनवरी को किया गया चालान वापस लेने का निर्देश न्यायालय के कड़े रुख को देखते हुए याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजेश कुमार गौतम ने अदालत को आश्वस्त किया कि भविष्य में उक्त संपत्ति पर नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित नहीं किया जाएगा। इस वचन को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाईकोर्ट ने उम्मीद जताई कि याचिकाकर्ता अपने वादे का पालन करेगा। हालांकि, पीठ ने कड़े शब्दों में कहा कि यदि इस वचन का उल्लंघन होता है और नमाज के बहाने भीड़ जुटाई जाती है, जिससे क्षेत्र की शांति प्रभावित होती है, तो जिला प्रशासन और पुलिस कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र होंगे। इसी क्रम में, न्यायालय ने राज्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता और अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध 16 जनवरी 2026 को जारी किए गए चालान तत्काल वापस लिए जाएं और इस मामले में पूर्व में जारी किए गए अवमानना नोटिसों को भी रद्द कर दिया गया। साथ ही कोर्ट ने पूर्व में हसीन खान को दी गई सुरक्षा प्रशासन को वापस लेने का निर्देश दिया। इन टिप्पणियों और दिशा-निर्देशों के साथ उच्च न्यायालय ने रिट याचिका का निस्तारण कर दिया।

संक्षिप्त डायरी

## बिहार की सड़कों पर जल्द उतरेंगे फाइटर प्लेन, इस एक्सप्रेसवे पर बनेगा हाईवे रनवे

**पटना (एजेंसी)** बिहार जल्द ही नया रिकॉर्ड सेट करने वाला है. बिहार में भी अब बाकी के राज्यों की तरह सड़क पर फाइटर प्लेन उतर सकेंगे. इसके लिए तीन सड़कों को चुना गया है, जहां हाईवे रनवे बनाया जाएगा. हाईवे को हाई टेक्निकल स्टैंडर्ड से बनाया जाएगा. अब जल्द ही बिहार की सड़कों पर लड़ाकू विमान देखे जा सकेंगे. राज्य की तीन सड़कों पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (एछ्र्र) या फिर हाईवे रनवे बनाया जाना है. हाईवे रनवे के लिए डीपीआर भी तैयार कर लिया गया है. अधिकारियों की माने तो, पहला पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे पर एछ्र्र की सुविधा डेवलप की जाएगी. लगभग 245 किलोमीटर की लंबी सड़क पर निर्माण किया जाएगा. इस परियोजना पर करीब 18 हजार 242 करोड़ खर्च किए जा सकेंगे. इन दो सड़कों पर भी व्यवस्था इसके बाद दूसरा गोरखपुर से सिलीगुड़ी के बीच बनने वाले एक्सप्रेसवे पर भी हाईवे रनवे बनाए जाने की प्लानिंग है. इस परियोजना की लागत लगभग 23 हजार 434 करोड़ रुपए बताई जा रही. इसके अलावा तीसरा रामजानकी मार्ग में सीतामढ़ी से आगे बढ़ने पर नेपाल के भिट्ठामोड़ से नरहिया के बीच हाईवे रनवे बनाए जाने की योजना है. बताया जा रहा है कि नेपाल की सीमा से सटे इलाके में ही हाईवे रनवे बनाया जाएगा. कौन कराएगा हाईवे रनवे का निर्माण? जानकारी के मुताबिक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और इंडियन एयर फोर्स मिलकर इन तीनों सड़कों में ईएलएफ को बनाएगा. हाईवे रनवे की अधिकतम लंबाई पांच किलोमीटर की होगी. इसके बनने से इमरजेंसी के वक्त काफी मदद मिल सकेगी. इतना ही नहीं, बिहार के लिए एक नया रिकॉर्ड भी सेट हो सकेगा. कैसा होना चाहिए हाइवे रनवे? हाइवे रनवे को लेकर यह बताया गया कि सड़कों पर इसे एकदम अलग और हाई टेक्निकल स्टैंडर्ड से बनाया जाता है. सड़क के जिस हिस्से में इसका निर्माण किया जाएगा, वह हिस्सा एकदम फ्लैट होना चाहिए. जमीन धंसने वाली या फिर किसी तरह के ढलान वाली नहीं होनी चाहिए. इसके अलावा मोबाइल फोन टावर और बिजली के खंभे तो बिल्कुल नहीं होना चाहिए. रोड के दोनों साइड पोर्टेबल लाइटिंग सिस्टम होना चाहिए. इसके साथ ही इस तरह से हाईवे रनवे को तैयार किया जाएगा कि 24 से 48 घंटों में ही सड़क मार्ग से सड़क रनवे में बदल दिया जा सके.

## पूरे बिहार में आज से हटाया जाएगा अतिक्रमण, इन अधिकारियों को भेजा गया लेटर

**पटना (एजेंसी)** पूरे बिहार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा. पटना हाई कोर्ट से आदेश मिलने के बाद राजस्व विभाग के प्रधान सचिव ने कई अधिकारियों को लेटर भेजा है. साथ ही आदेश का सख्ती से पालन करने की बात भी कही गई. बिहार सरकार ने राज्य में अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक और संगठित कार्रवाई का फैसला लिया है, जिसकी शुरूआत आज से ही होगी. बिहार में आज से अतिक्रमण हटाया जाएगा. इसके लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने सभी जिलाधिकारियों, एडिशनल कलेक्टर्स, भूमि सुधार डिप्टी कलेक्टर्स, अनुमंडल पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है. पटना हाई कोर्ट से मिला आदेश जानकारी के मुताबिक, जारी निर्देश में कहा गया है कि बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956 की धारा 6 (1) के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. लेटर में यह भी लिखा गया है कि पटना हाई कोर्ट की ओर से कई मामलों में अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन अनिवार्य है. बॉर्डर वाले इलाकों को बताया गंभीर बिहार सरकार ने भारत-नेपाल सीमा से सटे सात जिलों के नो मैन्स लैंड में अतिक्रमण के मामलों को अत्यंत गंभीर बताया है. इन मामलों के इंटरनेशनल प्रभाव को देखते हुए सर्वे ऑफ इंडिया की ओर से सीमांकन के लिए संयुक्त सर्वेक्षण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है. ऐसे में इन इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा गया है. गरीबों को लेकर यह किया क्लियर साथ ही बिहार सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण को भी अपनाया है. सरकार की ओर से यह क्लियर किया गया है कि गरीब और असहाय लोग अक्सर जीवन-यापन के लिए सार्वजनिक जगहों का यूज करते हैं. ऐसे में वेंडिंग जोन या वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना अतिक्रमण हटाने से उनके रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए.

## बिहार में कोर्ट को उड़ाने की धमकी देने वाला लुइस, पटना पुलिस जांच में जुटी

**पटना (एजेंसी)** देशभर की अदालतों और संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. गिरफ्तार आरोपी श्रीनिवास लुइस के लैपटॉप से 1500 ईमेल भेजने के सबूत मिले हैं. पटना सिविल कोर्ट और अन्य संस्थानों को भेजे गए धमकी भरे मेल से उसका कनेक्शन तलाशने के लिए पटना पुलिस की टीम दिल्ली पहुंच चुकी है. कर्नाटक के मैसूर से गिरफ्तार हुए श्रीनिवास लुइस ने अपने लैपटॉप से 1500 से अधिक ई-मेल भेजकर सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी थी. पटना सिविल कोर्ट को भी पिछले कुछ महीनों में सात-आठ बार इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं, जिसकी कड़ियां अब लुइस से जुड़ती दिख रही हैं. पटना पुलिस की एक विशेष टीम अब दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी है ताकि यह साफ हो सके कि बिहार की अदालतों और विधानसभा को डराने वाला शख्स यही लुइस है या कोई और. सलाखों के पीछे पहुंचा लुइस लुइस खुद को कानून की नजरों से बचाने के लिए अक्सर वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) का सहारा लेता था ताकि उसका लोकेशन ट्रैक न हो सके. लेकिन कहते हैं कि अपराधी चाहे कितना भी शातिर क्यों न हो, कोई न कोई सुराग छोड़ ही देता है. दिल्ली हाईकोर्ट को धमकी भरा ई-मेल भेजते समय उसने बिना वीपीएन के ही मैसेज सेंड कर दिया. बस इसी एक चूक ने पुलिस को उसका असली आई पी एड्रेस दे दिया और मैसूर से उसकी गिरफ्तारी मुमकिन हो पाई. पटना पुलिस की दिल्ली में स्पेशल चेकिंग पटना के एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा के निर्देश पर पुलिस टीम दिल्ली के साइबर थाने के साथ मिलकर लुइस के लैपटॉप और मोबाइल के ह्यसेंट बॉक्सह्न की पड़ताल कर रही है. पुलिस यह मैच करने की कोशिश कर रही है कि पटना हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट और बिहार विधानसभा को उड़ाने की धमकी देने वाले ई-मेल का आई पी एड्रेस और लुइस का डिवाइस एक ही है या नहीं. इससे पहले पटना पुलिस की टीमें लोकेशन के आधार पर चेन्नई और जैसलमेर तक खाक छान चुकी हैं, लेकिन अब लुइस के पकड़े जाने से इस गुत्थी के सुलझने की उम्मीद बढ़ गई है. साजिश के पीछे का मकसद अभी तक की जांच में यह साफ नहीं हो पाया है कि लुइस आखिर ये धमकियां क्यों दे रहा था. क्या यह केवल सनक थी या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था, इसकी जांच जारी है. 1500 ई-मेल का डेटा मिलना इस बात का सबूत है कि उसने योजनाबद्ध तरीके से पूरे देश के न्यायिक सिस्टम को परेशान करने की कोशिश की थी. दिल्ली पुलिस और पटना पुलिस मिलकर अब उन सभी संस्थानों की लिस्ट तैयार कर रही है जिन्हें लुइस ने अपना निशाना बनाया था.

# नीतीश कुमार का नया अवतार: प्रोटोकॉल तोड़ छात्रों से किया सीधा संवाद, अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

**दक्षता भवन से हॉस्टल तक सीएम का औचक निरीक्षण; बोले- 'तकनीकी कौशल ही युवाओं के लिए रोजगार की कुंजी**



**पटना (एजेंसी)** पटना के बिपार्ड स्किल पार्क में बुधवार सुबह एक अलग ही नजारा देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीधे क्लासरूम में पहुंच गए. छात्रों से बातचीत करते हुए उन्होंने न सिर्फ उन्हें प्रेरित किया, बल्कि अधिकारियों को भी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए. पटना के वाल्मी परिसर स्थित बिपार्ड स्किल पार्क में बुधवार की सुबह कुछ ऐसी ही रही, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक अभिभावक और मार्गदर्शक की भूमिका में छात्रों से मुलाकात की. मुख्यमंत्री ने न केवल दक्षता भवन का बारीकी से निरीक्षण किया. उनके इस दौरे ने साफ कर दिया है कि बिहार सरकार अब राज्य के युवाओं को केवल शिक्षित ही नहीं, बल्कि तकनीक और कौशल में माहिर बनाकर रोजगार के नए अवसर देने के लिए पूरी तरह संकल्पित है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिया छात्रों को दिया सक्सेस मंत्र मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब बिपार्ड स्किल पार्क के विभिन्न क्लास रूम में दाखिल हुए, तो वहां मौजूद छात्र हैरान रह गए. सीएम ने प्रोटोकॉल किनारे कर सीधे छात्रों से संवाद शुरू किया और उनकी पढ़ाई और तकनीकी प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली. उन्होंने बड़े ही सहज अंदाज में छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि वे मन लगाकर तकनीकी कौशल प्राप्त करेंगे, तो उन्हें रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा. मुख्यमंत्री का यह आत्मनिर्भर बनने का गुर उन युवाओं के लिए संजीवनी की तरह था, जो बेहतर भविष्य की तलाश में दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं. अफसरों को सख्त हिदायत निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री का सख्त तेवर भी देखने को मिला. उन्होंने बिपार्ड स्किल पार्क की व्यवस्थाओं को देखते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. सीएम ने हिमाद्री छात्रावास और अन्य आवासीय सुविधाओं का भी जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि पूरे परिसर को न केवल व्यवस्थित रखें, बल्कि यहां रहने वाले छात्रों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध करा रही है और इसका लाभ सीधे छात्रों तक पहुंचना चाहिए. बिहार सरकार का महा-संकल्प जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत समेत आला अधिकारियों की मौजूदगी में सीएम ने सरकार के विजन को दोहराया. उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं को आधुनिक और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं.

## बिहार में मौसम का यू-टर्न, बारिश के बाद आज 40 डिग्री तक पहुंचेगा तापमान

**पटना (एजेंसी)** बिहार में आंधी-तूफान और ओला गिरने का दौर थमते ही अब भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी है. अप्रैल के पहले दिन से ही पारे में उछाल देखने को मिल सकता है और IMD ने चेतावनी दी है कि अगले चार दिनों में तापमान 40 डिग्री के पार जा सकता है. बिहार में बीते दिनों आई आंधी-बारिश और ओला गिरने के बाद अब मौसम तेजी से करवट लेने जा रहा है. IMD के मुताबिक अगले चार दिनों में तापमान 3 डिग्री तक बढ़ सकता है और कई जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है. डॉक्टरों ने भी लू और डिहाइड्रेशन को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है. अब दिखेगा गर्मी का असली असर पिछले 24 घंटों में बिहार के आसमान ने कई रंग दिखाए. एक तरफ सीतामढ़ी में भीषण ओला गिरने लोगों को चौंका दिया, वहीं मुजफ्फरपुर और पूर्णिया जैसे जिलों में पूरी रात आंधी-बारिश का तांडव जारी रहा. जो अब लू और तपिश के रूप में सामने आने वाली है. उत्तर बिहार में तो अभी थोड़ी ठंडक बनी हुई है, लेकिन दक्षिण और पश्चिम बिहार के जिलों में अब धरती तपने लगी है. 40 डिग्री के पार जाएगा पारा क्टऊ का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान तेजी से बढ़ेगा और दक्षिण व मध्य बिहार के कई हिस्सों में 40 डिग्री तक पहुंच सकता है. खासकर कैमूर और आसपास के जिलों में गर्मी का असर ज्यादा देखने को मिलेगा. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सुबह 10 बजे के बाद ही गर्मी का असर शुरू हो जाएगा, जबकि दोपहर 12 से 3 बजे के बीच हालात सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहेंगे. तेज धूप और हीट इफेक्ट के कारण लोगों को बाहर निकलना मुश्किल हो सकता है. पटना में निकलेगी तेज धूप पटना में फिलहाल मौसम सामान्य बना रहेगा. दिन में धूप निकलने से हल्की गर्मी महसूस होगी, जबकि सुबह और शाम के समय हवा चलने से राहत मिलेगी. पटना में भी 4-5 अप्रैल के बाद तापमान तेजी से बढ़ेगा और भीषण गर्मी शुरू हो सकती है. आने वाले दिनों में यहां तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंचने का अनुमान है. बारिश पर ब्रेक फिलहाल 1 अप्रैल से 6 अप्रैल तक बारिश की संभावना बेहद कम है. मौसम शुष्क बना रहेगा और हल्के बादल छाने के बावजूद तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आएगी. शहरी इलाकों में कंक्रीट और ट्रैफिक की वजह से गर्मी और ज्यादा महसूस होगी, जिससे बिजली और पानी की मांग भी बढ़ने की संभावना है.

## पटना में पिछले साल से 75 करोड़ बढ़ा राजस्व, अंतिम दिन 321 डॉक्यूमेंट्स का हुआ रजिस्ट्रेशन

**पटना (एजेंसी)** बिहार में सर्किल रेट बढ़ने की संभावना को देखते हुए दिन-रात रजिस्ट्री ऑफिस में काम हुए. जानकारी के मुताबिक, पटना में पिछले साल से 75 करोड़ का राजस्व बढ़ा. रजिस्ट्री ऑफिस में आखिरी दिन भी रजिस्ट्रेशन के लिए लोगों की लंबी लाइनें दिखी. पटना के रजिस्ट्री ऑफिस में फाइनेंशियल इयर 2025-26 के अंतिम दिन (31 मार्च) सरकारी छुट्टी के बावजूद जमीन और मकान की खरीद-बिक्री के लिए काफी भीड़ रही. टोटल 321 डॉक्यूमेंट्स का रजिस्ट्रेशन हुआ, जिससे लगभग 6 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ. लेकिन सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को लोगों की संख्या कम रही. सोमवार को 375 डॉक्यूमेंट्स के रजिस्ट्रेशन से लगभग 7.50 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था. राजस्व में कितनी हुई बढ़ोतरी जानकारी के मुताबिक, पटना सदर में पिछले फाइनेंशियल इयर 2024-25 में मिले राजस्व की तुलना में फाइनेंशियल इयर 2025-26 में लगभग 75 करोड़ अधिक राजस्व मिला है. पिछले फाइनेंशियल इयर में 23,855 डॉक्यूमेंट्स के रजिस्ट्रेशन से 600.76 करोड़ रुपए का राजस्व मिला था. इस फाइनेंशियल इयर में लगभग 675 करोड़ रुपए का राजस्व मिला. जिला रजिस्ट्री ऑफिस में पिछले एक सप्ताह से जमीन और मकान की खरीद-बिक्री में सामान्य दिनों से पांच गुना बढ़ोतरी हुई है. पिछले फाइनेंशियल इयर 2024-25 में अंतिम दिन 31 मार्च को 36 डॉक्यूमेंट्स का रजिस्ट्रेशन हुआ था, आज (1 अप्रैल) से ही सर्किल रेट बढ़ने की संभावना जताई जा रही थी. ऐसे में मार्च महीने में राज्य के अलग-अलग जिलों के रजिस्ट्री ऑफिस में लोगों की भारी भीड़ दिखी. छुट्टी वाले दिन भी रजिस्ट्री ऑफिस खुले रहे और दिन-रात काम हुए. ऐसे में रेट बढ़ने को लेकर बिहार सरकार की ओर से क्या आदेश आते हैं, यह देखने वाली बात होगी.

# 1 अप्रैल से पटना में वेस्ट मैनेजमेंट के नए नियम लागू ,लापरवाही पर लगेगा



**पटना (एजेंसी)** पटना नगर निगम ने शहर को साफ और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए आज से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स' लागू कर दिया है, जिसके तहत कचरा अलग-अलग करना अनिवार्य होगा. साथ ही 100 से अधिक लोगों के किसी भी आयोजन से पहले निगम को सूचना देना जरूरी कर दिया गया है पटना शहर में अब हर घर, दुकान और बड़े संस्थानों के लिए कचरा फेंकने के मायने पूरी तरह बदल गए हैं. पटना नगर निगम ने आज यानी 1 अप्रैल 2026 से ह्यसॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्सह्न को सख्ती से लागू कर दिया है. नियम तोड़ने पर न केवल जुमार्ना लगेगा, बल्कि सफाईकर्मी आपका कचरा लेने से भी मना कर देंगे. निगम को देनी होगी ह्यएडवांस सूचनाह्न अब पटना में किसी भी सार्वजनिक स्थान, पार्क या निजी मैदान में 100 से ज्यादा लोगों का इवेंट करना है, तो आपको कम से कम तीन दिन पहले नगर निगम को जानकारी देनी होगी. आयोजकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे कार्यक्रम के बाद निकलने वाले कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर निगम की गाड़ी को सौंपें. अगर ऐसा नहीं किया गया, तो आयोजकों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. घरों में एक डस्टबिन से काम नहीं चलेगा नए नियमों के मुताबिक, अब आपको अपने घर या संस्थान में चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन रखने होंगे. हरे रंग में गीला कचरा (रसोई का सामान), नीले में सूखा कचरा (प्लास्टिक, कागज), लाल में सैनिटरी कचरा (डायपर, नैपकिन) और काले डस्टबिन में विशेष देखभाल वाला कचरा (बल्ब, दवाइयां, ई-वेस्ट) रखना अनिवार्य है. सफाई गाड़ियों में भी अब ये चार अलग डिब्बे होंगे, और यदि आपने मिक्स कचरा दिया, तो गाड़ी उसे बिना लिए आगे बढ़ जाएगी. ह्यसेल्फ-डिस्पोजलह्न का सख्त फरमान जिन होटलों, अपार्टमेंट्स या मॉल्स से रोजाना 100 किलो से ज्यादा कचरा निकलता है, उन्हें अब खुद ही उसका निपटारा करना होगा. ऐसे संस्थानों को ह्यथोक कचरा उत्पादकह्न की श्रेणी में रखा गया है और उनके लिए निगम के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है. होटल, अस्पताल, मॉल और अपार्टमेंट जैसे बड़े संस्थानों के लिए यह नियम और भी सख्त तरीके से लागू किया जाएगा. उन्हें अपने परिसर के भीतर ही गीले कचरे से खाद या बायोगैस बनाने की तकनीक अपनानी होगी. सड़क पर कचरा फेंकने या उसे जलाने वालों पर अब ड्रोन और सीसीटीवी के जरिए भी नजर रखी जा सकती है.

## बिहार से दिल्ली-हरियाणा जाना होगा और आसान, पटना पहुंचीं 32 हाईटेक लग्जरी बसें



**पटना (एजेंसी)** बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (BSRTC) ने अंतरराज्यीय यात्रा को बेहतर बनाने के लिए बड़ी तैयारी की है. पटना में 32 नई डीलक्स बसें पहुंच चुकी हैं, जो मई से दिल्ली, गुरुग्राम और अंबाला जैसे शहरों के लिए चलेंगी. आने वाले समय में कुल 149 बसों का संचालन किया जाएगा, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी. बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (BSRTC) ने दूसरे राज्यों के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार देते हुए 32 नई डीलक्स बसों का बेड़ा पटना मंगा लिया है. टाटा मोटर्स की ये शानदार एसी और नॉन एसी बसें मई महीने से सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी, जिससे दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों की यात्रा काफी सुलभ हो जाएगी. पटना पहुंची ये सभी बसें टाटा मोटर्स की 22 सीटर डीलक्स बसें हैं, जिनमें एसी और नॉन एसी दोनों तरह की सुविधाएं शामिल हैं. इन बसों को फिलहाल फतुहा स्थित टाटा एजेंसी के यार्ड में रखा गया है और जल्द ही इन्हें बीएसआरटीसी को सौंप दिया जाएगा. हाईटेक सुविधाओं से लैस हैं ये सड़क के जहाजटाटा मोटर्स की ये नई बसें सुरक्षा के मामले में बेहद एडवांस हैं, जिनमें यात्रियों की मॉनिटरिंग के लिए तीन आधुनिक कैमरे लगाए गए और अगले कुछ दिनों में कागजी कार्रवाई पूरी होते ही इन्हें निगम को सौंप दिया जाएगा. परिवहन विभाग अब इन बसों के रजिस्ट्रेशन और परमिट की प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है, जिसमें लगभग एक महीने का समय लगेगा. मई के पहले हफ्ते से ही बिहार के विभिन्न जिलों से इनका परिचालन शुरू हो जाएगा, जिससे लंबी दूरी के यात्रियों को प्राइवेट बसों के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा. उत्तर बिहार के जिलों को मिलेगा सबसे बड़ा तोहफा बीएसआरटीसी की योजना कुल 149 अंतरराज्यीय बसों को चलाने की है, जिसमें से बाकी बची 117 बसें भी अगले दो महीनों में पटना पहुंच जाएंगी. इन सेवाओं का सबसे अधिक लाभ उत्तर बिहार के जिलों जैसे दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर और मोतिहारी को मिलेगा. यहां से गुरुग्राम, अंबाला और दिल्ली के लिए सीधी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे रोजगार और व्यापार के सिलसिले में बाहर जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी.

## अप्रैल में मलाही पकड़ी तक दौड़ेगी मेट्रो, खेमनीचक स्टेशन पर नहीं मिलेगा स्टॉप



**पटना (एजेंसी)** पटना मेट्रो के भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक 2.75 किमी एलिवेटेड ट्रैक पर ट्रायल पूरा हो चुका है, लेकिन अभी सेवा शुरू होने में थोड़ा इंतजार करना होगा. अप्रैल में इसके शुरू होने की संभावना जताई जा रही है. पटना मेट्रो के कॉरिडोर-2 का विस्तार अब भूतनाथ से आगे मलाही पकड़ी तक होने जा रहा है. 2.75 किलोमीटर लंबे इस एलिवेटेड ट्रैक का काम लगभग पूरा हो चुका है और ट्रायल भी सफल रहा है. दो महत्वपूर्ण जांच अभी बाकी हैं. सेफ्टी सर्टिफिकेट्स के इंतजार में थोड़ा समय लग रहा है, अप्रैल के अंत तक पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से मलाही पकड़ी के बीच मेट्रो की रफ्तार दिखने लगेगी. इसको अलग तरीके लिखे खेमनीचक स्टेशन पर अभी क्यों नहीं रुकेगी ट्रेन? भले ही मेट्रो पाटलिपुत्रअ बस टर्मिनल से मलाही पकड़ी तक चलेगी, लेकिन खेमनीचक स्टेशन पर यात्रियों को थोड़ा निराश होना पड़ सकता है. दरअसल, खेमनीचक को एक बड़े एक्सचेंज स्टेशन (जंक्शन) के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां दो अलग-अलग कॉरिडोर आपस में मिलेंगे. इस जटिल निर्माण कार्य के चलते फिलहाल यहां ट्रेनों का ठहराव नहीं होगा. मेट्रो सीधे भूतनाथ से मलाही पकड़ी के लिए निकल जाएगी, जिससे इस रूट पर यात्रा का समय और भी कम हो जाएगा. ट्रायल में पास, अब बस इन दो टेस्ट का है इंतजार मेट्रो के इस नए खंड पर ट्रायल रन पूरी तरह सफल रहा है, लेकिन आधिकारिक शुरूआत से पहले दो बड़े सेफ्टी बैरियर पार करने बाकी हैं. वर्तमान में कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (CMRS) और फायर विभाग की जांच अटकी हुई है. इन दोनों विभागों से ग्रीन सिग्नल मिलते ही मेट्रो का लोकार्पण कर दिया जाएगा. अधिकारियों का मानना है कि सेफ्टी सर्टिफिकेट मिलने में कुछ ही दिनों का समय शेष है, बल्कि पटना के सीने के नीचे टनल खुदाई का काम भी अंतिम चरण में है. मोइनुल हक स्टेडियम से पटना जंक्शन तक की 6 किमी लंबी टनल का लक्ष्य अप्रैल तक रखा गया है. दानापुर से पाटलिपुत्र स्टेशन के बीच भी काम युद्ध स्तर पर चल रहा है. करीब 13,365 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना पटना की ट्रैफिक व्यवस्था को हमेशा के लिए बदलने वाली है. राजधानी में मेट्रो का बढ़ता जाल न केवल सफर को आसान बनाएगा, बल्कि पटना को एक आधुनिक ग्लोबल सिटी की कतार में खड़ा कर देगा.

# बिहारशरीफ के मां शीतला मंदिर के छोटे परिसर में कैसे उमड़ी हजारों की भीड़

**पटना (एजेंसी)** बिहारशरीफ के मघड़ा स्थित मां शीतला मंदिर श्रद्धालुओं के लिए गहरी आस्था का केंद्र रहा है. हर साल यहां दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं. लेकिन हालिया भगदड़ की घटना के बाद अब सवाल उठ रहा है कि इतने छोटे परिसर में आखिर हजारों की भीड़ एक साथ कैसे पहुंच गई. बिहारशरीफ के पास पंचाने नदी के तट पर बसा मघड़ाआज दो वजहों से चर्चा में है. एक तरफ इसकी सदियों पुरानी पौराणिक मान्यता और गौरवशाली इतिहास है, तो दूसरी तरफ हाल ही में मां शीतला मंदिर में हुई भगदड़, जिसने 8 श्रद्धालुओं की जान ले ली. मां शीतला मंदिर अपनी धार्मिक महत्ता के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है, लेकिन ताजा हादसे ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर क्यों लोगों में इस मंदिर के प्रति इतनी आस्था है? श्रद्धालुओं के आस्था का यह मंदिर इतना छोटा क्यों है? सती के कंगन और नसांग की यादों से जुड़ा है इतिहास मघड़ा की महिमा केवल लोक कथाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार भगवान शिव और माता सती के पौराणिक काल से जुड़े हैं. मान्यता है कि जब महादेव सती के पार्थिव शरीर को लेकर ब्रह्मांड में भ्रमण कर रहे थे, तब यहां माता के शरीर का एक हिस्सा और उनका कंगन गिरा था. कंगन गिरने की वजह से ही इस जगह का नाम मघड़ा पड़ा. बाद में राजा वृषकेतु को स्वप्न आया और खुदाई के दौरान यहां मां की अलौकिक प्रतिमा मिली, जिसे आज सिद्धपीठ के रूप में पूजा जाता है. इतिहास के पन्ने बताते हैं कि जब प्रसिद्ध चीनी यात्री नसांग नालंदा विश्वविद्यालय में पढ़ रहे थे, तब वे भी सुकून की तलाश में इसी मंदिर के नीम और पीपल के पेड़ों की छांव में विश्राम किया करते थे, यहां का मिट्टी कुआं (मीठा कुआं) आज भी भक्तों के लिए परम पवित्र माना जाता है. यही कारण है कि चैत्र माह के मंगलवार को उत्तर प्रदेश, दिल्ली और बंगाल जैसे राज्यों से हजारों भक्त यहां मत्था टेकने खिंचे चले आते हैं. छोटा परिसर और हजारों की भीड़ अब सवाल उठता है कि इतने ऊंचे धार्मिक महत्व वाले मंदिर का परिसर आखिर इतना छोटा क्यों है कि वहां हजारों की भीड़ अनियंत्रित हो जाती है? स्थानीय लोगों का दावा है कि मंदिर का गर्भ गृह और परिसर काफी संकीर्ण है, जहां एक बार में केवल सीमित संख्या में ही लोग पूजा कर सकते हैं. इसके बावजूद, बिना किसी भीड़ प्रबंधन के हजारों लोगों को एक साथ भीतर जाने की अनुमति दे दी गई, जिससे सांसें अटक गईं और भगदड़ मच गई. प्रशासनिक अनदेखी की पुरानी कहानी यह कोई पहली बार नहीं था जब मघड़ा में भीड़ बेकाबू हुई हो. इससे पहले शीतलाष्टमी मेले के दौरान भी महिलाएं बेहोश हुई थीं और बड़े पैमाने पर मोबाइल व चेन छिनतई की घटनाएं हुई थीं.



स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने इन छोटी घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया. भीड़ को नियंत्रित करने के बजाय उसे और बढ़ने दिया गया. आज मंदिर की बदइंतजामी और प्रशासनिक ढिलाई की पोल आठ मासूम जिंदगियों की मौत के साथ खुल गई है. अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि सीमित क्षमता वाले इस मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालु एक साथ कैसे पहुंच गए





# डलहौजी के प्रमुख पर्यटन स्थल

# भीड़-भाड़ वाली जिंदगी से दूर जाकर सतधारा फाल्स में लीजिए शांति का अनुभव

सतधारा झरना या फाल्स हिमाचल प्रदेश की चंबा घाटी में स्थित है, जो बर्फ से ढके पहाड़ों और ताजे देवदार के पेड़ों के शानदार दृश्यों से घिरा हुआ है। 'सतधारा' का मतलब होता है सात झरने, इस झरने का नाम सातधारा सात खूबसूरत झरनों के जल के एक साथ मिलने की वजह से रखा गया है। इन झरनों का पानी समुद्र से 2036 मीटर ऊपर एक बिंदु पर मिलता है। यह जगह उन लोगों के लिए एक खास है, जो शहर की भीड़-भाड़ वाली जिंदगी से दूर जाकर शांति का अनुभव करना चाहते हैं। सतधारा फाल्स अपने औषधीय गुणों की वजह से भी जानी जाती है, क्योंकि यहां के पानी में अभ्रक पाया जाता है, जिसमें त्वचा के रोग ठीक करने के गुण होते हैं।

**अगर** आप डलहौजी के पास घूमने की अच्छी जगह तलाश रहे हैं तो सतधारा फाल्स आपके लिए एक अच्छी जगह है। इसे स्थानीय भाषा में 'गंडक' के नाम से जाना जाता है। यहां का पानी साफ क्रिस्टल और निर्मल है। राजसी सतधारा झरने का पानी की बूंदे जब चट्टानों पर टकराकर उछलती हैं तो पर्यटकों को बेहद आनंदित करती हैं। यहां पानी से गीली हुई मिट्टी की खुशबू हवा को ताजा कर देती है। सतधारा जलप्रपात को चारों ओर का दृश्य अपनी भव्यता के साथ दर्शकों को बेहद प्रभावित करता है। अगर आप सतधारा फाल्स घूमने के अलावा इसके पर्यटन स्थलों की सैर भी करना चाहते हैं तो इस आर्टिकल को पूरा जरूर पढ़ें, इसमें हमने सतधारा फाल्स जाने के बारे में और इसके पास के पर्यटन स्थलों के बारे में पूरी जानकारी दी है।

## सतधारा जलप्रपात की मुख्य विशेषताएं



सतधारा जलप्रपात का अपना अलग औषधीय मूल्य है। स्प्रिंग्स में तत्व माइका तत्व पाया जाता है, जिसमें ऐसे औषधीय गुण होते हैं, जो संभावित रूप से कई बीमारियों का इलाज कर सकता है। यह चकाचौंध वाला झरने पंचपुला के रास्ते में स्थित हैं, जो डलहौजी में घूमने के लिए एक और बहुत ही लोकप्रिय जगह है। सतधारा झरने से सूर्यास्त का दृश्य बस शानदार दिखाई देता है, पर्यटकों को देखने में ऐसा लगता है कि एक पीली आग की नारंगी गेंद घूमती है और धीरे-धीरे पहाड़ियों के पीछे छुप जाती है।

## सतधारा फाल्स घूमने के लिए टिप्स

- जब आप झरने के क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं और इसमें चारों ओर छींटे आपके कपड़ों को गीला कर सकते हैं, इसलिए अतिरिक्त कपड़ें ले जाना न भूलें।
- फॉल्स से सूर्यास्त देखने के लिए वहां उपस्थित रहने की कोशिश करें।
- ऐसे जूते पहनें जो आपको अच्छी पकड़ और आराम दें, क्योंकि चट्टानों में काई से फिसलन होती है।
- अपने साथ कैमरा ले जाना न भूलें।

## सतधारा फाल्स के आसपास के प्रमुख पर्यटन और आकर्षण स्थल

सतधारा फाल्स डलहौजी का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जो शहर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। अगर आप इस फाल्स के अलावा डलहौजी के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर करना चाहते हैं तो यहां दी गई जानकारी को जरूर पढ़ें।

## बकरोटा हिल्स

बकरोटा हिल्स जिसे अपर बकरोटा के नाम से भी जाना जाता है, यह डलहौजी का सबसे ऊंचा इलाका है और यह बकरोटा वॉक नाम की एक सड़क का सर्किल है, जो खजियार की ओर जाती है। भले ही इस जगह पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बहुत कुछ नहीं है, लेकिन यहां टहलना और चारों तरफ के आकर्षक दृश्यों को देखना पर्यटकों की आंखों को बेहद आनंद देता है। आपको बता दें कि यह क्षेत्र चारों तरफ से देवदार के पेड़ों और हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा हुआ है।

### सच पास

सच दर्रा पीर पंजाल पर्वत शृंखला के ऊपर 4500 मीटर की ऊंचाई से होकर जाता है और डलहौजी को चंबा और पांगी घाटियों से जोड़ता है। आपको बता दें कि डलहौजी से 150 किमी की दूरी पर यह मार्ग उत्तर भारत में पार करने के लिए सबसे कठिन मार्गों में से एक है, जो लोग एडवेंचर पसंद करते हैं तो अक्सर सच पास (जब यह खुला होता है) का दौरा करते हैं और यहां से बाइक या कार चलाने का रोमांचक अनुभव लेते हैं। अगर आप इस मार्ग से यात्रा करें तो जोखिम न लें और अपने साथ एक अनुभवी ड्राइवर लेकर जाएं। यह चंबा या पांगी घाटी तक पहुंचने के लिए लोगों का पसंदीदा रास्ता है और डलहौजी से ट्रेकिंग के लिए एक प्रसिद्ध बिंदु है।

### सुभाष बावली

सुभाष बावली डलहौजी में गांधी चौक से 1 किमी दूर स्थित एक ऐसी जगह है, जिसका नाम प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर रखा गया। सुभाष बावली एक ओर अपने खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों, दूर-दूर तक फैले बर्फ के पहाड़ों दृश्यों और सुंदरता के लिए जाना जाता है। सुभाष बावली वो जगह है, जहां पर सुभाष चंद्र बोस 1937 में स्वास्थ्य की खराबी के चलते आए थे और वो इस जगह पर 7 महीने तक रहे थे। इस जगह पर रहकर वे बिलकुल ठीक हो गए थे। आपको बता दें कि यहां पर एक खूबसूरत झरना भी है, जो हिमनदी धारा में बहता है।

### डैनकुंड पीक

डैनकुंड पीक जिसे सिंगिंग हिल के नाम से भी जाना जाता है, जो डलहौजी में समुद्र तल से 2755 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। आपको बता दें कि यह डलहौजी में सबसे ऊंचा स्थान होने के कारण यहां से घाटियों और पहाड़ों के अद्भुत दृश्यों को देखा जा सकता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए शांत जगह स्वर्ग के सामान है। डलहौजी क्षेत्र में स्थित डैनकुंड सचमुच देखने लायक जगह है, जो अपनी खूबसूरत बर्फ से ढकी चोटियों और हरे-भरे वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। डैनकुंड पीक हर साल भारी संख्या में देश भर से पर्यटकों को अपनी तरफ आकर्षित करती है।

### गंजी पहाड़ी

गंजी पहाड़ी पठानकोट रोड पर डलहौजी शहर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक सुंदर पहाड़ी है। इस पहाड़ का नाम गंजी पहाड़ी इसकी खास विशेषता से लिया गया था, क्योंकि इस पहाड़ी पर वनस्पतियों की पूर्ण अनुपस्थिति है। गंजी का मतलब होता है गंजापन। डलहौजी के पास स्थित होने की वजह से यह पहाड़ी एक पसंदीदा पिकनिक स्थल है। सर्दियों के दौरान यह इलाका मोटी बर्फ से ढक जाता है, जो मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है।

### चामुंडा देवी मंदिर

चामुंडा देवी मंदिर देवी काली को समर्पित एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र है। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां पर देवी अंबिका ने मुंडा और चंदा नाम के राक्षसों का वध किया था। इस मंदिर में देवी को एक लाल कपड़े में लपेटकर रखा जाता है, यहां आने वाले पर्यटकों को देवी की मूर्ति को छूने नहीं दिया जाता। इस क्षेत्र में पर्यटकों को कई सुंदर दृश्य भी देखने को मिलते हैं।

### रॉक गार्डन

रॉक गार्डन डलहौजी में एक सुंदर उद्यान और एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। इस पार्क में पर्यटक आराम करने के अलावा, इस क्षेत्र में उपलब्ध कई साहसिक खेलों का भी मजा ले सकते हैं, जिनमें जिप लाइनिंग आदि शामिल हैं।

### खाज्जिअर

खाज्जिअर डलहौजी के पास स्थित एक छोटा सा शहर है जिसको 'मिनी स्विट्जरलैंड' या 'भारत का स्विटजरलैंड' के नाम से भी जाना जाता है। इस स्थान की खूबसूरती हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। 6,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित खाज्जिअर अपनी प्राकृतिक सुंदरता की वजह से डलहौजी के पास घूमने की सबसे अच्छी जगहों में से एक हैं। इस जगह होने वाले साहसिक खेल जोरबिंग, ट्रेकिंग पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

### पंचपुला

पंचपुला हरे देवदार के पेड़ों के आवरण से घिरा एक झरना है, जो डलहौजी के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। पंचपुला वो जगह है, जहां पर पांच धाराएं एक साथ आती हैं। पंचपुला की मुख्य धारा डलहौजी के आसपास विभिन्न जगहों में पानी की पूर्ति करती है। यह जगह ट्रेकिंग और खूबसूरत दृश्यों की वजह से जानी जाती है। पंचपुला के पास एक महान क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह (शहीद भगत सिंह के चाचा) की याद में एक समाधि बनाई गई है, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली थी। मानसून के मौसम में इस जगह के प्राचीन पानी का सबसे अच्छा आनंद लिया जाता है, जब पानी गिरता तो यहां का वातावरण पर्यटकों को आनंदित करता है।

## डलहौजी जाने के लिए यह है सबसे अच्छा समय

डलहौजी अपनी आदर्श जलवायु की वजह से एक ऐसी जगह है, जहां आप पूरे वर्ष भर घूम सकते हैं। हालांकि, डलहौजी जाने का सबसे अच्छा समय मार्च-जून के बीच का होता है। मार्च और अप्रैल के महीनों में यहां पर बर्फ पिघलना शुरू हो जाती है और जब सूरज की किरणें बर्फ से ढके पहाड़ों और चरागाहों से टकराती है, तब इस जगह की चमक देखने लायक होती है। इस समय यहां का मौसम बहुत सुहावना रहता है आप मार्च और अप्रैल में ठंड का अनुभव कर सकते हैं और जून के महीने में यहां का तापमान थोड़ा बढ़ने लगता है। गर्मियों के महीनों में भी डलहौजी का मौसम काफी अच्छा होता है, जिसकी वजह से यह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग के सामान है। मानसून भी यहां का मौसम सुहावना है, क्योंकि मध्यम वर्षा से आपकी योजनाओं में कोई रुकावट नहीं आती। डलहौजी में सर्दियां साहसिक गतिविधियों के लिए सही हैं।

**हवाई जहाज से सतधारा फाल्स ऐसे पहुंचें:** हवाई जहाज से डलहौजी पहुंचने कांगड़ा में गग्गल हवाई अड्डा इसका सबसे निकटतम घरेलू हवाई अड्डा है। यह हवाई अड्डा शहर से 13 किमी दूर है और यहां से डलहौजी हिल स्टेशन तक पहुंचने के लिए टैक्सी आसानी से उपलब्ध हैं। इसके अलावा आप अन्य हवाई अड्डे चंडीगढ़ (255 किमी), अमृतसर (208 किमी) और जम्मू (200 किमी) के लिए भी उड़ान ले सकते हैं।

**रेलगाड़ी से सतधारा फाल्स ऐसे पहुंचें:** डलहौजी का सबसे निकटतम रेल स्टेशन पठानकोट है, जो इस पहाड़ी शहर से 80 किमी दूर स्थित है और भारत के विभिन्न शहरों, जैसे दिल्ली, मुंबई और अमृतसर से कई ट्रेनों के माध्यम से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। पठानकोट रेलवे स्टेशन से डलहौजी पहुंचने के लिए आपको बाहर से टैक्सियां मिल जाएंगी।

**सड़क मार्ग से सतधारा फाल्स ऐसे पहुंचें:** डलहौजी सड़क मार्ग की मदद से आसपास के प्रमुख शहरों और जगहों से जुड़ा हुआ है। राज्य बस सेवा और लक्जरी कोच डलहौजी को आसपास की सभी प्रमुख जगहों और शहरों से जोड़ते हैं। दिल्ली से डलहौजी के लिए रात भर लक्जरी बसें भी उपलब्ध हैं। इस मार्ग पर टैक्सी और निजी वाहन भी मिल जाते हैं।



# स्त्री की देह के आकार वाली है रेणुका झील

**रेणुका झील** हिमाचल प्रदेश के नाहन से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रेणुका झील की समुद्र तल से ऊंचाई लगभग 2200 फीट है। यह एक अत्यंत रमणीक झील है, जो लगभग तीन किलोमीटर लंबी तथा आधा किलोमीटर चौड़ी एक अदभुत झील है। इस झील का आकार एक लेटी हुई स्त्री की देह के समान है। जो इसे अदभुत एवं अनोखा बनाता है।

इस झील के चारों ओर हरियाली एवं इसके पानी मे अठखेलियां करती मछलियां पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। इस झील की गणना एक पावन तीर्थ स्थल के रूप में भी की जाती है। हर वर्ष दिपावली के लगभग दस दिन बाद यहां एक विशाल मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। झील के किनारे मां रेणुका और परशुराम का प्रसिद्ध मंदिर है तथा एक छोटा सा चिडियाघर है, जो पर्यटकों को काफी पसंद आता है। झील में मनोरंजन के लिए बोटिंग करने की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें बैठकर सैलानी झील के चारों ओर की प्राकृतिक सुंदरता के दर्शन कर सकते हैं, रेणुका झील का स्त्री रूपी आकार देखने के लिए यहा से आठ किलोमीटर ऊपर जामु चोटी पर जाना पड़ता है। जहां से रेणुका झील का आकार लेटी हुई स्त्री की देह के समान दिखाई पड़ता है।

## रेणुका झील का इतिहास

रेणुका झील कैसे बनी और इसकी धार्मिक महत्व के पीछे कई मशहूर दंत कथाए प्रचलित हैं। एक कहानी के अनुसार कहा जाता है कि बहुत समय पहले यहां राजा रेणु रहा करते थे। उनकी दो सुंदर पुत्रियां थीं, जिनमें से एक नैनुका तथा दूसरी पुत्री रेणुका थी। एक बार राजा ने दोनो पुत्रियों से प्रश्न किया कि वो किसका दिया खाती हैं, जिसके जवाब में नैनुका ने कहा कि वह अपने पिता का दिया खाती है। जबकि रेणुका ने जवाब दिया कि वह भगवान का दिया और अपने नसीब का खाती हूं। रेणुका के जवाब से राजा अप्रसन्न हो गए और उन्होंने रेणुका को सबक सिखाने का निर्णय लिया। कुछ समय बाद राजा ने बड़ी पुत्री नैनुका का विवाह बड़ी धूम-धाम से एक पराक्रमी राजा सहस्त्रबाहु से कर दिया और छोटी पुत्री रेणुका को सबक सिखाने रेणुका का विवाह एक सीधे साधे तपस्वी ऋषि जमदग्नि से कर दिया। हालांकि रेणुका राजसी ठाठ-बाट मे पली बढ़ी थी। फिर भी उसने ऋषि जमदग्नि को अपना पति स्वीकार किया और तन मन से उसकी सेवा करने लगी। एक दिन राजा सहस्त्रबाहु की दृष्टि रेणुका पर पड़ी तो वह उसे देखता ही रह गया। वास्तव में रेणुका का रूप लावण्य उसके हृदय में उतर गया था। उसने उसी समय रेणुका को अपनी रानी बनाने का फैसला किया और रेणुका को पाने की युक्ति सोचने लगा। अपने षडयंत्र के तहत एक दिन वह चुपचाप ऋषि जमदग्नि के आश्रम पहुंचा और ध्यानमग्न जमदग्नि को उसने अपने बाण से मार डाला। उसके बाद वह रेणुका का चीरहरण करने उसकी तरफ बढ़ा। रेणुका सहस्त्रबाहु के अपवित्र इरादों को भांप गई और भागकर नीचे तलहटी मे जा पहुंची। सहस्त्रबाहु रेणुका का पीछा करता हुआ, उसके पीछे दौड़ा। इससे पहले वह रेणुका को पकड़ पाता। एकाएक धरती फटी और देखते ही देखते रेणुका उसमें समा गई। रेणुका के धरा में समाते ही पानी की धाराएं फूट पड़ी और देखते ही देखते उस स्थान ने एक झील का रूप धारण कर लिया। तभी से यह झील रेणुका झील के नाम से प्रसिद्ध हो गई।

## रेणुका झील कैसे पहुंचें



### हवाई मार्ग

मुब्बार हटटी यहां का सबसे नजदीकी हवाई अड्डा है, जो यहां से 40 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां से टैक्सी द्वारा जाया जा सकता है।

### रेल मार्ग

यहां का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन कालका है, जो लगभग 110 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां से आप बस या टैक्सी के द्वारा जा सकते हैं।

### सड़क मार्ग

यह स्थल सड़क मार्ग से जुड़ा है।

# इटली लगातार तीसरी बार फीफा वर्ल्ड कप से बाहर प्लेऑफ में बोस्निया से पेनल्टी शूटआउट में मिली हार

एजेंसी

**जेनिका :** चार बार की विश्व चैंपियन इटली राष्ट्रीय फुटबॉल टीम एक बार फिर फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही है। यूरोपीय प्लेऑफ मुकाबले में इटली को 66वीं रैंकिंग वाली बोस्निया और हजेगोविना के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले की शुरूआत में मोइज कीन ने गोल कर इटली को बढ़त दिलाई, लेकिन पहले हाफ में ही सेंटर-बैक अलेसांद्रो बास्तोनी को रेड कार्ड मिलने से टीम 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई। इसका फायदा उठाते हुए बोस्निया के सब्स्टीट्यूट हारिस तबाकोविक ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया, जिससे मैच अतिरिक्त समय में चला गया। अतिरिक्त समय में भी कोई नतीजा नहीं निकल सका और मुकाबला पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा, जहां



इटली को हार झेलनी पड़ी। इस हार के साथ ही इटली लगातार तीसरी बार वर्ल्ड कप में जगह बनाने से चूक गई है। इससे पहले टीम को पिछले दो वर्ल्ड कप क्वालीफायर प्लेऑफ में स्वीडन और नॉर्थ मैसिडोनिया के हाथों बाहर होना पड़ा था। 1934, 1938, 1982 और 2006 में खिताब जीत चुकी इटली अब कम से कम 16 साल तक वर्ल्ड कप में एक भी मैच खेले बिना रह सकती है। टीम का खराब प्रदर्शन 2010 और 2014 वर्ल्ड कप से ही शुरू हो गया था, जहां वह ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ सकी थी। हालांकि, इटली ने 2021 में यूरोपीय चैम्पियनशिप जीतकर वापसी की झलक जरूर दिखाई थी। इटली का आखिरी वर्ल्ड कप नॉकआउट मैच 2006 में था, जब उसने फाइनल में फ्रांस को हराकर खिताब जीता था। 1958 के बाद यह पहली बार है जब इटली इतनी बार वर्ल्ड कप में क्वालीफाई करने में असफल रही है, जिससे टीम के प्रदर्शन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

# न्यूजीलैंड ने महिला वनडे में रचा इतिहास, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ा लक्ष्य किया हासिल



एजेंसी

**वेलिंग्टन :** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इतिहास रचते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ा सफल लक्ष्य हासिल कर लिया। बुधवार को वेलिंग्टन के बेसिन रिजर्व मैदान पर खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में न्यूजीलैंड ने 347 रनों का विशाल लक्ष्य दो गेंद शेष रहते और दो विकेट खोकर पूरा कर लिया। इस ऐतिहासिक जीत की नायिका टीम की कप्तान अमेलिया केर रहीं, जिन्होंने 139 गेंदों में नाबाद 179 रन की शानदार पारी खेली। उनकी इस पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने यह बड़ा लक्ष्य हासिल किया। इससे पहले महिला वनडे क्रिकेट में सबसे बड़े सफल लक्ष्य का रिकॉर्ड भारत के नाम था, जिसने 2025 में आईसीसी महिला विश्व कप के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 339 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया। महिला वनडे में सबसे बड़े सफल रन चेजः न्यूजीलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका – 347 रन (2026, वेलिंग्टन) भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया – 339 रन (2025, नवी मुंबई) ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत – 330 रन (2025, विशाखापट्टनम) श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड – 302 रन (2024, पोटचेफस्ट्रूम) ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड – 288 रन न्यूजीलैंड की इस जीत को महिला क्रिकेट के इतिहास की सबसे यादगार पारियों में गिना जा रहा है।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : हॉकी में छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक

**रायपुर :** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में आज बुधवार को रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में पुरुषों की हॉकी में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला गया। इसमें छत्तीसगढ़ ने मध्यप्रदेश को 14–6 से हरा कर कांस्य पदक जीता। मैच की शुरूआत से ही छत्तीसगढ़ की टीम आक्रामक नजर आई और लगातार गोल दागते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। मध्यप्रदेश की टीम ने भी मुकाबले में वापसी की कोशिश की, लेकिन छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के बेहतरीन समन्वय और तेज खेल के आगे टिक नहीं पाई। शानदार जीत के साथ छत्तीसगढ़ की टीम ने कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों का दिल जीत लिया और स्टेडियम में मौजूद खेल प्रेमियों ने जोरदार तालियों के साथ टीम का उत्साहवर्धन किया।

# भारतीय टीम का जुलाई में होगा जिम्बाब्वे दौरा, खेलेगी तीन टी-20 मैचों की सीरीज



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम जुलाई 2026 में जिम्बाब्वे दौरे पर तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। इस श्रृंखला के सभी मुकाबले हरारे स्थित हरारे स्पोर्ट्स क्लब में आयोजित किए जाएंगे। श्रृंखला की शुरूआत 23 जुलाई से होगी और चार दिनों के भीतर तीनों मैच संपन्न होंगे। भारतीय टीम का जिम्बाब्वे दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के बीच टीम प्रबंधन को नए और युवा खिलाड़ियों को मौका देने का अवसर मिल सकता है। इससे टीम संयोजन में बदलाव और नए चेहरों को परखने की संभावना भी रहेगी। भारत ने आखिरी बार वर्ष 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था, जहां दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला खेली गई थी।

**श्रृंखला का कार्यक्रम**

1. पहला टी-20 मैच – 23 जुलाई 2026 (गुरुवार), हरारे
2. दूसरा टी-20 मैच – 25 जुलाई 2026 (शनिवार), हरारे
3. तीसरा टी-20 मैच – 26 जुलाई 2026 (रविवार), हरारे

इस दौरे के बाद जिम्बाब्वे की टीम जनवरी 2027 में भारत का दौरा करेगी, जहां तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी। ये मुकाबले कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में आयोजित होंगे।

# अंडर-20 एशियाई कप फुटबॉल में जापान के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

एजेंसी

**थाईलैंड :** भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 में अपना अभियान जापान की मजबूत टीम के खिलाफ शुरू करेगी और इस टूर्नामेंट में खेलने के 20 साल के इंतजार को खत्म करेगी। भारत के लिए यह एक मैच से कहीं अधिक है क्योंकि टीम ने दो दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने शुरूआती मैच से पहले वास्तविकता और महत्वाकांक्षा दोनों पर जोर दिया। स्वीडन के कोच एलेक्जेंडरसन ने कहा, 'हमें अच्छी तरह पता है कि भारतीय टीम के साथ हम अभी इस माहौल में नए हैं। हम जानते हैं कि हमारा सामना मजबूत विरोधियों से है और हम उनका सम्मान करते हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन साथ ही हमारी सोच यह है कि हम इस ग्रुप से आगे बढ़ें और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करें। यह पूरे देश के लिए बहुत शानदार होगा।' इस टूर्नामेंट के लिए भारत की तैयारी बहुत विस्तृत और व्यवस्थित तरीके से हुई है। कजाखस्तान में खेले गए मैत्री मुकाबलों से लेकर स्वीडन में एक महीने तक चले ट्रेनिंग शिवर तक पूरा ध्यान एक ऐसी टीम बनाने पर रहा है जो बड़े स्तर की प्रतियोगिताओं की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो। कोच ने कहा, 'हम पिछले तीन महीने से लगातार एक साथ हैं।' एलेक्जेंडरसन ने कहा, 'हमने कजाखस्तान में कुछ मैत्री मैच खेले। हम एक महीने के शिविर के लिए स्वीडन भी गए और हमने उज्बेकिस्तान की टीम को भी भारत में आमंत्रित किया था।' उन्होंने कहा, 'तो हमारी तैयारी काफी अच्छी रही है। मुझे लगता है कि हम इस टूनामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। म्यांमार में हुए क्वालीफायर मुकाबलों के बाद से हमने बहुत ही एकाग्र होकर काम किया है। हमने तकनीकी, रणनीतिक और मानसिक हर तरह से एक टीम के तौर पर काफी सुधार किया है। हमें पूरा भरोसा है कि हमारी तैयारी ने हमें सबसे अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया है।' प्रतियोगिता के पहले मैच में भारत के सामने दुनिया की सबसे मजबूत टीम में से एक की चुनौती है। अंडर-20 एशियाई कप की रिकॉर्ड छह बार की चैंपियन जापान की टीम इस बार भी प्रबल दावेदार के तौर पर आई है और 2018 में विश्व चैंपियन भी बनी थी। मुख्य कोच अकीरा इजिरी ने अपनी टीम के इरादे साफ किए। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य साफ है। हम ग्रुप चरण से आगे बढ़कर विश्व कप जीतना चाहते हैं। इस लक्ष्य को पाने के लिए हम अपनी पूरी जान लगा देंगे।'

# डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने को विश्व के शीर्ष गोल्फर मैकइलरॉय तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विश्व के शीर्ष गोल्फ खिलाड़ियों में शामिल रोरी मैकइलरॉय एक बार फिर डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 15 से 18 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने दर्शकों के लिए टिकट पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी और करियर ग्रैंड स्लैम विजेता मैकइलरॉय ने पिछले सत्र में भारत में अपने पहले प्रदर्शन से दर्शकों को काफी प्रभावित किया था। अब वे 40 लाख अमेरिकी डॉलर की इस बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार भाग लेंगे।




मैकइलरॉय ने पिछले वर्ष ऑगस्टा नेशनल गोल्फ क्लब में यादगार जीत के साथ करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया था। इससे पहले वे 2011 के यूएस ओपन, 2012 और 2014 की पीजीए चैम्पियनशिप और 2014 के द ओपन में जीत दर्ज कर चुके हैं। उत्तरी आयरलैंड के इस स्टार खिलाड़ी का 2025 सत्र भी शानदार रहा, जिसमें उन्होंने आयरिश ओपन का खिताब दोबारा जीता और पीजीए टूर पर दो और जीत हासिल की। इसके अलावा उन्होंने यूरोप को राइडर कप में 2012 के बाद पहली बार विदेशी धरती पर जीत दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सातवीं बार रेस टू दुबई का खिताब भी अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में मैकइलरॉय के साथ दुनिया के अन्य शीर्ष खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। 2025 के विजेता टॉमी फ्लीटवुड भी दिल्ली में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। डीपी वर्ल्ड और डीपी वर्ल्ड टूर ने इस प्रतियोगिता की शुरूआत 2025 में की थी। यह टूनामेंट प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है और भारत में आयोजित डीपी वर्ल्ड टूर के किसी भी आयोजन का अब तक का सबसे बड़ा पुरस्कार धनराशि प्रदान करता है। मैकइलरॉय ने कहा कि उन्हें वैश्विक स्तर पर खेलने में हमेशा आनंद आता है और भारत में पिछले अनुभव को वे यादगार मानते हैं। उन्होंने भारतीय दर्शकों की सराहना करते हुए अक्टूबर में फिर से दिल्ली लौटने पर खुशी जताई। यह प्रतियोगिता भारत में गोल्फ के बढ़ते प्रभाव को दशार्ती है और देश को वैश्विक खेल मानचित्र पर और मजबूत बनाती है। टूर्नामेंट रेस टू दुबई के अंतिम चरण का अहम हिस्सा होगा, जिसका समापन नवंबर में दुबई में होगा।


## संक्षिप्त खबरें

### धीमी ओवर गति के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर लगा जुर्माना




**न्यू चंडीगढ़ :** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तहत धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान की गई। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह जुर्माना लगाया गया, क्योंकि पंजाब किंग्स की टीम निर्धारित समय सीमा में अपने ओवर पूरे करने में विफल रही। पहले बल्लेबाजी पारी लगभग दो घंटे तक चली, जबकि नियमों के अनुसार 20वां ओवर डेढ़ घंटे के भीतर शुरू होना चाहिए। मैच के दौरान पंजाब किंग्स ने कुल 14 अतिरिक्त रन दिए, जिनमें 11 वाइड और एक नो-बॉल शामिल रही। इससे पारी और लंबी हो गई। इसके चलते टीम को अंतिम ओवर में अतिरिक्त फील्डर को इनर सर्कल के भीतर रखना पड़ा, जिससे रणनीति पर भी असर पड़ा।

### आकाश चोपड़ा ने पंजाब किंग्स से हार के बताई गुजरात टाइटन्स की सबसे बड़ी कमजोरी




**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि गुजरात टाइटन्स कप्तान शुभमन गिल, जोस बटलर और साई सुदर्शन सहित शीर्ष तीन बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर है जिसके कारण टीम परेशानी में पड़ सकती है। पिछले कुछ सत्र में गुजरात टाइटन्स अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर रहा है और यह सिलसिला मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के उसके पहले मैच में भी जारी रहा। इस मैच में गुजरात के मध्य क्रम की कमजोरी एक बार फिर उजागर हो गई। चोपड़ा ने जियोस्टार पर कहा, 'गुजरात टाइटन्स के लिए शीर्ष तीन बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि वे खुद को कोई दूसरा उपाय खोजने का मौका नहीं दे रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'कई लोग शायद इस बात पर यकीन न करें लेकिन ग्लेन फिलिप्स के 25 रन वास्तव में आईपीएल में उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। उनसे और अधिक निरंतरता की उम्मीद की जाती है। वाशिंगटन सुंदर को भी तेजी से रन बनाने की जरूरत है।' चोपड़ा ने टीम के चयन और बल्लेबाजी क्रम पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'उन्होंने शाहरुख खान को टीम में बनाए रखा है, लेकिन मुझे लगता है कि कुमार कुशाग्र भी चयन के हकदार थे। गुजरात को अपने चौथे, पांचवें और छठे नंबर के बल्लेबाजों पर फिर से विचार करने की जरूरत है।' चोपड़ा ने गिल की कप्तानी की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, 'उनकी रणनीति समझ से परे है। जब मैच लगभग खत्म हो चुका था तब भी मोहम्मद सिराज के दो ओवर बचे थे और प्रसिद्ध कृष्णा को काफी देर से गेंदबाजी के लिए लाया गया। कुल मिलाकर शुभमन गिल की कप्तानी में कुछ कमियां नजर आई।'

### एमपीएल के अगले सीजन के लिए जबलपुर रॉयल लायंस ने बनाई संतुलित टीम

**जबलपुर :** जबलपुर रॉयल लायंस ने मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल टी-20) के आगामी सीजन से पहले खिलाड़ियों के ऑक्शन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। संतुलन, गहराई और मैच जीतने वाली बहुमुखी प्रतिभा पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक सुव्यवस्थित और प्रतिस्पर्धी टीम तैयार की गई है। 50 लाख रुपये के निर्धारित पर्स और अधिकतम 15 खिलाड़ियों की सीमा के भीतर काम करते हुए फ्रेंचाइजी ने सभी विभागों को मजबूत करने के लिए एक सटीक रणनीति अपनाई। ऑक्शन का एक मुख्य आकर्षण राहुल बाथम को 3 लाख रुपये में रिटेन (टीम में बरकरार रखना) करना रहा। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर राहुल बाथम पिछले सीजन में उप-कप्तान थे। राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन में भारत की अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके बाथम अपने साथ बहुमूल्य अनुभव, नेतृत्व और बेहतरीन ऑलराउंड क्षमता लेकर आते हैं। ऑक्शन में पुनीत दाते सबसे चर्चित नामों में से एक रहे, जिन्हें लेने के लिए कई फ्रेंचाइजी के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई। अंततः जबलपुर रॉयल लायंस उन्हें अपनी टीम में शामिल करने में सफल रही। इसके अतिरिक्त इंदौर और जबलपुर में आयोजित किए गए ट्रायल से दो और खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाएगा। ऑक्शन की रणनीति दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ बनाई गई थी, जिसमें अनुभवी प्रदर्शन करने वालों और उभरती हुई युवा प्रतिभाओं का सही संयोजन सुनिश्चित किया गया। प्रबंधन ने ऐसी टीम बनाने पर जोर दिया, जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों इकाइयों में अपनी ताकत बनाए रखते हुए मैच की विभिन्न स्थितियों के अनुसार खुद को ढाल सके। टीम के मालिक आयुष लालवानी ने कहा, हमने इस साल एक निडर टीम बनाने का लक्ष्य रखा था और जो संतुलन हमने हासिल किया है, हमें विश्वास है कि ट्रॉफी उठाने का यह हमारा सही मौका है। टीम पूरी दिख रही है और हम अपने प्रशंसकों से वादा करते हैं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और निडर होकर खेलेंगे। टीम के संयोजन पर जनरल मैनेजर लव मलिक ने कहा, रहमारा उद्देश्य एक ऐसी संतुलित टीम बनाना था, जिसमें ऐसे खिलाड़ी हों, जो कई भूमिकाओं में योगदान दे सकें। ऑक्शन जिस तरह से हुआ, उससे हम खुश हैं और हमें विश्वास है कि हमने एक ऐसी इकाई तैयार की है, जो पूरे सीजन में मजबूती से प्रतिस्पर्धा कर सकती है।

### हांगकांग पर जीत के बाद फीफा रैंकिंग में भारत की लंबी छलांग, 5 स्थान ऊपर पहुंचा

**नई दिल्ली :** भारतीय फुटबॉल टीम ने हांगकांग पर 2–1 की जीत के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) की रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाई है। भारतीय टीम अब 141वें स्थान से 136वें स्थान पर पहुंच गई है। यह उछाल एशिया में संयुक्त रूप से तीसरा सबसे बड़ा सुधार है, जिसमें म्यांमार और लाओस भी शामिल हैं। हांगकांग के खिलाफ मैच में रयान विलियम्स और आकाश मिश्रा ने क्रमशः पहले और दूसरे हाफ में गोल कर भारत को जीत दिलाई। यह खालिद जमील के मुख्य कोच बनने के बाद घरेलू मैदान पर पहली जीत भी रही। हालांकि, इस जीत के बावजूद भारत एशियाई फुटबॉल परिसंघ एशियाई कप 2027 के अर्हता दौर से आगे नहीं बढ़ सका और 11 साल में पहली बार इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। भारत ने अर्हता दौर में छह मैचों से पांच अंक लेकर अपने ग्रुप में अंतिम स्थान हासिल किया। टीम बांग्लादेश की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम (5 अंक), हांगकांग की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम (8 अंक) और सिंगापुर की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम (14 अंक) से पीछे रही। गौरतलब है कि भारत की अब तक की सबसे खराब फीफा रैंकिंग मार्च 2015 में 173 रही है।

## एक नजर

### ओडिशा में विधायकों के वेतन वृद्धि से जुड़े चार विधेयक वापस

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में विधायकों, मंत्रियों, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के वेतन वृद्धि से संबंधित चारों विधेयकों को अंततः राज्य सरकार ने वापस ले लिया है। इन विधेयकों की वापसी का निर्णय विधानसभा में सर्वसम्मति से लिया गया। संसदीय कार्य मंत्री मुकेश महालिंग ने मंगलवार को विधानसभा में इन चारों विधेयकों को वापस लेने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे वॉयस वोट से मंजूरी दे दी गई। उन्होंने बताया कि यद्यपि विधेयक पहले सर्वसम्मति से पारित हुए थे, लेकिन बाद में कई सदस्यों ने इसमें पुनर्विचार की आवश्यकता जताई। सरकार ने सदस्यों की राय को ध्यान में रखते हुए विधेयकों को वापस लेने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि ये विधेयक पिछले शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। उस समय सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने एक स्वर में इसका समर्थन किया था। हालांकि, बाद में इन विधेयकों में प्रस्तावित वेतन और भत्तों में एकमुश्त वृद्धि को लेकर व्यापक प्रतिक्रिया सामने आई।

### अवैध हथियारों के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने अवैध हथियारों के साथ घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, बटनदार चाकू और एक कार बरामद की गई है। पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को बताया कि हाल के दिनों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को देखते हुए जिले में विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और खुफिया सूचना के आधार पर टीम को पता चला कि कुछ युवक हथियारों के साथ इलाके में घूम रहे हैं और किसी वारदात की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर जितेंद्र मलिक के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया और संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली। कार में सवार दोनों युवकों को मौके पर ही दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध हथियार बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विशाल उर्फ तुस्सू (20) निवासी त्रिलोकपुरी और अनुराग उर्फ बुधी (21) निवासी कल्याणपुरी के रूप में हुई है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि दोनों किसी संगीन अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे थे, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से उनकी साजिश नाकाम हो गई।

### कोलकाता में ईडी का छापा, कारोबारी सोना पप्पू के ठिकानों पर कार्रवाई

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बुधवार सुबह कोलकाता के कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी अभियान चलाया गया। इनमें दक्षिण कोलकाता के कसबा इलाके के कारोबारी विश्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू का आवास भी शामिल है। इसके अलावा बालीगंज स्थित एक कंपनी के कार्यालय सहित कई जगहों पर भी तलाशी ली गई। ईडी सूत्रों के अनुसार सोना पप्पू के खिलाफ पहले से ही कई प्राथमिकी दर्ज हैं। उन पर वसूली, धमकी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के आरोप हैं। इनमें से चार-पांच मामलों पर पिछले कुछ दिनों से जांच चल रही थी, जिसके बाद बुधवार को यह कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक सुबह लगभग सात बजे ईडी अधिकारी फर्न रोड स्थित उनके घर पहुंचे। इस दौरान केंद्रीय बल के जवान भी मौजूद रहे।

# दिल्ली के महापौर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, जांच जारी

एजेंसी



**नई दिल्ली :** दिल्ली के सिविक सेंटर स्थित महापौर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं और सिविक सेंटर परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। कई घंटों तक चले इस अभियान के दौरान कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि सामने नहीं आई। आगे की जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक धमकी भरा ई-मेल मिलने के तुरंत बाद कमला मार्केट थाना पुलिस ने बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड के साथ मिलकर सिविक सेंटर में सघन तलाशी अभियान चलाया। जांच के दौरान परिसर के हर कोने को बारीकी से खंगाला गया। पुलिस टीम ने पार्किंग एरिया, बेसमेंट, मेयर कार्यालय सहित अन्य सभी दफ्तरों में क्रमवार जांच की। सुरक्षा एजेंसियों ने किसी भी संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए पूरी प्रक्रिया को बेहद सावधानी और व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया। कई घंटों तक चली इस जांच के दौरान कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि सामने नहीं आई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शुरूआती जांच में यह धमकी अफवाह या शरारती तत्व की करतूत प्रतीत हो रही है। हालांकि, ईमेल भेजने वाले की पहचान करने के लिए साइबर स्तर पर जांच शुरू कर दी गई है। घटना के बाद सिविक सेंटर की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों को विशेष रूप से ब्रीफ किया गया है और सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्हें परिसर में आने-जाने वाले हर व्यक्ति की सख्ती से जांच करने, बिना सत्यापन के प्रवेश न देने और सीसीटीवी कैमरों के जरिए लगातार निगरानी रखने को कहा गया है। इसके अलावा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जा चुके हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। फिलहाल सिविक सेंटर में कामकाज सामान्य रूप से जारी है।उधर, दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने इस धमकी को लेकर चिंता जतायी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चार इंजन की सरकार होने के बाद भी शहर के प्रथम नागरिक भी सुरक्षित नहीं। नारंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि चार इंजन सरकार में दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था फेल हो गई है, दिल्ली महापौर तक सुरक्षित नहीं। उल्लेखनीय है कि इसके पहले हाल ही में दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। यह धमकी भरा मेल विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही के बीच आया था। धमकी भरा मेल मिलते ही दिल्ली पुलिस और डॉग स्क्वाड की टीम ने विधानसभा परिसर की गहन जांच की थी, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था।

## देश में तेल की कीमतें स्थिर, सरकार ने दिया पर्याप्त आपूर्ति का भरोसा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और अगले दो महीनों के लिए क्रूड ऑयल आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बुधवार को अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में मची उथल-पुथल के बीच भारत सरकार ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी उछाल के बावजूद भारत ने अपनी ईंधन और कृषि आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह सुरक्षित रखा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक गैस के संबंध में घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी परिवहन के लिए 100 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने पीएनजी नेटवर्क का विस्तार करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि मार्च महीने में लगभग 3,25,000 कनेक्शनों को गैस की आपूर्ति की गई। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव से घरेलू उपभोक्ताओं को बचाने के लिए भारत सरकार ने ईंधन की कीमतों में किसी भी बढ़ोतरी को रोकने के लिए एक्साइज ड्यूटी कम कर दी है। इन कोशिशों के जरिए पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रखी गई हैं, जिसके चलते सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस मार्केटिंग कंपनियों को दोनों ईंधनों पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि घरेलू बाजार में एफटीए और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने एक्सपोर्ट लेवी भी लगाई है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे घबराहट में खरीदारी न करें।

## असम की वर्तमान सरकार महिलाओं की प्रगति नहीं चाहती : प्रियंका गांधी

एजेंसी



**असम :** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को असम की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि राज्य की सरकार महिलाओं को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहती और महिला सशक्तिकरण की योजनाएं भी जमीनी स्तर पर प्रभावी नहीं हैं। नाजीरा के मेकिपुर पूजा मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ह्यअरुणोदयह्ल जैसी योजनाएं वास्तव में महिलाओं को कोई ठोस लाभ नहीं पहुंचा पाई हैं। उन्होंने दावा किया कि इन योजनाओं के बावजूद राज्य की महिलाएं अब भी कई समस्याओं से जूझ रही हैं। कांग्रेस उम्मीदवार देवव्रत सैकिया के समर्थन में नाजीरा में प्रचार करते हुए प्रियंका गांधी ने खोवांग में असम जातीय परिषद (एजेपी) नेता लुरिनज्योति गोगोई और टिंगखोंग में कांग्रेस उम्मीदवार बिपुल गोगोई के पक्ष में भी चुनावी सभाएं कीं। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जुबीन गर्ग को न्याय दिलाना उनकी जिम्मेदारी है और इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। चाय बागान श्रमिकों का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी मजदूरी आज तक नहीं बढ़ाई गई है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है और पूरे शासनकाल में भ्रष्टाचार ही देखने को मिला है। विधानसभा चुनाव से पहले उनके इन बयानों से राज्य की राजनीति और गर्मा गई है।

## किडनी रैकेट की जांच की आंच अन्य जिलों तक पहुंची, अन्य कई डॉक्टरों की तलाश में पुलिस

एजेंसी



**कानपुर :** महानगर में अंतरराष्ट्रीय किडनी तस्करी के मामले की जांच में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं और कई अन्य डॉक्टरों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। रावतपुर और कल्याणपुर क्षेत्र स्थित प्राइवेट अस्पताल से जुड़े इस पूरे प्रकरण में अब अन्य जिलों के अस्पतालों की संभावित संलिप्तता की भी जांच के दायरे में आ गए हैं। पुलिस पूछताछ में मिले नए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी ने बुधवार को बताया कि अब तक इस मामले में छह आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है लेकिन जांच के दौरान कुछ अन्य डॉक्टरों और सहयोगियों के नाम भी सामने आए हैं। इनमें से कई आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि गिरोह का नेटवर्क पहले से कहीं अधिक व्यापक हो सकता है, इसलिए अन्य जनपदों के अस्पतालों को भी जांच के दायरे में लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकरण में किडनी बेचने वाले दो व्यक्तियों से भी विस्तृत पूछताछ की गई है, जिससे कई नए तथ्य सामने आए हैं। इन तथ्यों के आधार पर पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। दोनों डोनर्स का फिलहाल उपचार जारी है, उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उनके परिजनों को भी इसकी सूचना दे दी गई है। जांच में यह भी सामने आया है कि किडनी देने वाला एक युवक देहरादून का रहने वाला एमबीए छात्र है। उसने आर्थिक तंगी और फीस जमा करने के दबाव में यह कदम उठाया। यह खुलासा इस पूरे रैकेट के उस कड़वे सच को उजागर करता है, जिसमें मजबूरी और पैसों का लालच मिलकर लोगों को इस अवैध जाल में धकेल देते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और हर पहलू को ध्यान में रखते हुए विवेचनात्मक कार्रवाई जारी है। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी और नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इससे पहले पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में कल्याणपुर और रावतपुर स्थित अहूजा, प्रिया और मिड लाइफ अस्पतालों पर छापेमारी कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। मौके से नकदी और बड़ी मात्रा में संदिग्ध दवाइयां बरामद की गई थीं।

### उपराष्ट्रपति ने 'टाइड्स ऑफ टाइम' पुस्तक का किया विमोचन

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को यहां संविधान सदन में राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति द्वारा लिखित पुस्तक टाइड्स ऑफ टाइमः संसद में भितिचित्रों के माध्यम से भारत का इतिहास का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने संसद में बने भित्ति चित्रों को भारत की समृद्ध सभ्यतागत विरासत का जीवंत प्रतिबिंब बताया और भारत को लोकतंत्र की जननी कहा। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति राधाकृष्णन ने कहा कि संविधान सदन में स्थापित भित्ति चित्र केवल कला कृतियां नहीं हैं, बल्कि वे भारत की हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत यात्रा को दशार्ने वाली दृश्य कथाएं हैं। उन्होंने लेखिका सुधा मूर्ति की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इन चित्रों की कालातीत सुंदरता और गहरे प्रतीकवाद को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है, जिससे इतिहास को नई पीढ़ियों के करीब लाने में मदद मिलेगी।

## धार्मिक शिक्षा के मसले पर हिंदुओं द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों को मिले अल्पसंख्यक संस्थानों की तरह अधिकार : डॉ दिनेश शर्मा



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि धार्मिक शिक्षा के मसले पर हिंदुओं द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों को अल्पसंख्यक संस्थानों की तरह ही संचालित करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। उनका कहना था कि संविधान ने सभी नागरिकों को समानता का अधिकार दिया है पर धार्मिक ग्रंथों के विषय में जहाँ एक ओर अल्पसंख्यक संस्थान सरकारी सहायता लेने के बाद भी अपने संस्थानों में धार्मिक शिक्षा दे सकते है वही दूसरी ओर हिंदू शैक्षिक संस्थानों को ऐसा करने से रोका जाता है। इस अंतर को खत्म करने के लिए सभी को एक समान संस्थागत स्वायत्तता सुनिश्चित की जानी चाहिए। सांसद ने आज राज्यसभा के शून्य काल में सदन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अनुच्छेद 29-30 के कारण व्यावहारिक असमानता पैदा हो गई है। अल्पसंख्यको को अनुच्छेद 30(1) के तहत अपनी पसंद के संस्थान चलाने एवं धार्मिक शिक्षा देने का अधिकार है लेकिन हिंदू संस्थान इस मौलिक अधिकार से व्यावहारिक रूप से वंचित है। इस कड़ी में शिक्षा का अधिकार अधिनियम से जहाँ अल्पसंख्यक संस्थानों को छूट मिल रही है वहीं हिंदू संस्थानों पर ये नियम प्रशासनिक और आर्थिक बोझ के रूप में लागू होता है। उनका कहना था कि सरकारी हस्तक्षेप से बचने के लिए ही राम कृष्ण मिशन ने अपने स्कूलों को अल्पसंख्यक दर्जा दिलाने का असफल प्रयास किया था।आर्य समाज द्वारा संचालित डीएवी एवं कर्नाटक के लिंगायत समुदाय द्वारा संचालित संस्थानों ने भी सरकारी हस्तक्षेप से बचने के लिए ऐसा ही असफल प्रयास किया था। डॉ शर्मा ने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के मामले में भी गहरा असंतुलन है। अल्पसंख्यक संस्थान के तहत आने वाले सरकारी सहायता प्राप्त मदरसे कुरान की और मिशनरी संस्था बाइबिल की शिक्षा दे सकते हैं पर हिंदू संस्थानों को वेद अथवा गीता पढ़ाने पर धर्मनिरपेक्षता की चुनौती का सामना करना पड़ता है। सरकारी सहायता प्राप्त करने वाले हिंदू संस्थानों को तो ऐसा करने से रोका जाता है। यह किसी के विरोध का विषय नहीं है बल्कि यह हिंदू शैक्षिक संस्थाओं को भी समान अधिकार देने का है। उनका कहना था कि अब एक देश एक विधान के तहत संस्थागत स्वायत्तता सबके लिए हो।अनुच्छेद 29,30 में संशोधन कर अल्पसंख्यक के स्थान पर सभी नागरिकों को शामिल करते हुए धार्मिक शिक्षा पर सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किया जाए ।सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि उनका यह वक्तव्य अथवा मांग को हिंदू मुस्लिम धर्म या संप्रदाय की दृष्टि से ना देखा जाए, इसमें किसी के अधिकार लेने की बात नहीं है बल्कि हिंदू शैक्षिक संस्थाओं को भी वही अधिकार दिए जाने की मांग है। राज्यसभा में प्रश्न उठाए जाने पर 17 अन्य सांसदों ने उपरोक्त वक्तव्य के साथ अपने को एसोसिएट किया। और भारी करतल ध्वनि से विचारों का स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्लिंकइट ने मुंबई एयरपोर्ट पर देश की पहली इन-टर्मिनल क्विक कॉमर्स सर्विस लॉन्च की

**मुंबई :** क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकइट ने एयरपोर्ट पर अनोखी सर्विस की शुरूआत की है। ब्लिंकइट ने अडाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के साथ साझेदारी में महाराष्ट्र के मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के टर्मिनल 2 पर देश की पहली इन-टर्मिनल क्विक कॉमर्स सेवा लॉन्च की है। यह विश्व में किसी एयरपोर्ट के अंदर पहली बार दी जा रही ऐसी सर्विस है। ब्लिंकइट ने बताया कि इस नई सर्विस के जरिए टर्मिनल 2 के यात्री 2500 से ज्यादा प्रोडक्ट्स ऑर्डर कर सकते हैं। इसमें फोन चार्जर, किताबें, गिफ्ट आइटम, स्नैक्स और रोजमर्रा की जरूरत की चीजें शामिल हैं। कंपनी ने बातया कि पहली बार दुनिया के किसी एयरपोर्ट के अंदर इस तरह की क्विक डिलीवरी सुविधा शुरू की गई है। पैसेंजर ब्लिंकइट ऐप के जरिए जरूरी चीजें ऑर्डर करके टर्मिनल के अंदर अपनी लोकेशन पर डिलीवर करवा सकते हैं, जिसमें बोर्डिंग गेट, लाउंज, फूड कोर्ट और कुछ पार्टनर आउटलेट शामिल हैं। डिलीवरी ट्रेंड ऑन-ग्राउंड स्टाफ करते हैं, जिससे ट्रैवल टाइमलाइन में कोई रुकावट डाले बिना एक आसान और सुरक्षित अनुभव मिलता है। कंपनी ने कहा कि यह सर्विस एयरपोर्ट रिटेल में एक्सेसिबिलिटी और अफोर्डेबिलिटी का एक नया लेवल भी लाती है, जिससे यात्रियों को समय और जगह की आम रुकावटों के बिना ज्यादा चॉइस मिलती है। इसका मतलब है कि अब यात्री फ्लाइट पकड़ने से पहले अपनी जरूरत का सामान मिनटों में मंगा सकते हैं। डिपार्चर में जल्दबाजी करने वाले यात्रियों के लिए, भूला हुआ चार्जर, झटपट नाश्ता या पानी की बोतल भी अब बस एक टैप दूर हो सकती है।

### ईडी समन मामले में बरी करने के खिलाफ ईडी की अर्जी पर केजरीवाल को हाई कोर्ट का नोटिस




**नई दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में समन पर पेश नहीं होने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जारी समन के मामले में बरी करने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को करने का आदेश दिया। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 जनवरी को केजरीवाल को इस मामले में बरी कर दिया था। राऊज एवेन्यू कोर्ट के इसी आदेश को ईडी ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। दरअसल, ईडी ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए जारी समन पर पेश न होने के चलते दो शिकायतें कोर्ट में दाखिल की थी। केजरीवाल के खिलाफ ये मामला ईडी के समन की अवहेलना करने का है। ये शिकायत केजरीवाल के खिलाफ उनकी गिरफ्तारी से पहले दायर की थी। दिल्ली आबकारी घोटाला के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जुड़े मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को केजरीवाल समेत 23 आरोपितों को बरी करने का आदेश दिया था। इस फैसले को सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट की ओर से सीबीआई पर किए गए प्रतिकूल टिप्पणियों पर रोक लगा दी थी।

### एनएच-27 पर ट्रॉमा केयर मजबूत : सेवलाइफ फाउंडेशन ने सीएचसी कुचायकोट को किया अपग्रेड




**गोपालगंज :** सेवलाइफ फाउंडेशन भारत में दुर्घटना के बाद उपलब्ध आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मुहिम में लगा हुआ है। इसके तहत सेवलाइफ ने आज आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के सहयोग और स्वास्थ्य विभाग, गोपालगंज के साथ साझेदारी में एनएच 27 के गोपालगंज-कोटवा खंड पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुचायकोट में ट्रॉमा केयर की बुनियादी व्यवस्था को अपग्रेड किया। यह पहल जीरो फैटैलिटी सॉल्यूशंस (जेडएफएस) प्रोग्राम के तहत की गई है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना के दौरान पीड़ितों को समय पर उचित और असरदार उपचार देने के लिए जरूरी ट्रॉमा केयर संसाधनों के साथ इस स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करना है। सीएचसी कुचायकोट को अपग्रेड करने के लिए महत्वपूर्ण चिकित्सा संसाधनों की आपूर्ति की गई है, जो ट्रॉमा के मरीजों को एयरवे मैनेजमेंट, सांस लेने में सहायता, रक्तस्राव नियंत्रण और पूरी तरह से पुनर्जीवित और स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर रखने के लिए आवश्यक हैं। बेहतर सुविधाओं के साथ इस स्वास्थ्य केंद्र को ह्यट्रॉमा स्टैबलाइजेशन सेंटरह्ल के रूप में मजबूत किया गया है। इस प्रयास से सड़क दुर्घटना से संबंधित पीड़ितों को गोल्डन आवर में उचित और जीवन रक्षक उपचार मिलना सुनिश्चित होगा। सड़क दुर्घटना के दौरान पीड़ितों को समय पर सही उपचार मिलने से मृत्यु और दीर्घकालिक अपंगता के मामले कम होते हैं। विशेषकर एनएच 27 जैसी अधिक दुर्घटना संभावित सड़कों पर जल्द चिकित्सा उपचार मिलने से दुर्घटना पीड़ितों के जीवित बचने की संभावनाएं बहुत बढ़ जाती हैं। इस पहल पर सीएचसी कुचायकोट के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. श्याम सुंदर ने कहा: हमारा स्वास्थ्य केंद्र एक व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे है। इसलिए यहां अक्सर ट्रॉमा के मरीज आते हैं, जिन्हें तत्काल उपचार मिलना जरूरी होता है। हमारे सीएचसी को ट्रॉमा केयर उपकरणों के साथ अपग्रेड किए जाने से ऐसे मरीजों को समय पर स्टैबलाइज करने और सटीक उपचार करने की हमारी क्षमता बहुत बढ़ जाएगी। मरीजों के उपचार के बेहतर परिणाम मिलेंगे और उनकी जान बचाने में यह बहुत महत्वपूर्ण सहयोग होगा। इस पहल के बारे में सेवलाइफ फाउंडेशन के फाउंडर और सीईओ पीयूष तिवारी ने बताया, भारत में सड़क दुर्घटना में बड़ी संख्या में लोग इसलिए दम तोड़ देते हैं, क्योंकि उन्हें समय पर और उचित उपचार नहीं मिलता है। इस कमी को दूर करने के लिए यह जरूरी है कि अधिक दुर्घटना संभावित सड़कों की खतरनाक जगहों पर ट्रॉमा केयर की मजबूत व्यवस्था की जाए। सीएचसी कुचायकोट को अपग्रेड करने का मकसद ऐसे पीड़ितों को ह्यगोल्डन आवरह्ल में तुरंत स्टैबलाइज किया जाना है जिससे उनके जीवित बचने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। हम अपने जीरो फैटैलिटी सॉल्यूशन्स के माध्यम से सड़क दुर्घटना के हर चरण में जानें बचाने में सक्षम सिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस मुहिम में निरंतर सहयोग देने के लिए हम स्वास्थ्य विभाग, गोपालगंज के आभारी हैं। गोपालगंज में हमारी यह पहल ट्रॉमा केयर सिस्टम में तत्परता बढ़ाने की ओर एक और कदम है। इससे भारत में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मृत्यु और गंभीर रूप से जख्मी होने का बोझ कम होगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**